धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, मंगलवार
26.11.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

khabarmantralive.com

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, एकादशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 134



12 मल्लिका शेहरावत का बायफ्रेंड से ब्रेकअप

## ऐतिहासिक! भारत ने पर्थ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हराया

### कंगारुओं का घमंड तोड़ा, रनों के हिसाब से सबसे बड़ी जीत




**पर्थ।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पर्थ ऑप्टस स्टेडियम में खेले जा रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में भारत ने 295 रनों की ऐतिहासिक जीत दर्ज की। रनों के हिसाब से यब सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले भारत को ऑस्ट्रेलिया में सबसे बड़ी जीत 30 दिसंबर, 1977 को मेलबर्न में मिली थी, जब 222 रनों से जीता था। एक और बड़ी जीत 26 दिसंबर, 2018 को मेलबर्न में ही मिली थी, जहां भारत ने आस्ट्रेलिया को 137 रनों से हराया था। पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में आस्ट्रेलिया की यह पहली हार है।

**टेस्ट रैंकिंग में भारत नंबर वन :** इस शानदार जीत के साथ ही इसके साथ ही टीम इंडिया, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गयी। ऑस्ट्रेलिया को फिर से नंबर 2 पर धकेल दिया। श्रीलंका तीसरे, न्यूजीलैंड चौथे, साउथ अफ्रीका 5वें, इंग्लैंड छठे और पाकिस्तान 7वें स्थान पर हैं।

**कई रिकार्ड बनाये :** इस जीत के साथ ही भारत ने कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम कर लिये। ऑस्ट्रेलिया में रनों के आधार पर भारत की सबसे बड़ी जीत। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की दूसरी सबसे बड़ी टेस्ट जीत। रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत भारत को 2008 में मोहाली में मिली थी, जहां भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 320 रनों से हराया था। वहीं पर्थ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की अपने घर में टेस्ट क्रिकेट में रनों के आधार पर मिली छठी सबसे बड़ी हार है।

### पर्थ टेस्ट का हाल

**भारत** : 150 और 478 (घोषित)
**ऑस्ट्रेलिया** : 104 और 238
**शतकवीर** : यशस्वी जायसवाल : 161, विराट कोहली : 100
**बुमराह** : 5 + 3 कुल आठ विकेट (**मैन ऑफ द मैच**)



## राजतिलक की तैयारी : 28 को 11.30 बजे हेमंत की चौथी ताजपोशी

# शपथ लेते ही वादे पूरे करने लगेगी सरकार : झामुमो

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के चौथीबार झारखंड के सीएम पद की शपथ लेने जा रहे हैं। 28 नवंबर की सुबह 11.30 बजे झारखंड की नयी सरकार शपथ लेगी। इसकी तैयारी तेज कर दी गयी है। शपथ ग्रहण समारोह में ब्लॉक के तमाम बड़े नेता शामिल होंगे। राहुल गांधी, बंगाल की सीएम ममता बनजी, राजद नेता तेजस्वी समेत अनेक नेताओं को निमंत्रण पत्र झेजा गया है। इस बीच झारखंड मुक्ति मोरचा ने कहा है कि नयी सरकार शपथ लेते ही चुनाव से पूर्व गठबंधन की ओर से किये गये सभी वायदे पूरे करने में जुट जायेगी। गठबंधन नेताओं का कहना है कि इस बार का शपथ ग्रहण समारोह और नयी सरकार का कार्यकाल भी ऐतिहासिक होगा।

**सभी वायदे पूरे करेंगे :** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 28 हेमंत सोरेन के नेतृत्व में नई सरकार का गठन कर लिया जायेगा। इसके साथ ही ये सरकार किये गये वादों को पूरा करने में लग जायेगी। वह पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस शपथ ग्रहण समारोह के लिए पीएम मोदी, असम के सीएम हिमंता विस्वा सरमा को निमंत्रण पत्र भेंजेंगे। वे हमारे मुख्य अतिथि होंगे।



### मुख्य सचिव ने तैयारियों की समीक्षा की

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में 28 को होने वाले शपथ समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। इसे लेकर कई दिशा-निर्देश भी दिए। शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन का जिम्मा रांची जिला प्रशासन को सौंपा गया है। इसके लिए रांची डीसी वरुण रंजन को कई दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं। कैबिनेट कोर्डिनेशन डिपार्टमेंट इस पूरे आयोजन की मॉनिटिरिंग करेगा। इसी के तहत सोमवार को रांची के उपायुक्त वरुण रंजन और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मोरहाबादी स्थित मैदान का जायजा लिया। समारोह की सभी तैयारियां युद्दस्तर पर जारी है।

### कौन-कौन मंत्री ले सकते हैं शपथ

मंत्री पद को ले कर कांग्रेस-झामुमो और राजद तीनों पार्टियों में लॉबिंग तेज है। झामुमो से मंत्री पद के दावेदार रांची के पदाधिकारियों का फोन घनघना रहे हैं, तो वहीं कांग्रेस के मंत्री पद के दावेदार रांची से लेकर दिल्ली तक के पदाधिकारियों के संपर्क में हैं। कोल्हान से इस बार दो मंत्री बनाये जाने की संभावना है। जानकारों के अनुसार दीपक बिरुआ (चाईबासा) और रामदास सोरेन (घाटशिला) पर हेमंत भरोसा जता सकते हैं। दोनों हेमंत के कैबिनेट में बतौर मंत्री रह चुके हैं। वहीं अल्पसंख्यक समुदाय से हफिजुल हसन को रिपीट किया जा सकता है। वहीं संथाल से दूसरा मंत्री स्टीफन मरांडी या फिर लुईस मरांडी को बनाया जा सकता है। वहीं महतो फोल्डर से मथुरा महतो या योगेंद्र प्रसाद महतो में से किसी एक को मौका मिल सकता है। झामुमो से सात का नाम रेस में है। इनमें से किसी पांच पर मुहर लगने की संभावना है। कांग्रेस कोटे से चार मंत्री हो सकते हैं। इरफान अंसारी का नाम तय माना जा रहा है। संथाल से दो और नाम दीपिका पांडेय सिंह और प्रदीप यादव जोर लगा रहे हैं। अगड़ी जाती कोटे जयमंगल सिंह उर्फ अनुप सिंह का नाम आगे चल रहा है। आदिवासी क्रिश्चन समुदाय से रामेश्वर उरांव और राजेश कच्छप कोई एक हो सकते हैं। वहीं राजद चारों के चारों विधायक अपने आप को रेस में बनाए हुए हैं। लालू परिवार ने सुरेश पासवान का नाम मोटामोटी तय कर दिया है।

## न्यूज डायरी

### रांची में महिला ने की खुदकुशी

**रांची।** राजधानी के लोअर बाजार थाना क्षेत्र के पत्थलकुदवा में किराये के मकान में रहने वाली एक महिला ने फंदे से लटकर खुदकुशी कर ली। महिला का शिनाख्त सीमा परवीन के रूप की गयी। महिला का सोहराम के साथ विवाह हुआ था। उसके दो बच्चे भी हुए। बाद में त्तालाक हो गया। महिला तीन साल से अजीम के साथ लिव इन रिलेशनशिप में थी। अजीम ने शादी से इनकार किया। आशंका है कि प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने खुदकुशी कर ली है।

### संभल हिंसा : स्कूल-कालेज व इंटरनेट बंद

**लखनऊ।** संभल में शाही जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर हिंसक विरोध प्रदर्शन जारी है। हिंसा में एक विशेष पक्ष चार लोगों की मौत से लोग और उत्तेजित हैं। हिंसा पर रोक को ले कर प्रशासन ने कई तरह की पाबंदियां लगा दी है। संभल में एक दिसंबर तक बाहरी व्यक्ति, सामाजिक संगठन और जनप्रतिनिधि के प्रवेश पर रोक लगा दी गयी है।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 71900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 92000 रु./प्रति किलो |




## अडाणी मामले पर संसद में भारी हंगामा, कार्यवाही स्थगित

# खारिज लोग हुड़दंगबाजी से संसद नियंत्रित करना चाहते हैं : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अडाणी समूह के खिलाफ अमेरिका के रिश्वतखोरी के आरोपों के मुद्दे पर चर्चा की मांग खारिज किये जाने के बाद सोमवार को संसद के दोनों सदनों राज्यसभा और लोकसभा में विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। लगातार हंगामा और सदन की कार्यवाही में व्यवधान के कारण कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गयी। इससे पूर्व पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन्हें लोगों ने 80-90 बार खारिज कर दिया है, वे अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए हुड़दंगबाजी का सहारा लेकर संसद को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं। शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले पीएम मोदी ने सभी राजनीतिक दलों से सत्र के दौरान स्वस्थ चर्चा का आह्वान भी किया था। हंगामे के पूर्व सदन में दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि भी दी गयी।



**ऐसा आचरण करें, भारत का मान बढ़े :** मोदी ने कहा, हमारे संविधान की महत्वपूर्ण इकाई हैं - संसद और हमारे सांसद। संसद में स्वस्थ चर्चा हो, ज्यादा से ज्यादा लोग चर्चा में अपना योगदान दें। मोदी ने कहा कि आज विश्व भारत की तरफ बहुत आशा भरी नजर से देख रहा है, इसलिए संसद के समय का उपयोग वैश्विक स्तर पर भारत के बढ़े हुए सम्मान को बल प्रदान करने में भी किया जाना चाहिए।उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से कुछ लोग अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए... मुट्ठी भर लोग... हुड़दंगबाजी से संसद को नियंत्रित करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। उनका अपना मकसद तो सफल नहीं होता, लेकिन देश की जनता उनके सारे व्यवहार को बारीकी से देखती है और जब समय आता है तो उन्हें सजा भी देती है। उन्होंने कहा कि संसद का यह सत्र अनेक प्रकार से विशेष है और सबसे बड़ी बात यह है कि हमारे संविधान की यात्रा का 75वें साल में प्रवेश अपने आप में लोकतंत्र के लिए एक बहुत ही उज्जवल अवसर है।

## राज्यपाल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखा पत्र, कहा

# आदिवासी जमीन का हस्तांतरण अत्यंत गंभीर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। पत्र में राज्यपाल ने खासकर संथाल परगना का जिक्र किया है। इसमें कहा है कि संथाल परगरना में एसपीटी एक्ट लागू है, बावजूद इसके वहां बड़े पैमाने पर सादे दानपत्र और शपथ पत्र के आधार पर आदिवासी भूमि का हस्तांतरण हो रहा है। यह अत्यंत गंभीर बात है। राज्यपाल ने अपने पत्र में सीएम को लिखा है कि शिड्यूल एरिया में आदिवासियों के हितों और भूमि की रक्षा के लिए राज्यपाल को विशेष दायित्व दिया गया है। इस कारण राज्यपाल ने सीएम से अनुरोध किया है कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए संथाल के इलाके में हो रहे अवैध कार्यों पर रोक लगायी जाये। राज्यपाल ने एसपीटी के प्रावधानों के शत-प्रतिशत अनुपालन की भी बात कही है।





### कई रिर्पोट का भी दिया हवाला

राज्यपाल ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की रिर्पोट का हवाला देते हुए कहा है कि संथाल में घुसपैठ के कारण सांस्कृतिक, धार्मिक और परंपरागत संस्थानों में परिवर्तन हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों की गोटर भूमि पर हुई अवैध तरीके से धार्मिक स्थल बनाये जा रहे हैं। अवांछित तत्वों द्वारा पंचायतों के संसाधनों को अपने नियंत्रण में लिया जा रहा है। एसटी-एससी अत्याचार अधिनियम के तहत दर्ज मामलों पर पुलिस भी संज्ञान नहीं ले रही है। इससे वहां के आदिवासियों को न्याय नहीं मिल पा रहा है।

## चाईबासा में नक्सलियों ने की दो की निर्मम हत्या

**रांची।** चाईबासा में नक्सलियों ने दो लोगों की निर्मम हत्या कर दी है। यह मामला गुदड़ी थाना क्षेत्र के गीरू गांव की है, जहां ने नक्सलियों ने धारदार हथियार से दो लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी है। दो लोगों के अपहरण की भी खबर है। मृतकों में एक का नाम रवि पान है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने दो की हत्या की पुष्टि की है। जानकारी के अनुसार रविवार रात दोनों लोग ट्रैक्टर से अवैध बालू ढुलाई में लगे हुए थे। उसी दौरान नक्सलियों ने धारदार हथियार व कुल्हाड़ी उनकी निर्मम हत्या की है।

## हाइवा ने मां-बच्चे को रौंदा, मौत

खबर मन्त्र ब्यूरो

हजारीबाग

**हजारीबाग।** बड़कागांव-हजारीबाग मार्ग के शंकरपुर स्थित डीपीएस स्कूल के पास एक हाइवा (जेएच 02 बीपी 2954) ने मां-बच्चे को रौंद दिया। घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गयी। महिला कोडरमा एसपी के बाडीगार्ड की पत्नी थी। घटना सोमवार अपराह्न तीन बजे की है। स्कूल से छुट्टी होने पर महिला अपने पुत्र अमन को लेकर घर जा रही थी। तभी विपरीत दिशा से रफ्तार में आ रही हाइवा ने दोनों को रौंद दिया। उत्तेजित लोगों ने घंटों रोड जाम रखा। प्रशासन के समझाने पर जाम लटाया। हाइवा को जब्त कर पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया है।

## सच हुई कड़िया मुंडा बात | पहले ही कहा था

# भाई प्रेम के कारण खूंटी हम हारेंगे

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जिले की खूंटी विधानसभा सीट भाजपा का अभेद्य किला माना जाता था, जिसपर सेंधमारी कर झामुमो ने इतिहास रच दिया। भाजपा के नीलकंठ सिंह मुंडा लगातार विधायक बने रहे, लेकिन 2024 के विधानसभा चुनाव में वोटरों ने ऐसी करवट ली कि भाजपा का बना बनाया किला ही ध्वस्त हो गया। झामुमो के नये प्रत्याशी राम सूर्या मुंडा ने सीट पर कब्जा कर लिया। वहीं जबकि में भी सीटिंग विधायक कोचे मुंडा को झामुमो के सुदीप गुड़िया ने हरा



दिया। खूंटी लोकसभा सीट पर 45 वर्षों तक सांसद रहे पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने चुनाव परिणाम से पहले ही खुलासा किया था कि नीलकंठ सिंह मुंडा ने 2019 और 2024 के लोकसभा चुनाव में अपने बड़े भाई कालीचरण मुंडा को जिताने में मदद की थी, जिसके कारण लोगों में नाराजगी बढ़ी थी। उन्होंने कहा था कि यही भाई प्रेम उन्हें ले डूबेगा और हुआ भी वही।

कड़िया मुंडा ने कहा कि हमने 50 साल तक घसीटते घसीटते पार्टी को यहां लाकर इस मजबूती से खड़ा किया है कि कोई भी यह सीट जीत जाता। नीलकंठ सिंह मुंडा जो पहले जीत चुके हैं, वह संगठन के कारण ही जीते थे क्योंकि संगठन मजबूत है। इस बार जो कुछ वोट उन्हें मिले हैं वह संगठन के कारण ही मिले हैं। खूंटी विधानसभा सीट से पहली बार झामुमो ने जीत हासिल कर अपना खूंटा, खूंटी में गाड़ दिया। नीलकंठ सिंह मुंडा इस बार वह जीत का छक्का लगाने से चूक गये। वर्ष 2014 में भी झामुमो दूसरे स्थान पर रह गया था। तब नीलकंठ सिंह मुंडा को 47032 और झामुमो प्रत्याशी जीदन होरो को 24413 मत मिले थे। वहीं, 2019 में भी झामुमो पीछे रहा और भाजपा से नीलकंठ सिंह मुंडा जीते। भाजपा से पहले खूंटी में कांग्रेस की पकड़ थी। नीलकंठ सिंह मुंडा ने ही वर्ष 2000 में कांग्रेस की दिग्गज सुशीला केरकेट्टा को पराजित कर जीत हासिल की थी। उसके बाद वह लगातार जीतते रहे लेकिन आखिर में 2024 में उन्हें हारना पड़ा।

## संविधान दिवस पर आज विशेष कार्यक्रम

**नयी दिल्ली।** संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया जायेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी। पीएम मोदी, उपराष्ट्रपति तथा राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला उनका स्वागत करेंगे। समारोह के दौरान संविधान निर्माण के 75 साल पूरे होने पर स्मारक सिक्का जारी किया जायेगा। इसके साथ ही संविधान निर्माण की झांकियों पर एक पुस्तक का भी विमोचन किया जायेगा। कार्यक्रम में संस्कृत तथा मैथिली भाषा में संविधान की प्रतियों का विमोचन भी होगा।



## आदर्श आचार संहिता खत्म अब काम में आयेगी तेजी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के संपन्न होने के बाद राज्य में लगी आदर्श आचार संहिता समाप्त कर दी गयी है। इससे संबंधित आदेश निर्वाचन आयोग की ओर से जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही अब रूके हुए काम फिर से शुरू होंगे। नयी योजनाओं पर भी काम शुरू कर दिया जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में सभी राज्यों के चीफ सेक्रेट्री और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों को पत्र भेजकर सूचित भी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि चुनाव की घोषणा के साथ ही झारखंड में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी थी। अब चुनाव की प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है, इस कारण आदर्श आचार संहिता समाप्त किया जाता है। झारखंड दो चरणों में मतदान हुआ था। 13 और 20 नवंबर को वोट डाले गए थे। 23 नवंबर को रिजल्ट सामने आया और 24 को राज्य निर्वाचन कार्यालय की ओर से राज्यपाल को नवनिर्वाचित विधायकों की सूची सौंप दी गयी। वहीं, रविवार को इंडिया गठबंधन के नेता हेमंत सोरेन ने राजभवन में सरकार बनाने का भी दावा पेश कर दिया। 28 नवंबर को शपथ ग्रहण समारोह होगा।

## मुख्य सचिव ने शपथ ग्रहण समारोह की समीक्षा की, दिये निर्देश

**रांची।** राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में 28 नवंबर को होने वाले हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण को लेकर तैयारियों की समीक्षा की। इसे लेकर कई दिशा-निर्देश भी दिये। शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन का जिम्मा रांची जिला प्रशासन को सौंपा गया है। इसके लिए रांची डीसी वरूण रंजन को कई दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं। कैबिनेट कोर्डिनेशन डिपार्टमेंट भी इस पूरे आयोजन की मॉनिटिरिंग करेगा। चीफ सेक्रेट्री के साथ हुई बैठक के बाद रांची डीसी और एसएसपी ने आयोजन स्थल मोरहाबादी मैदान का जायजा भी लिया।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**खुली निविदा सूचना सं. सी-एमईसीएच-एसएचएम-ओबीएचएस-11-24,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से क्षेत्रीय प्रबंधक, सांतरागाछी, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर मंडल द्वारा नीचे उल्लिखित विवरण के अनुसार **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। योग्य निविदाकारों से अनुरोध है कि वे नीचे उल्लिखित विवरण के अनुसार केवल **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करें। कोई भी ऑफलाइन निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। विवरण के लिए कृपया डॉक्यूमेंट सेक्शन में अपलोड किए गए निविदा कागजात को पढ़ें। **कार्य का नाम:** 02 वर्ष की अवधि के लिए पद्मपुकुर और शालीमार में स्थित 06 प्राइमरी ट्रेनों में लिनेन वितरण और 07 ट्रेनों में ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस (ओबीएचएस)। **निविदा मूल्य:** रु. 14,79,77,000.28, **ईएमडी:** रु.8,89,900/- **निविदा की अंतिम तिथि:** दिनांक 18.12.2024 को 12.30 बजे। **निविदा कागजात की लागत :** रु.10,000/- (अप्रतिदेय)। **(PR-823)**


हेमंत सोरेन लगातार दूसरी बार सत्ता संभालने वाले होंगे सीएम

# 28 नवंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम दर्ज हो जायेगा नया रिकॉर्ड

■ हेमंत सोरेन ने चुनाव में बंपर जीत के साथ रचा इतिहास

**सुधीर**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में मिली प्रचंड जीत के बाद झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और प्रदेश के सीएम हेमंत सोरेन अपने नाम दो नये रिकॉर्ड बनाने जा रहे हैं। 28 नवंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही हेमंत सोरेन के नाम लगातार दूसरी बार प्रदेश का सीएम बनने का रिकॉर्ड बनेगा। इसके साथ ही प्रदेश की सत्ता संभलाने का चौथी बार रिकॉर्ड भी हेमंत सोरेन के नाम ही दर्ज होगा। जी, हां इस तगमा से हेमंत सोरेन वंचित हो सकते थे, यदि वह जेल नहीं जाते। ऐसे में उनके नाम एक ही रिकॉर्ड बनता। वह था सत्ता में लगातार दूसरी बार वापसी का। हालांकि इस चुनाव में शानदार प्रदर्शन कर हेमंत सोरेन ने इंडिया ब्लॉक को अब तक का सबसे बड़ा गठबंधन होने का रिकॉर्ड भी कायम कर दिया। सत्ता के गलियारों में इस बात की चर्चा आम हो गयी है कि झारखंड आंदोलन के अगुवा पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरू शिबू सोरेन के बेटे हेमंत सोरेन ने झारखंड विधानसभा में बंपर जीत के साथ इतिहास रच दिया है।



### झारखंड में कब-कब कौन रहे हैं मुख्यमंत्री

| | |
|---|---|
| बाबूलाल मरांडी (बीजेपी)- | 15 नवंबर 2000 से 18 मार्च 2003 तक। |
| अर्जुन मुंडा (बीजेपी)- | 18 मार्च 2003 से 02 मार्च 2005 तक। |
| शिबू सोरेन (झामुमो)- | 02 मार्च 2005 से 12 मार्च 2005 तक। |
| अर्जुन मुंडा (बीजेपी)- | 12 मार्च 2005 से 18 सितंबर 2006 तक। |
| मधु कोडा (निर्दलीय)- | 18 सितंबर 2006 से 28 अगस्त 2008 तक |
| शिबू सोरेन (जेएमएम)- | 28 अगस्त 2008 से 18 जनवरी 2009 तक। |
| राष्ट्रपति शासन- | 19 जनवरी 2009 से 29 दिसंबर 2009 तक। |
| शिबू सोरेन (जेएमएम)- | 30 दिसंबर 2009 से 31 मई 2010 तक। |
| राष्ट्रपति शासन- | 01 जून 2010 से 10 सितंबर 2010 तक। |
| अर्जुन मुंडा (बीजेपी)- | 11 सितंबर 2010 से 18 जनवरी 2013 तक। |
| राष्ट्रपति शासन- | 18 जनवरी 2013 से 13 जुलाई 2013 तक। |
| हेमंत सोरेन (जेएमएम)- | 13 जुलाई 2013 से 23 दिसंबर 2014 तक। |
| रघुवर दास (बीजेपी)- | 28 दिसंबर 2014 से 28 दिसंबर 2019 तक। |
| हेमंत सोरेन (जेएमएम)- | 29 दिसंबर 2019 से 31 जनवरी 2024 तक। |
| चंपाई सोरेन (जेएमएम)- | 3 फरवरी 2024 से 3 जुलाई 2024 तक। |
| हेमंत सोरेन (जेएमएम)- | 4 जुलाई 2024 से अभी तक। |

### पिता का भी रिकॉर्ड तोड़ेंगे हेमंत सोरेन

लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर हेमंत सोरेन एक साथ कई रिकॉर्ड अपने नाम करेंगे। वह अपने पिता पूर्व सीएम शिबू सोरेन का भी एक रिकॉर्ड तोड़ेंगे। 28 नवंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर वह राज्य के इतिहास में लगातार दूसरी बार सीएम पद की शपथ लेने वाले पहले मुख्यमंत्री बन जाएंगे। झारखंड में अभी तक तीन बार मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड है। पूर्व सीएम शिबू सोरेन और बीजेपी नेता पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा तीन-तीन बार झारखंड की सत्ता संभाल चुके हैं। इसके अलावा हेमंत सोरेन भी तीन बार राज्य का मुख्यमंत्री रहे हैं। झारखंड में हुए विधानसभा चुनाव में इंडिया अलायंस ने बहुमत हासिल की है। झारखंड मुक्ति मोर्चा को अलायंस में सबसे अधिक सीटें मिली है। रविवार को हेमंत सोरेन को गठबंधन का नेता चुना गया। इसके बाद उन्होंने सरकार बनाने का दावा राज्यपाल से मिलकर पेश किया है। 28 नवम्बर को हेमंत सोरेन चौथी बार सत्ता पर आसीन होंगे। चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद हेमंत सोरेन अपने नाम एक रिकॉर्ड भी करेंगे, वह है सबसे अधिक बार सीएम पद संभालने का। वह अपने पिता का रिकॉर्ड इस बार तोड़ने जा रहे हैं।

हेमंत कैबिनेट का फॉर्मूला तय करने के लिए होगी बैठक

## केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा कांग्रेस कोटे से कौन बनेगा मंत्री : केशव महतो कमलेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में 2024 विधानसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक ने बंपर जीत हासिल की है। हेमंत सोरेन 28 नवंबर को मोरहाबादी मैदान में एक बार फिर मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। मंत्रिमंडल की रूप रेखा अभी तक तय नहीं हो पाई है। हालांकि कहा जा रहा है कि जल्द ही सारी बातें सामने आ जायेंगी। शपथ ग्रहण की तिथि सुनिश्चित होते ही सवाल उठने लगे है कि क्या इस बार नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री के साथ पूरा मंत्रिमंडल शपथ लेगा या 2019 की तरह इस बार भी पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ सहयोगी कांग्रेस और राजद के विधायक मंत्री पद की शपथ लेंगे यह अभी साफ नहीं हो पाया है।



इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा है कि इस बार चार विधायक पर एक मंत्री पद होगा या पांच विधायक पर, इसके लिए इंडिया गठबंधन की बैठक होगी और वहीं पर तय होगा। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस कोटे से कौन कौन विधायक मंत्री बनेगा, यह तय केंद्रीय नेतृत्व करेगा लेकिन यह तय है कि पार्टी के प्रति समर्पित और अनुभवी नेताओं को ही मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि शपथ ग्रहण समरोह में किसको बुलाया जाएगा इसका फैसला झामुमो और मुख्यमंत्री को करना है और जो भी बात होगी सब को बता दी जाएगी।

### आलमगीर समेत सात की हिरासत अवधि बढ़ी

**रांची।** पीएमएलए कोर्ट ने ठेकों में कमीशनखोरी से प्राप्त रकम की मनी लाउड्रिंग मामले में आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम समेत सात की हिरासत अवधि बढ़ा दी है। इससे पहले जेल में बंद आरोपियों को वीसी के माध्यम से सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया। वहीं, जमानत पर चल रहे निलंबित चीफ इंजीनियर बीरेंद्र राम समेत चार आरोपियों ने कोर्ट के समक्ष हाजिरी लगायी। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 7 दिसंबर निर्धारित की है। मामले में अगली सुनवाई में 12 आरोपियों के आरोप गठन पर सुनवाई होगी। आरोपियों को पुलिस पेपर सौंप दिया गया है।

## अब पत्थरबाजों की गिरफ्त में आ चुका है झारखंड: बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आंखों को बंद करने से खतरा नहीं जायेगा।



अरे वो देखना पड़ेगा, जो देखा नहीं जायेगा। सोशल मीडिया में लिखा कि झारखंड अब लवजिहाद, लैंडजिहाद के बाद अब पत्थरबाजों की गिरफ्त में आ चुका है। अब पत्थर चलाये जा रहे हैं। लाठी मारी जा रही है। घर तोड़े जा रहे हैं। वोट देने के आधार पर जनता को पीटा जा रहा है। उन्होंने साहेबगंज की घटना का जिक्र करते हुए लिखा कि ऐसी ही घटना ग्राम मोहम्मदपुर में हुई है, जहां ईमाम मिर्जा को सिर्फ इसलिये पीटा गया, धमकाया गया, मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया क्योंकि उसने विश्वास भाजपा पर जताया था। वोट कमल के फूल पर दिया था। परिणाम आते ही झामुमो के लोग भाजपा कार्यकर्ताओं और वोटरों को पीट रहे हैं। गांव से बेदखल करने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने साहिबगंज डीसी से अनुरोध किया है कि मामले की जांच करके दोषियों को कड़ी सजा दिलायें एवं ईमाम मिर्जा को सुरक्षा मुहैया करायें।


**BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
**5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001**

**O.A. No. 49 of 2022**

BETWEEN

**BANK OF INDIA, ITI MORE BR., BOKARO** ....**APPLICANT BANK**

VS.

**BALWANT SINGH** ............**DEFENDANTS**

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE)

RULES, 1993

| SR NO | DEFENDANTS | ADDRESS |
|---|---|---|
| 1. | **BALWANT SINGH S/O SRI BALIRAM SINGH** | R/O HOUSE NO. 92, NEAR GAPSAP COMMUNICATION, RAM NAGAR COLONY, CHAS, DIST. BOKARO 827013 ALSO AT AT.-TELIDIH ROAD, NEAR FOUR LANE, CHAS, DIST. BOKARO 827013 |

Whereas, the Applicant has instituted an Application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of **Rs. 23,47,699.78/- (Rupees Twenty Three Lakhs Forty Seven Thousand Six Hundred Ninety Nine and Paise Seventy Eight Only) together with current and future interest, cost for other reliefs.** The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before **Registrar in on 07th day of Jan, 2025 at 10.30 A.M.** as to why the reliefs prayed for should not be granted and to file show cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence. Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **14th day of Nov, 2024.**

**ASHISH KARN**
**I/C REGISTRAR**



**AFFIDAVIT**

I UDIT TIRKEY S/o- ASHIK LATE SUSHIL TIRKEY, resident of Vill-JEHLITAND, P.O- KHALARI, P.S- KHALARI Dist- RANCHI State- Jharkhand- 829205 do hereby solemnly affirm and declare on oath as follows:

1. That I am a CCL. Employee working in. under KDH PROJECT, N.K. AREA at the Post of E.P.FITTER, GR-SR. MECHANIC having PIS No- 14312276.
2. That my real and actual date of birth is 28-05-1968 which is recorded in my Aadhar Card and Pan Card.
3. That SHANTI ORAON @ SANTI ORAON, Aadhar No-3943 7662 5626 is my wife whose real and actual name is written as SHANTI ORAON and her actual date of birth is 05-06-1973 which is recorded in her Aadhar Card as well in her Pan Card.
4. That there is some disparities in the name as well as date of birth of my wife which doesn't tally with my service Sheet as well as the documents possessed by her.


## 30 नवंबर को हार की समीक्षा करेगी भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा अब झारखंड विधानसभा चुनाव में हार की समीक्षा करेगी। सभी जिलों के जिलाध्यक्ष व प्रभारियों की बैठक 30 नवंबर को होगी। इस बैठक में हार के कारणों पर मंथन किया जायेगा। वहीं, तीन दिसंबर को बीजेपी के सभी राज्यस्तरीय नेताओं को दिल्ली बुलाया गया है। दिल्ली में चुनाव परिणाम को लेकर केंद्रीय नेताओं के साथ चर्चा होगी। भाजपा नेताओं को मिली जिम्मेवारी के साथ उनके कार्यों की भी समीक्षा की जायेगी।

उल्लेखनीय है कि राज्य के आरक्षित एसटी की 28 सीटों में से 25 सीटों पर भाजपा ने अपने उम्मीदवार उतारे थे। इसमें से 19 सीटों पर भाजपा ने नये उम्मीदवारों को तरजीह दी थी। इसमें सिर्फ एक सीट ही भाजपा जीत पायी। झामुमो से भाजपा का दामन थामने वाले चंपई सोरेन ही अपनी सीट बचाने में कामयाब रहे। दूसरे दलों के आदिवासी नेताओं को पार्टी में शामिल कराने का लाभ भी भाजपा को नहीं मिल पाया। वहीं, एससी सीट पर भी भाजपा का प्रदर्शन कमजोर रहा। इस बार भाजपा के खाते में सिर्फ तीन सीटें ही आयी।

## नयी सरकार के शपथ ग्रहण को लेकर मुख्य अतिथि का निमंत्रण पीएम और असम के सीएम को भेजेंगे : सुप्रियो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड के इस प्रचंड विजय के साथ हमारे नेता हेमंत सोरेन के नेतृत्व में 28 नवंबर को मोरहाबादी मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नई सरकार का गठन करेंगे। उसके बाद यहां के करोड़ों लोगों की आशाओं की पूर्ति होगी। उन्होंने कहा कि इस शपथ ग्रहण समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा को निमंत्रण पत्र भेंजेंगे, वे हमारे मुख्य अतिथि होंगे। हम लोग आपस में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण



में चुनाव लड़ते हैं, घृणा की भाषा बहुत चिंताजनक है। जहां सबसे अधिक जहर उगला, वहां उनका सूपड़ा साफ हो गया, वह सोमवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि यहां आदिवासी सीट है, हरिजन सीट है, उस पर प्रहार होने जा रहा है। सुप्रियो ने कहा कि झारखंड विधानसभा में जो सीटे हैं, उसे कम करने की इनकी कोशिश है। हम इनके मनुवादी सोच को समझते हैं। इनका पूरा प्रहार फिर से शुरू होगा। यहां के आदिवासी-मूलवासी में धर्म-जाति के नाम पर दरार पैदा करना। यह गंभीर विषय है। इस विजय के लिये 56 नव निर्वाचित जनप्रतिनिधि का आभार।

सुप्रियो ने कहा कि जो लोग विपक्ष में होंगे उनका भी दायित्व है, सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाये। लंबित विकास योजनाओं को केंद्र तक पहुंचाने में मदद करें। जेएलकेएम के एक नेता पर विश्वास है, वे सरकार के साथ चलें। सुप्रियो ने कहा कि मांडू से जन प्रतिनिधि चुने गये, जो दूसरों को रोजगार देने की बात करते थे, वे खुद बेरोजगार हो गये। केवल नारा देकर लोगों को बेवकूफ नहीं बना सकते हैं।


**झारखण्ड सरकार**
**स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग**

**प्रेस विज्ञप्ति**

डॉ0 गौतम चन्द्रा, सहायक प्राध्यापक, सर्जरी विभाग, शेख भिखारी चिकित्सा महाविद्यालय, हजारीबाग के अपने कर्त्तव्य अवधि में अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित रहने के मामले में विभागीय संकल्प सं0–399(18) दिनांक–19.06.2023 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी थी।

विभागीय कार्यवाही के फलस्वरुप झारखण्ड सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील नियमावली), 2016 के नियम–14(X) के तहत डॉ0 चन्द्रा को सेवा से हटाने का दण्ड प्रस्तावित है। उक्त प्रस्तावित दण्ड के सापेक्ष द्वितीय कारण–पृच्छा करते हुए आपको जवाब समर्पित करने का अवसर प्रदान किया गया था। परन्तु निर्धारित अवधि तक आपका जवाब अप्राप्त है।

पुनः अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निदेश दिया जाता है कि उक्त मामले में प्रस्तावित दण्ड के सापेक्ष द्वितीय कारण–पृच्छा का जवाब 15 दिनों के भीतर विभाग को समर्पित किया जाए अन्यथा यह समझा जायेगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तथा आपके विरुद्ध प्रस्तावित दण्ड के बिन्दु पर निर्णय लिया जायेगा।

सं0–18/आरोप–01–94/2022–457(18)
दिनांक–19.11.2024

(सीमा कुमारी उदयपुरी)
सरकार के संयुक्त सचिव

PR 340268 Health Med Edu and Family Welfare(24-25).D


## 26 नवंबर से 26 जनवरी तक झारखंड में कांग्रेस चलाएगी संविधान रक्षक अभियान

■ एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक, महिला, युवा, किसान समुदायों की स्थिति को खराब करने और इन्हें लक्ष्य करने वाली विभाजनकारी नीतियों को किया जायेगा उजागर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभी जिला अध्यक्षों को 60 दिवसीय संविधान रक्षक अभियान पांच विषयों को लक्षित कर चलाने का निर्देश दिया है। यह फैसला अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर लिया गया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने इस संबंध में बताया कि संविधान और समानता की लड़ाई, संविधान द्वारा गारंटीकृत



आरक्षण की सुरक्षा, भेदभाव का उन्मूलन, गरीबों के संविधान विरुद्ध पूंजीवादी सरकार के पक्षपात को उजागर करना, संविधान द्वारा गारंटीकृत लोकतंत्र और स्वतंत्रता पर भाजपा के हमलो को लेकर यह अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान 26 नवंबर से 26 जनवरी 2025 तक चलाया जायेगा। इस पूरे अभियान के दौरान एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक, महिला, युवा, किसान समुदायों की स्थिति को खराब करने और इन्हें लक्ष्य करने वाली विभाजनकारी नीतियों को उजागर किया जाएगा। इसके साथ ही अभियान के द्वारा भाजपा द्वारा भेदभाव को प्रदर्शित करने वाले आंकड़े, पूंजीपतियों के प्रति पक्षपातपूर्ण नीतियों, आर्थिक असमानता, सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग से भी जनता को अवगत कराया जाएगा। जातिगत जनगणना की वकालत और आरक्षण प्रणाली पर भाजपा की भेदभाव पूर्ण विचारधारा को जनता के सामने लाना अभियान का हिस्सा होगा।

सोनाल शांति के मुताबिक, संविधान रक्षक अभियान के तहत रैलियां, जनसंपर्क, जमीनी स्तर पर जनसंवाद कर सभी मुद्दों को जनता के सामने लाया जाएगा। अभियान के द्वारा संविधान प्रदत्त अधिकारों, स्वतंत्रता और समानता की रक्षा को प्रतिबद्धता का प्रमाण बनाया जाएगा।

## झामुमो अपने वायदे पूरे करने पर ध्यान दे : विजय चौरसिया

### राज्यहित के कार्यों में हमेशा सहयोग करेगी भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता बिजय चौरसिया ने सोमवार को कहा कि झामुमो के महासचिव को अब सरकार का गठन करवा कर जनता से किये अपने वायदे पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिये। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता ने उन्हें उनके किये वायदे पर बहुमत दिया है। अब वो अपने किये वायदे को लागू करवा कर जनता के विश्वास पर खरा उतरें। एनडीए राज्यहित में हमेशा सहयोग को तैयार है। उन्होंने कहा कि शायद झामुमो के महासचिव को अभी से अपने किये वायदे को न पूरा कर सकने का डर सताने लगा है। इसलिये, वो राज्य की जनता का ध्यान भटकाने के लिये अलग-अलग कहानियां गढ़ने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के लोग अपने वादे भूलने का प्रयास भी करेंगे तो एनडीए उसे भूलने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि संथाल में घुसपैठ को एनडीए बिसार नहीं सकती। यह राष्ट्रहित का विषय है, आदिवासी समाज और उसकी अस्मिता का विषय है। शीघ्र मंत्रिमंडल का गठन कर दिसंबर से 2500 की राशि मईयां सम्मान योजना के तहत लाभुकों को भेजे जाने चाहिये। वहीं 450 रुपये में गैस सिलेंडर भी मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की जीत के साथ ही राज्य में अपराधिक तत्व सिर उठाने लगे हैं। चोरी छिनतई के मामले अचानक से बढ़ गये हैं।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा**

अति–अल्पकालीन पुर्न–निविदा आमंत्रण सूचना – 03/2024–25 (3rd Call and 2nd Call) गैर–योजना मद
{पूर्व का पी.आर. क्रमशः – PR 338627 (Lohardaga) 24-25*(D) & PR 336537 (Lohardaga) 24-25 (D)}

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, लोहरदगा। |
| 3. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | 30.11.2024 को अपराह्न 3:30 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 02.12.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 02.12.2024 को अपराह्न 3:30 बजे। |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, रौंची– 834001. (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा– 835302. (ग) सहायक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अवर प्रमंडल, लोहरदगा– 835302. |
| 7. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | क्रमांक 6 के अनुसार। |

8. निविदाधीन कार्य का विवरण :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि | निविदा आमंत्रण संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पथ प्रमण्डल, लोहरदगा के कार्यालय भवन का सुसज्जीकरण कार्य। | 9,99,989.00 | 20,000.00 | 1,250.00 | 02 Month. | तृतीय |
| 2. | केशा मोड़–माण्डर पथ (कुल लम्बाई 15.95 कि.मी.) में रोड मार्किंग एवं रोड सेफ्टी ऑडिट के प्रावधानानुसार साईन बोर्ड का अधिष्ठापन कार्य। | 49,97,270.00 | 1,00,000.00 | 5,000.00 | 01 Month. | द्वितीय |

1. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2. प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है जो कि परिमाण–विपत्र की बिक्री के समय देखा जा सकता है।
3. बिना कारण बताये विभाग को उक्त निविदा को रद्द अथवा स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, लोहरदगा

PR 340296 Lohardaga (24-25)_D


## शेखर कुशवाहा की जमानत अर्जी पर इडी को जवाब के लिए मिला समय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े 8.46 एकड़ जमीन की फर्जीवाड़ा मामले में आरोपी जमीन कारोबारी शेखर प्रसाद महतो उर्फ शेखर कुशवाहा की जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई 3 जनवरी 2025 निर्धारित की है।

बता दें कि फर्जी दस्तावेज बनाने के मास्टर माइंड मोहमद सदाम हुसैन से पूछताछ के आधार पर ईडी ने जेएमएम नेता अंतू



तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह समेत 9 लोगों के ठिकाने पर छापामारी की थी। अबतक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, भानु प्रताप प्रसाद, शेखर कुशवाहा समेत 10 को चार्जशिटेड आरोपी बनाया गया है। दरअसल, जमीन घोटाला मामले में शेखर कुशवाहा के ठिकाने पर ईडी दो बार 22 अप्रैल 2023 एवं 16 अप्रैल 2024 को छापेमारी कर चुकी है। बाद में संतोष जनक जवाब नहीं मिलने पर उसे गिरफ्तार किया गया था। शेखर कुशवाहा बड़गाईं अंचल की एक जमीन की खरीद बिक्री में शामिल है। शेखर कुशवाहा ने अपने सहयोगी प्रियरंजन सहाय, सद्दाम हुसैन, विपिन सिंह, इरशाद अंसारी, अफसर अली के साथ मिलकर राजस्व कर्मी भानु प्रताप प्रसाद की मिलीभगत से वर्ष 1971 की फर्जी सेल डीड तैयार की थी। कोलकाता के रजिस्ट्री कार्यालय में रखें मूल दस्तावेज से छेड़छाड़ कर इस सेल डीड को तैयार किया गया था। 4.83 एकड़ जमीन एक भोक्ता परिवार का है, जिसका नाम बदलकर दूसरे के नाम से सामान्य प्रकृति का जमीन बनाया गया था। इसके बाद 22.61 करोड़ की जमीन को 100 करोड रुपए में बेचने की तैयारी थी।

### जमीन कारोबारी सद्दाम हुसैन की जमानत पर हाईकोर्ट ने इडी से मांगा जवाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपी मो. सद्दाम हुसैन की जमानत याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय का आग्रह किया। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने मामले में ईडी को प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया। अगली सुनवाई 3 जनवरी 2025 को होगी। पीएमएलए कोर्ट ने सद्दाम हुसैन की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। इसके बाद उनकी ओर से हाई कोर्ट में जमानत के लिए अर्जी दाखिल की गई है।

बता दें कि बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में ईडी ने सद्दाम हुसैन, पूर्व उपायुक्त छविरंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी मो अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गयी है।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ ने झारखंड पवेलियन का किया भ्रमण

**व्यापार मेला**



रांची। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में सोमवार को झारखंड पवेलियन का भ्रमण किया। श्री सेठ ने झारखंड पवेलियन स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने स्टॉल का भ्रमण कर लोगों को प्रोत्साहित किया और उनका हौसला अफजाई की।

## ओटीसी चैलेंजर क्रिकेट ट्रॉफी शुरू





रांची। ओटीसी ग्राउंड में सोमवार को ओटीसी चैलेंजर क्रिकेट ट्रॉफी का भव्य उद्घाटन हुआ। समाजसेवी अरुण कुमार गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि और उद्घाटनकर्ता इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर अरुण कुमार गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और उन्हें आगामी मैचों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस अवसर पर खिलाड़ियों से खेल भावना और टीमवर्क को महत्व देने की अपील भी की।

## खबर एक नजर में

### लोअर बाजार में युवती ने की आत्महत्या

रांची। राजधानी रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र में एक युवती ने आत्महत्या कर ली है। युवती ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या की है। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि, आत्महत्या के कारण का अब तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और युवती के परिवार से पूछताछ कर रही है।

### चीफ जस्टिस के पिता का निधन

रांची। झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव के पिता और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस एम जगन्नाधा राव का निधन हो गया है। उन्होंने 25 नवंबर को अंतिम सांस ली। वह 88 वर्ष के थे। जस्टिस एम जगन्नाधा राव का जन्म 2 दिसंबर 1935 में हुआ था। उन्होंने वर्ष 1965 में वकालत के पेशे से न्यायिक करियर की शुरूआत की थी। जस्टिस एम जगन्नाधा राव के निधन से न्याय जगत में शोक का माहौल है।

### जहांगीर व संजीव की डिस्चार्ज पर फैसला आज

रांची। टेंडर घोटाला के जरिये करोड़ों रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी जहांगीर आलम और संजीव लाल की डिस्चार्ज पिटीशन रांची ईडी की विशेष कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है। सोमवार को जहांगीर आलम और संजीव लाल की ओर से बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट अब मंगलवार को अपना फैसला सुनायेगा।

### नाबालिग से रेप की कोशिश के दोषी को दस वर्ष कैद

रांची। सिविल कोर्ट ने नाबालिग के साथ रेप करने की कोशिश करने के दोषी सुखैर उरांव उर्फ लंगड़ा को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने सुखैर उरांव पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने यह फैसला सुनाया है। प्राथमिकी के मुताबिक एयरपोर्ट रोड हिनू निवासी सुखैर नाबालिग के साथ जोर जबरदस्ती करता था, जिसे लेकर पीड़िता की मां ने एयरपोर्ट थाना में वर्ष 2022 में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### सीसीएल अस्पताल में चिकित्सा शिविर 28 को

रांची। सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, कांके रोड, रांची में 28 नवंबर दिन बृहस्पतिवार को प्रातः 9 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सीय शिविर में यशोदा अस्पताल, हैदराबाद के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. कश्यप व्यास (सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जांच करेंगे एवं चिकित्सीय सलाह देंगे। हृदय रोग से ग्रसित सभी मरीज इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठा सकते हैं। मरीज के पास यदि पुराने इलाज की रिपोर्ट/जांच के पेपर हों तो उसे अवश्य अपने साथ लाये।

### श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में आज उत्पन्ना एकादशी

रांची। बालाजी मन्दिर में मंगलवार को उत्पन्ना एकादशी का अनुष्ठान मनाया जासेगा। मंदिर का पट प्रातः 7 से 12 बजे तक एवं सायं 4 बजे से 7 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए खुले रहेंगे। सोमवार के सायं जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज रांची पहुंचे। श्रीस्वामी जी के साथ गोविंद दास जी महाराज और दामोदर दास जी भी पधारे हैं।

### श्रीअद्वैत स्वरूप सन्यास आश्रम का परम ज्ञान सत्संग 29 से

रांची। श्रीअद्वैत स्वरूप संन्यास आश्रम का तीन दिनी वार्षिक परम ज्ञान सत्संग 29 नवंबर से प्रारंभ हो रहा है। मेकन इस्पात क्लब हॉल में रांची संगत की ओर से इस बार भी इसका खास आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन शाम छह बजे ईश्वर और सद्गुरु की आराधना से सत्संग की शरुआत होगी। इसके बाद भजन और प्रवचन होंगे। महामंडलेश्वर साध्वी निर्भयानंदपुरी निर्मल बहन सहित रांची पहुंचे कई साधु-संत अनुयायियों को आशीर्वचन प्रदान करेंगे। दूसरे दिन भी शाम छह से रात आठ बजे तक कार्यक्रम चलेगा। अंतिम दिन रविवार को मेकन नर्सरी में सत्संग,भजन और भंडारा का क्रमवार सिलसिला दिन के नौ से एक बजे तक चलेगा।

### आगमन उत्सव सह क्रिसमस मेला 18 दिसंबर से

रांची। क्रिसमस के अवसर पर 18 से 22 दिसंबर तक आगमन उत्सव, क्रिसमस गैदरिंग सह मेला का आयोजन होगा। यह आयोजन रांची कैथोलिक पल्ली, खेल समिति की ओर से लोयला मैदान में होगा। क्रिसमस उत्सव पांच दिनों तक दोपहर 1 से रात 9 बजे तक चलेगा। प्रवेश के लिए 50 रुपए टिकट शुल्क रहेगा। टिकट पर प्रतिदिन लॉटरी भी निकलेगा और इनाम दिया जायेगा। मेले में खानपान और दर्शी उत्पादों की बिक्री के लिए स्टॉल लगाये जाएंगे। बच्चों के लिए किड फन जोन होगा। मौके पर पल्ली पुरोहित फादर आनंद डेविड खलखो, सहायक पल्ली पुरोहित दीपक बाड़ा, सुनिल लकड़ा, सुनिल खलखो, जुलियन केरकेट्टा, मधु कच्छप, अजय जोसेफ टोप्पो, फ्रांसिस्का खलखो, जोन लकड़ा सहित कई लोग मौजूद थे।

### मेडिका रांची ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

रांची। मेडिका रांची और भगवान महावीर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर जैन समाज के सहयोग से सोमवार को श्री दिगंबर जैन मंदिर अपर बाजार में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 120 रोगियों की जांच हुई। साथ ही रक्तचाप जांच,शुगर, ईसीजी, पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट मेडिका की कुशल नर्सिंग टीम की देख-रेख में हुआ। मेडिका के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. विजय कुमार मिश्र, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक कुमार, श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉ. योगेश जैन, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश अग्रवाल, न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ. विक्रम सिंह, क्रिटिकल केयर एवं इंटरनल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. विशाल कंधवे और डॉ. शंकर ने स्वास्थ्य कैम्प में आएं सभी रोगियों की जांच की। डॉ. विजय मिश्र ने कहा की ऐसे और भी शिविर आयोजित करने की योजना है, जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभ हो।

## सरकार में शामिल होने पर फैसला 01-02 दिसंबर को : भाकपा माले

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। नयी सरकार में झामुमो, कांग्रेस, राजद के साथ-साथ क्या भाकपा माले भी शामिल होगा या नहीं यह बड़ा सवाल राज्य की राजनीति में बना हुआ है। इस संबंध में सीपीआई माले के प्रदेश सचिव मनोज भक्त ने कहा है कि 28 नवंबर को नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि सीपीआई माले नई सरकार में शामिल होगा या नहीं इसका फैसला 01 और 02 दिसंबर को होनेवाली पोलित ब्यूरो की बैठक में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे पहले 29 नवंबर को स्टेट स्टैंडिंग कमेटी की बैठक होगी। जिसमें विधानसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा के साथ-साथ इस बात पर पार्टी नेताओं का ओपिनियन लिया जाएगा कि सरकार में शामिल होने के मुद्दे पर उनकी राय क्या है।

**हमारी जिम्मेवारी और जवाबदेही बढ़ी** : मनोज भक्त ने कहा कि पिछली विधानसभा में हमारे एक सदस्य थे, लेकिन इस बार हमारी संख्या दो है।

**जनता से जो वादे किए हैं, उसे पूरा करना जरूरी** : सीपीआई माले के प्रदेश सचिव मनोज भक्त ने कहा कि हम महागठबंधन में होते हुए भी सरकार का हिस्सा इसलिए नहीं बनते हैं, क्योंकि हम यह देखते हैं कि हम जनता से जो वादे किए हैं, हम जिन मुद्दों और संघर्ष की बात करते रहे हैं उसे पूरा कर पाएंगे या नहीं। झारखंड में विधानसभा चुनाव में हमारे इंडिया गठबंधन ने कई वादे किए हैं। अब वो वादे पूरे हों, यह जिम्मेवारी भी निभानी जरूरी है।

**बगोदर की हार का दुख** : सीपीआई माले के राज्य सचिव ने कहा कि सिर्फ माले को नहीं, बल्कि राज्य की जनता को भी विनोद सिंह की हार का गम है।

**धनवार में इस वजह से जीत गए बाबूलाल** : मनोज भक्त ने कहा कि धनवार में बाबूलाल मरांडी की हार तय थी, लेकिन जेएमएम और माले के बीच आपसी सामंजस्य नहीं बनने की वजह से बाबूलाल जीत गए। उन्होंने कहा कि 2019 में हम वहां रनरअप थे, इसलिए हमारा दावा पुख्ता था।

# नयी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी जोरों पर

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। रांची डीसी वरुण रंजन ने सोमवार को मोरहाबादी स्थित गोपनीय कार्यालय में 28 नवंबर को मुख्यमंत्री एवं मंत्रिपरिषद के सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक की। बैठक में एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा, डीडीसी दिनेश कुमार यादव, एसडीओ उत्कर्ष कुमार, अपर समाहर्ता रांची रामनारायण सिंह, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, जिला नजारत उप समाहर्ता रांची, डॉ. सुदेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी रांची अखिलेश कुमार, जिला जन संपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय उपस्थित थे।

**शपथ अनुष्ठान कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा** : 28 नवंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री एवं मंत्रिपरिषद के सदस्यों के पद शपथ अनुष्ठान कार्यक्रम आयोजित है। उपरोक्त अवसर पर कार्यक्रम स्थलों पर झारखंड के दूरदराज क्षेत्रों से लोगों के आने की संभावना है। कार्यक्रम में अतिथिगण, विशिष्ट व्यक्तियों के अलावा वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों के उपस्थित होने की संभावना है। जिसे लेकर डीसी ने समारोह स्थल पर विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए संबंधित पदाधिकारियों से विस्तृत चर्चा की गई। जिसे लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को प्रतिनियुक्त कराने को लेकर संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिए गए। डीसी ने इस कार्यक्रम में संबंधित सभी व्यवस्था तय समय में पूरा करा लें, जिसमें लोगों के आने-जाने के लिए ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था, उनके खान-पान की व्यवस्था, समारोह के दौरान दूसरे राज्यों से आने वाले मेहमान के आवासन की व्यवस्था और उनके पारंपरिक तरीके से स्वागत, पार्किंग व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, वीवीआईपी गाड़ियों का मूवमेंट, कार्यक्रम के मिनट टू मिनट, रुट लाइनिंग, कंट्रोल रूम, पेय जल व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट, अग्निशमन व्यवस्था व अन्य सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

**मोरहाबादी मैदान में समारोह की तैयारियों का जायजा लिया गया** : डीसी ने शपथ ग्रहण समारोह स्थल मोरहाबादी में हो रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित सभी पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी तैयारी तय समय में पूरा कर लें।

## सुरेश बैठा की जीत पर निकला विजय जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। कांके विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार सुरेश कुमार बैठा की ऐतिहासिक जीत पर कांग्रेस, झामुमो और अन्य सहयोगी दलों के कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। रांची जिला युवा झारखंड मुक्ति मोर्चा के संयुक्त सचिव महताब अंसारी के नेतृत्व में कांके विधानसभा क्षेत्र में विजय जुलूस निकाला गया। विजय जुलूस में ग्रामीणों के बीच लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की गयी। निर्वाचित विधायक सुरेश कुमार बैठा ने इस दौरान बड़गाई में यहां की जनता को धन्यवाद दिया और कहा कि 35 साल से जो किला ए पार्टी के नाम था, उसे यहां की जनता ने ढहा दिया। कांके की जनता का आभारी हूं। महताब अंसारी ने कहा कि विजय जुलूस में क्षेत्र की जनता में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। क्षेत्र का विकास जो ठहर गया था अब सुरेश बैठा जी के नेतृत्व में रफ्तार पकड़ेगा। मौके पर अंशु लकड़ा, अबू तालिब अंसारी, जाकिर अंसारी, हुस्ना आरा, शाकिर अंसारी, कुलुम अंसारी, खालिद अंसारी, वारिस अंसारी, जैना उरांव और दुर्गा मुंडा समेत सैकड़ों समर्थक शामिल हुए।

## वाटर टैक्स कलेक्शन अभियान चलायेगा रांची नगर निगम

रांची। रांची नगर निगम ने शहरी क्षेत्रों में वाटर टैक्स कलेक्शन के लिए विशेष अभियान चलाने की योजना बनाई है। इस संबंध में सोमवार को निगम के उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू की अध्यक्षता में वाटर टैक्स कलेक्शन के कामों में गति लाने के उद्देश्य से चयनित एजेंसी श्री पब्लिकेशन एवं स्टेशनर्स प्रा लिमिटेड तथा जलापूर्ति शाखा के कर्मियों के साथ एक बैठक की गयी। इसमें उप प्रशासक ने कई जरूरी निर्देश भी दिए।

इसके मुताबिक, डोर टू डोर हर घर में टैक्स कलेक्टर जाएंगे और इससे संबंधित बिल उपभोक्ताओं को देंगे। राजस्व वसूली के कार्य में गति लाते हुए शीघ्र दिए गए टार्गेट को पूरा किया जाएगा। जिन उपभोक्ताओं का मीटर खराब हो चुका है या बदल दिया गया है, उन्हें जल्द ही एक औसत बिल दिया जाएगा। अवैध रूप से वाटर कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को चिन्हित किया जाएगा और कनेक्शन को रेगुलराइज किया जाएगा। नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक में जलापूर्ति शाखा के इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर और अन्य भी उपस्थित थे।

## आरबीआई रांची कार्यालय का अठारहवां स्थापना दिवस मना



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भारतीय रिजर्व बैंक, रांची कार्यालय ने 18वें वर्ष में प्रवेश को लेकर सोमवार को होटल हॉलिडे होम, कांके रोड, रांची में स्थापना दिवस समारोह का आयोजन प्रेम रंजन प्रसाद सिंह, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक, झारखंड के अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय निदेशक ने सभी स्टाफ सदस्यों एवं अतिथियों को भारतीय रिजर्व बैंक, रांची कार्यालय के 18वें स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने यह रेखांकित किया कि एक पूर्ण सेवा प्रदान करने वाले केंद्रीय बैंक के रूप में भारतीय रिजर्व बैंक देश की वित्तीय और मौद्रिक व्यवस्था के विनियमन, प्रबंधन आदि बुनियादी जिम्मेदारियों के साथ-साथ वित्तीय शिक्षण, समावेशन व जनजागरण के लिए भी प्रतिबद्ध है। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस वर्ष 01 अप्रैल को अपने 90वें वर्ष में प्रवेश किया है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर बैंक द्वारा पूरे भारत में कई कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इस उपलक्ष में भारतीय रिजर्व बैंक,रांची कार्यालय ने भी कई नवोन्मेषी कार्यक्रम और अभिनव पहल किये हैं। इसमें वित्तीय जागरूकता संदेश वाली 90 स्लोगन की पुस्तिका 'यात्रा अविराम', 'रिजर्व बैंक पाठशाला' में अभियान के अंतर्गत 90 विद्यालयों में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम, जिनमें विशेष योग्यता वाले बच्चों के विद्यालय भी शामिल हैं, 'हरा भरा सुंदर संसार' सूत्रमंत्र के साथ पौधारोपण एवं पर्यावरण संबंधी कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान के साथ एकीकृत करते हुए, स्वच्छ मुद्रा सप्ताह व माह, भारतीय रिजर्व बैंक के 90 वर्षों की यात्रा पर दशकवार प्रस्तुति एवं बैंकिंग व आर्थिक विषयों पर व्याख्यान सम्मिलित हैं।

## रांची विवि के प्रॉक्टर से मिला एनएसयूआई के सदस्य पीएचडी एंट्रेंस की नयी तिथि घोषित करने की मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। एनएसयूआइ का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को रांची विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर डॉ मुकुंद चंद्र मेहता से मिला। इस दौरान उन्हें पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम 2024 की नयी नियमावली में सुधार करने के लिए आवेदन दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष अमन अहमद ने बताया कि वर्ष 2024 में जो पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम रांची विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जो निकाली गई है, उसमें कई बिंदुओं पर बदलाव करने की आवश्यकता है। एनएसयूआइ ने मांग की कि वर्ष 2022 की तरह 100 अंकों की लिखित परीक्षा आयोजित की जाये और नेगेटिव मार्किंग पैटर्न को भी हटाया जाये। इसके अलावा परीक्षा फॉर्म शुल्क 2000 को 1000 किया जाये। वाइवा होने से परिवारवाद और सेटिंग-गेटिंग का खेल चलेगा, इसीलिए इसे हटाया जाए और सुधार कर अविलंब नई तिथि घोषित की जाये। छात्रों की सुनने के बाद प्रॉक्टर ने कहा कि हम कुलपति एवं परीक्षा नियंत्रक से वार्ता कर उचित निर्णय लेंगे।

## विश्व को स्थिरता प्रदान कर सकता है दार्शनिक चिंतन : शांडिल्य

### डीएसपीएमयू रांची में विश्व दार्शनिक दिवस का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय की ओर से सोमवार को विश्व दार्शनिक दिवस 2024 का आयोजन किया गया। इसका केंद्रीय विषय था वर्तमान परिदृश्य में दर्शनशास्त्र की प्रासंगिकता। कार्यक्रम कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में हुआ। वर्तमान परिदृश्य में दर्शनशास्त्र की प्रासंगिकता पर उन्होंने कहा कि विश्व दर्शन 2024 का थीम ही है, सामाजिक अंतर को पाटना। भारतीय दर्शन में व्यावहारिक पक्ष पर ज्यादा जोर दिया गया है। उन्होंने इस संदर्भ में गांधी के दर्शन की चर्चा करते हुए प्लेटो, सुकरात, अरस्तू और विवेकानंद के दर्शन की प्रासंगिकता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन का मकसद सिर्फ मानसिक कौतूहल को पूरा करना नहीं है, बल्कि ज़िंदगी की समस्याओं को सुलझाना भी है। भारतीय दर्शन में जीवन को अभिन्न अंग माना गया है। उन्होंने भारतीय दर्शन के विचार पक्ष को समझाते हुए कहा कि भारतीय दर्शन में विचारों की आजादी, मोक्ष का महत्व, आत्मा के अस्तित्व में विश्वास, आशावाद, कर्मफल में विश्वास, पुनर्जन्म में विश्वास जैसी विशेषताएं हैं।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं डॉ. तदशा मिश्रा (एडीजी रेलवे, झारखंड), विशिष्ट अतिथि डॉ एच.पी. नारायण (पूर्व विभागाध्यक्ष न्यूरोसर्जरी रिम्स), सारस्वत अतिथि के रूप में डॉ सरस्वती मिश्रा (पूर्व संकायाध्यक्ष, रांची विश्वविद्यालय), प्रो देवाशीष गुहा, सेवानिवृत्त प्रोफेसर इलाहाबाद विश्वविद्यालय, डॉ सर्वोत्तम कुमार (डीएसडब्ल्यू, डीएसपीएमयू) डॉ अयूब (मानविकी संकायाध्यक्ष, डीएसपीएमयू), डॉ रेखा झा , डा किरण झा , डा रीना नंद व अन्य उपस्थित थे। मुख्य अतिथि डॉ तदशा मिश्रा, जो स्वयं दर्शनशास्त्र विषय की विद्यार्थी रहीं हैं, ने अपने वक्तव्य के माध्यम से विश्व दार्शनिक दिवस के कार्यक्रम पर छात्रों को दर्शन की महत्ता एवं उपयोगिता समझायी। इसके पूर्व डॉ आभा झा ने विषय प्रवेश कराते हुए कार्यक्रम की पृष्ठभूमि से सभी को अवगत कराया। डॉ एचपी नारायण ने अपने वक्तव्य में वर्तमान समय में वेदान्तिक दृष्टिकोण से दर्शन की प्रासंगिकता को बताया। डॉ सरस्वती मिश्रा ने दर्शन और तर्क के विविध आयाम छात्रों को समझाया। डॉ देवाशीष गुहा ने प्राचीन ग्रीक सभ्यता की उत्पति एवं आधुनिक पाश्चात्य दर्शन में सुकरात तथा प्लेटो की छाप को वर्णित किया। मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ अयूब ने कार्यक्रम की सराहना की तथा दर्शन विभाग को बधाई दी।

कार्यक्रम में विभाग डॉ आभा झा की पुस्तक नवमानववाद : एक समग्र अध्ययन का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा स्टूडेंट्स क्लब फिलॉसोफिया का उद्घाटन कुलपति एवं सभी अतिथियों के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सबसे मुख्य आकर्षण रहा फिलॉस्फर्स वॉक, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा प्रसिद्ध ग्रीक दार्शनिकों, सुकरात, प्लेटो, अरस्तु, पायथागोरस के साथ साथ भारतीय दार्शनिकों शंकराचार्य, याज्ञवल्क्य, कणाद की वेशभूषा में मंच पर आकर उनकी दार्शनिक उक्तिओं का अभिनय प्रस्तुत किया गया। इसी उपलक्ष्य पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता ( मैंने दर्शनशास्त्र क्यों चुना ) वाय आई ऑप्टेड फिलॉस्फी के सफल विद्यार्थियों, जिसमें वत्सल कुमार ( प्रथम), निखिल सिंह (द्वितीय), गौरव झा और अंजली राय ( तृतीय ), वंदना, शिवम नारायण, रेणु कुमारी एवं सिद्धि राजपूत को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। डॉ पानो कुमारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन और मंच संचालन मानस कुमार एवं वत्सल कुमार ने किया।

कार्यक्रम में डॉ गुड़िया, रेशमा ग्लोरिया चंदन, कहकशां इमरोज, मानस कुमार, आर्शी सिंह व अन्य विद्यार्थी उपस्थित थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## सी.बी.एस.ई. क्षेत्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों का अभूतपूर्व प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। सी.बी.एस.ई. द्वारा रांची के डी.पी.एस. में रीजनल लेबल साइंस एक्जीबिशन का आयोजन किया गया जिसमें पटना रीजन के 32 स्कूल के छात्रों ने भाग लिया। इस प्रदर्शनी में शारदा ग्लोबल स्कूल के कक्षा नौवीं के छात्र पार्थ गुप्ता और आर्यक गुप्ता प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए जो दिल्ली में आयोजित होगी। वहां छात्र अपने प्रोजेक्ट का प्रदर्शन करेंगे। इस प्रदर्शनी में सब थीम 'ट्रांसपोर्ट एवं कम्यूनिकेशन' के अन्तर्गत स्कूल के छात्रों ने रडार बेस्ट जीएसएम सेक्योरिटी सिस्टम' पर प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। इस प्रणाली का उपयोग सुरक्षा उद्देश्य के लिए किया जाता है जैसे रक्षा, क्षेत्र, छावनी क्षेत्र नौसेना के जहाजों विमानों और वर्जित क्षेत्रों के लिए किया जाता है। छात्रों की इस विशिष्ट उपलब्धि पर शारदा ग्लोबल स्कूल हर्षित है। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. रंजना स्वरूप एवं प्राचार्या जसमीत कौर ने छात्रों को जोनल लेवल में सफल होने की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय के छात्र प्रत्येक स्पर्द्धा में अपना शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय को पहले से स्थापित प्रमुख विद्यालयों की श्रेणी में स्थापित कर रहे हैं।

## बीजेपी प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव के घर पर चोरों ने मचाया उत्पात

रांची। बीजेपी प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव के हरमू कॉलोनी के सहजानंद चौक वाले घर पर रविवार की देर रात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। चोरों ने अलमीरा तोड़कर सारा सामान बिखेर दिया। प्रतुल शाहदेव ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर लिखा कि चोर ने ऊपर वाले कमरे में जमकर उत्पात मचाया। ऐसा लग रहा था कि घर में घुसने वालों को मेरे सीसीटीवी कैमरे की पोजीशन अच्छे से पता थी। जाते उन्होंने मेरे घर की रेकी की थी। प्रतुल शाहदेव ने बताया कि सीसीटीवी में एक चोर की तस्वीर भी कैद हुई है। उन्होंने इस संबंध में रांची पुलिस को सूचना दे दी है। उन्होंने उम्मीद जतायी है कि पुलिस शीघ्र इस घटना का उद्भेदन करेगी। बीजेपी प्रवक्ता ने सुरक्षा पर सवाल उठाते हुए कहा कि शहर के मध्य में राजपथ पर स्थित मेरे घर में जब ऐसी वारदात हो सकती तो बाकी लोग कितने महफूज है? इधर इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अपने स्तर से कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के समर्थकों ने निकाला विजय जुलूस





खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर/चान्हो।** प्रखंड क्षेत्र में निर्वाचित विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के समर्थकों ने सोमवार को विजय जुलूस सह आभार यात्रा निकाली। इस जुलूस में सैकड़ों कार्यकर्ता और आम जनता दो पहिया, चार पहिया वाहन में झामुमो कांग्रेस का झंडा लगाकर शामिल हुए। यह यात्रा मांडर के ब्राम्बे चौक से शुरू हुई और चान्हो के पंडरी में समाप्त हुई। इस बीच सभी चौक चौराहों पर शिल्पी नेहा तिर्की के स्वागत के लिए महिला, पुरुष, बुजुर्ग, स्कूली छात्र-छात्राएं कतारबद्ध होकर रास्ते में खड़े थे। सबके हाथों में फूलमाला एवं कांग्रेस पार्टी का झंडा था। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सर्वप्रथम मुड़मा स्थित शक्ति स्थल जाकर जतरा खुंटा में पूजा अर्चना की और फिर वहां से विजय जुलूस मांडर चौक की ओर निकला।





विजय जुलूस में कार्यकर्ताओं का उत्साह आसमान छू रहा था। इंडिया गठबंधन जिंदाबाद, बंधु तिर्की, जिंदाबाद, शिल्पी नेहा तिर्की जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे लग रहे थे और रंग गुलाल के साथ-साथ आतिशबाजी भी हो रही थी। साथ ही सभी चौक-चौराहों पर शिल्पी नेहा तिर्की ने जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारी जीत नहीं बल्कि आपकी जीत है। यहां पर अमन पसंद करने वालों की जीत है, मोहब्बत की जीत है, मैं सभी जानता को तहे दिल से धन्यवाद देती हूं, जिन्होंने मुझे दोबारा सेवा करने का मौका दिया। आपकी सेवा में हर समय तत्पर रहूंगी। आभार यात्रा के दौरान विधायक ने बीजूपड़ा चौक स्थित स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय सोमा टाना भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

इस विजय जुलूस को सुचारू रूप से अपने गंतव्य स्थान पहुंचने में कोई बाधा उत्पन्न ना हो, आने जाने वाले वाहन को कोई परेशानी ना हो इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा।

## एनके एरिया में सिविल विभाग की हालत जर्जर

बीमारियों की जद में जकड़ा, इलाज संभव नहीं



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** एनके एरिया महाप्रबंधक कार्यलय का एक हिस्सा सिविल विभाग की हालात जर्जर हो गयी है। सिविल कार्यलय पूरे एनके एरिया के कॉलोनी का निर्माण व मरम्मती, सड़क निर्माण, पानी, बिजली व्यवस्था सहित अन्य की पूर्ण जिम्मेवारी का बोझ ढोता है। लेकिन देखा जा रहा है कि सिविल विभाग पूरे एनके परियोजनाओं के कार्य का बोझ ढोते ढोते खुद ही बीमारी से ग्रसित हो गया है। क्षेत्र की व्यवस्था को सुदृढ़ करने की जिम्मेवारी जिस कार्यालय पर है वही कार्यालय कुव्यवस्था से ग्रसित है। सिविल कार्यालय अभियंता का कार्यालय की स्थिति पूरी तरह से जर्जर है।

इस संबंध में एनके एरिया के यूनियन नेताओं ने कहा कि एनके क्षेत्र का सिविल विभाग ही बिमार हो, तो उस विभाग से बेहतर इलाज कैसे होगा।

यूनियन के नेताओं ने बताया कि ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए वर्तमान में ही आवास मरम्मती कार्य के लिए मोहननगर, सेन्ट्रल कॉलोनी का कार्य के लिए लाखों रुपये आवंटित किये गये थे। उसके बाद सिविल विभाग कालोनियों का प्राक्कलन को अनुमोदन किया गया है, जो निविदा के लिए प्रतिरक्षित है। वर्तमान में प्राक्कलन के उच्च दर पर भी वार्षिक रखरखाव का कार्य प्रदान किया गया था। अनुमोदित मूल कार्य के निविदा को स्थगित कर अनाप शनाप कार्य के (विचलन) के नाम पर कार्य को कराया जाना अप्रत्यक्ष रूप से ठेकेदार को आर्थिक लाभ पहुंचाया जा रहा है तथा कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

## बेड़ो में तीन सड़क हादसों में एक युवक की मौत, चार घायल

- ऑटो और बाइक की सीधी टक्कर में शादी समारोह से लौट रहे एक युवक की मौत









मृतक नारायण महतो (फाइल फोटो), घायल किशुन महली, घायल बिरसा कच्छप तथा घायल मैजू मुंडा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र में सोमवार की शाम को साढ़े पांच से साढ़े छह बजे के बीच करीब एक घंटे में हुई तीन अलग-अलग सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई और चार युवक घायल हो गए। जहां पहली घटना बेड़ो-लोहरदगा मार्ग पर करांजी पुल के समीप एक बाइक व सवारी ऑटो की टक्कर में लोहरदगा भंडरा के मसमानो रोड भैंसमुंदो गांव निवासी बाइक सवार 25 वर्षीय नारायण महतो, पिता धनेश्वर महतो की मौत हो गई। वहीं 26 वर्षीय किशुन महली, पिता फेकुआ महली गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पीसीआर पांच के पुलिसकर्मियों ने घायलावस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा. भावना ने उपचार के दौरान एक घायल युवक नारायण महतो को मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक युवक के बड़े भाई कुंजे महतो, मामा राजू यादव और पंचायत के मुखिया परमेश्वर महली ने सीएचसी पहुंचकर शव की पहचान की। मृतक के स्वजनों ने बताया कि नारायण महतो बेड़ो में एक विवाह समारोह से वापस अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान सड़क हादसा हुआ। इधर दूसरी घटना बेड़ो साईं मंदिर रोड पर बैरटोली गांव के पुल के समीप हुई। जिसमें बाइक सवार के असंतुलित होकर गिरने से बाइक सवार युवक बेड़ो पंडरा कुसुमटोली गांव के दो युवक 25 वर्षीय बिरसा कच्छप और 17 वर्षीय आकाश उरांव घायल हो गए। स्वजनों ने बताया कि आकाश उरांव हरहंजी हाई स्कूल में कक्षा नौंवी में पढ़ता है। वहीं तीसरी घटना बोदा गांव में बाइक सवार 55 वर्षीय मैजू मुंडा बाइक से असंतुलित होकर गिरने से घायल हो गए। सभी घायलों का उपचार डॉ भावना ने किया। इधर घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी नकुल साह सीएचसी पहुंचे और घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि मंगलवार को मृतक नारायण महतो का शव पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जाएगा।

### खिजरी विधायक राजेश कच्छप को मंत्री बनाने की मांग



**अनगड़ा।** खिजरी से लगातार दूसरी बार भारी मतों से निर्वाचित विधायक राजेश कच्छप को कांग्रेसियों ने मंत्री बनाए जाने की मांग की है। कार्यकर्ताओं और नेताओं ने कहा है कि विधायक श्री कच्छप कर्मठ नेता हैं, नव जवान हैं और कार्य करने एव निर्णय लेने की क्षमता है। समाज के हर लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। लोगों को इनसे आशा और अकक्षाए भी हैं। इन्हें मंत्री पद की यदि जिम्मेवारी दी जाती है तो वे राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इन्हें मंत्री बनाने की मांग करने वालों में डॉ अमर कुमार चौधरी, मुस्तफा अंसारी अब्दुल इमाम अंसारी, राजेन्द्र मुंडा, वनमाली महतो, मिनहाज अंसारी, शफीक अंसारी, साकीर अंसारी, मुन्ना मुंडा, तिवारी भोक्ता, समीम खान, विश्राम महतो, इब्राहीम अंसारी, लोकनाथ पहान, प्रमुख दीपा उरांव, उप प्रभुख जयपाल हजाम, परवेज खान, शहनाज परवीन, अनीता देवी, संगीता कैथा, सरीता देवी, शिवदास गोस्वामी सहित सैकड़ों नेता और कार्यकर्ता शामिल हैं।

## बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने को लेकर स्वास्थ्य उपकेंद्र को मॉडल के रूप में विकसित करने का निर्णय

- ओरमांझी में विभिन्न समितियों ने की पहल



खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के आनंदी स्वास्थ्य उपकेंद्र को मॉडल के रूप में विकसित करने का निर्णय गांव वालों ने लिया है। गांव के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए प्रखंड के बारीडीह पंचायात में विभिन्न समितियों की एक संयुक्त बैठक हुई। प्रगति परिषद के मुख्यालय में मुखिया पार्वती देवी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में आनंदी स्वास्थ्य उपकेंद्र को मॉडल उपकेन्द्र के रूप में विकसित कर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुखिया पार्वती देवी ने कहा पंचायत के सभी लोगों का जीवन बेहतर व सुखमय बनाने के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पंचायत के सभी समितियों को सामूहिक पहल करने की जरूरत है। वहीं कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित शिक्षाविद व प्रगति परिषद के महासचिव प्रो. शैलेन्द्र मिश्र ने कहा स्वास्थ्य सुविधाओं को जन-जन तक पहुंचा कर लोगों को स्वस्थ व सुखी बनाने की दिशा में तेज कोशिश होनी चाहिए। कहा टीबी व कुष्ट रोग जैसी बीमारियों के प्रति लोगों में जागरूकता का संचार करना समय की मांग है। बैठक में कायाकल्प कार्यक्रम, एक्वास कार्यक्रम और महिलाओं से जुड़ी बीमारियां, सुगर बीपी सहित सरकार द्वारा चलाये जा रहे जन उपयोगी कार्यक्रमों की समीक्षा भी की गई। मौके पर उपमुखिया बनवारी लाल साहू, दुर्गाचरण साहू, सीएचओ उमा कुमारी, संगीता कुमारी, एएनएम सुनील टोप्पो, स्वास्थ्य सहिया शिबन देवी, सहित जन आरोग्य समिति, ग्राम स्वास्थ्य समिति व प्रबंध समिति, ग्राम पंचायत बारीडीह के समिति के सदस्य आदि उपस्थित थे।

## डॉक्टर एके गोस्वामी से चिकित्सा जगत शर्मसार

- छेड़खानी के आरोप में चिकित्सक को जेल
- पीड़िता के साथ 24 नवंबर को घटी घटना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** झिरी आनंदनगर की 18 वर्षीया युवती ने मां आनंदमयी नगर स्थित ममता पॉली क्लिनिक के संचालक सह चिकित्सक डॉ अरुण कुमार गोस्वामी पर छेड़खानी का आरोप लगाते हुये रातू थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। पीड़िता 14 नवंबर को बुखार होने पर क्लिनिक आयी और डॉ गोस्वामी से जांच कराई। उन्होंने टाइफाइड होने की बात कह कर उसे दस दिनों की दवा दी और दस दिन बाद जांच के लिये बुलाया। 24 नवंबर की दोपहर 12 बजे जांच के लिये क्लिनिक पहुंची, तो डॉ गोस्वामी ने उसके साथ छेड़खानी की। डॉक्टर ने उसके प्राईवेट पार्ट में अंगुली डाली। पीड़िता से कहा कि रविवार है, इसलिये उसको आधा घंटा रुकना पड़ेगा। डॉ गोस्वामी की नियत को भांप उसने अपनी बहन को फोन कर बात करने लगी, तभी डॉक्टर ने उसको पीछे से पकड़ लिया और कमर में हाथ फेरने लगे। इसके बाद वह डॉक्टर को जोर से धक्का देकर वहां से भाग निकली और थाना पहुंचकर इसकी लिखित शिकायत की।

डॉ गोस्वामी की इस कृत्य से चिकित्सा जगत शर्मसार हो गया है। पुलिस इसकी तफ्तीश कर रही है।

## स्वतंत्रता सेनानी ठेबले उरांव की 161वीं जयंती मनी

- महान स्वतंत्रता सेनानी थे ठेबले उरांव : डॉ राजाराम
- सैकड़ों लोगों ने दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** स्वतंत्रता सेनानी ठेबले उरांव 161वीं जयंती पर श्रद्धा से याद किये गये। पैतृक गांव गुडू में स्मारक समिति की ओर से आयोजित समारोह का उद्घाटन कुरमाली भाषा परिषद् राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजाराम महतो ने दीप प्रज्जवलित और चित्र पर माल्यार्पण कर किया। डॉ महतो ने ठेबले उरांव को महान स्वतंत्रता सेनानी बताया। उन्होंने राज्य सरकार से उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित करने, अखरा स्थल और सांस्कृतिक भवन का निर्माण तथा केंद्र से पिस्का रेलवे पड़ाव को ठेबले उरांव स्टेशन करने की मांग दोहरायी। स्वागत भाषण शिवशंकर नीलकंठ ने दिया। अध्यक्षता भवेश मिश्र ने की, जबकि संचालन जीतराम लोहरा ने किया। इससे पूर्व क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि दी।

**समारोह में लिया हिस्सा**

मुखिया अनिल तिर्की समेत कुशल उरांव, महावीर विश्वकर्मा, बसंती उरांव, टूना उरांव, सोहराई उरांव, महात्मा उरांव, चंदर उरांव, मुन्ना उरांव, सरोज उरांव, लुदी उरांव, रोहित साहू, प्रो जौरा उरांव, प्रभु लोहरा, ठेबले उरांव, बिरसा उरांव, जगरनाथ उरांव, सुकको उरांव, माधो उरांव, एतवा उरांव, सुशांति उरांव, मनीषा कुमारी, सरोज उरांव व जगेर उरांव आदि।

## बेड़ो प्रखंड में अब तक पैक्स नहीं खुलने से परेशान हैं क्षेत्र के किसान

# औने-पौने दाम पर बिचौलियों को धान बेचने को हैं विवश

- लहलहाती धान की फसल से अच्छी कमाई की आस लगाए बैठे हैं किसान





बेड़ो में अपना धान बेचते किसान तथा खलियान में रखा धान

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड क्षेत्र में अधिकांश किसान खेती पर निर्भर हैं। हाड़ तोड़ मेहनत और खेतों में लहलहाती धान की फसल से अच्छी कमाई की उम्मीद भर से किसानों के चेहरे पर खुशी झलकती है। लेकिन बेचने के समय इनके चेहरे पर मायूसी छा जाती है। कुछ ऐसा ही प्रखंड के किसानों के साथ हो रहा है। इन किसानों को धान की सही कीमत नहीं मिल रही है।

किसान बताते हैं कि अब तक प्रशासन की ओर से धान खरीदने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। प्रखंड में पैक्स नहीं खुलने से अब किसान धान को बाजार में औने-पौने दाम पर बेचने को विवश हो रहे हैं।

प्रखंड में साहूकार व बिचौलिए द्वारा मात्र 1800-1900 रुपये क्विंटल लिया जा रहा है। जबकि राज्य सरकार ने पैक्स में बोनस के साथ 2300 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। पैक्स चालू नहीं होने से यहां धान की खरीदारी नहीं हो रही है। सरकारी दर पर धान नहीं बेच पाने की वजह से किसान परेशान हैं। धान की सही कीमत नहीं मिलने से अब इन किसानों का खेती से लगाव धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। इस साल उनके खेतों में धान की फसल अच्छी हुई। लेकिन धान की कीमत बाजार में बहुत कम है।

सरकारी घोषणा के अनुसार पैक्स में धान लिया जाएगा लेकिन अभी तक चालू नहीं किया गया है, जो चिंता का विषय है। जबकि प्रखंड की 90% आबादी कृषि पर निर्भर है। कृषि में धान की खेती ही क्षेत्र के किसानों की मुख्य पूंजी है। धान की खेती से ही प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड क्षेत्र के किसान साल भर जीवन यापन करते हैं। क्षेत्र में किसानों की व्यस्तता जहां धान कटाई को लेकर बढ़ी है। वहीं इस वर्ष धान की फसल भले ही अच्छी हुई हो, पर किसानों की आमदनी अच्छी नहीं हो रही है।

**क्या कहते हैं किसान**

प्रखंड के किसान शंकर बड़ाइक रवि उरांव, रमेश ओहदार, राम उरांव व शिवा ने बताया कि धान घर व खलिहान में पड़ा हुआ है जिसे बेचने में कठिनाई हो रही है। विवश होकर स्थानीय बाजार में सस्ते दर पर धान बेचने को विवश हैं। सरकारी खरीदी नहीं होने के कारण किसान अपनी मेहनत की फसल को औने-पौने दाम पर बेचने को मजबूर हैं।

## गोला फेंक में श्रेया, आंचल और प्रियंका ने जीता स्वर्ण



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी में चल रहे जनकल्याण समर्पण संस्थान खेल महोत्सव के दूसरे दिन के गोला फेंक स्पर्धा के सिनियर बालिका वर्ग में आंचल कुमारी स्वर्ण पदक, श्रेया कुमारी रजत पदक, दिव्या कुमारी कांस्य पदक, जूनियर प्रियंका कुमारी स्वर्ण पदक, अंजू कुमारी, रजत पदक, रूपाली जयसवाल कांस्य पदक, सब जूनियर चंचल कुमारी स्वर्ण पदक, रोशनी कुमारी रजत पदक, मवती कांस्य पदक, बालक जूनियर सुदेश कुमार स्वर्ण पदक, अंश महतो रजत पदक, सैयद अंसारी कांस्य पदक सब जूनियर रूपेश मुंडा स्वर्ण पदक, अंश करमाली रजत एवं जीतेन्द्र बेदिया ने कांस्य पदक जीता है। मुख्य अतिथि सिकिदिरी थाना के सब इंस्पेक्टर रोशन सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पदक एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने अपने कहा कि संस्थान के द्वारा इतना बड़ा आयोजन सराहनीय और प्रशंसनीय है। अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष कुंती देवी एवं संचालन कोषाध्यक्ष रमण कुमार ने किया।

मौके पर महासचिव सत्यपाल राउत, सचिव राजकुमार, मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार दीपू, सक्रिय सदस्य विजय सिंह, गोविंदा कुमार, संदीप कुमार वर्मा, संजय कुमार गुड्डू,कमलकांत साव, संजू गोस्वामी, ब्रजकिशोर प्रसाद, माघु करमाली, प्रदीप कुमार, संजय राणा, टिकेश्वरी पांडेय, ऋषि सिंह आदि उपस्थित थे।

# वेदांता के सीईओ ने हेमंत सोरेन को दी बधाई विकास में सहयोग की जताई प्रतिबद्धता

**आशीष कुमार गुप्ता ने कंपनी की ओर से झारखंड के विकास में योगदान करने का अपना संकल्प दोहराया**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** वेदांता ईएसएल स्टील के सीईओ और डब्ल्यूटीडी आशीष कुमार गुप्ता ने झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सोरेन को बधाई दी है। उन्होंने कंपनी की ओर से झारखंड के विकास में योगदान करने का अपना संकल्प दोहराया। साथ ही राज्य की सामाजिक और आर्थिक उन्नति में साझेदारी करने की अपनी प्रतिबद्धता फिर से व्यक्त करते हुए झारखंड के विकास में सतत सहयोग का आश्वासन दिया है। सीईओ गुप्ता ने कहा कि वेदांता ईएसएल राज्य सरकार के विकास योजनाओं और पहलों में योगदान देने का वचन देता है जिसमें हमारी सीएसआर पहल जैसे नंद घर नाबार्ड से साझेदारी में वाडी वेदांता ईएसएल स्किल स्कूल महिलाओं के सशक्तिकरण और सूक्ष्म उद्यम सृजन के लिए जीविका स्वास्थ्य संबंधित कार्यक्रम परियोजना आरोग्य और परियोजना पंछी शामिल हैं जिसका उद्देश्य वेदांता पारिस्थितिकी तंत्र में आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों की 1000 लड़कियों को रोजगार प्रदान करना है। उल्लेखनीय है कि वेदांता ईएसएल स्टील कंपनी 2.5 मिलियन टन प्रति वर्ष क्षमता वाला एक ग्रीनफील्ड एकीकृत स्टील संयंत्र संचालित करती है, जो पिग आयरन बिलेट्स टीएमटी बार्स वायर रॉड्स और डक्टाइल आयरन पाइप्स जैसे उत्पादों का उत्पादन करती है।

# डॉ पूजा को दिल्ली विधानसभा में भारत विभूषण पुरस्कार से किया गया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बेरमो/नयी दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा सीएम कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित एक भव्य समारोह में, शैलपुत्री कात्यायनी फाउंडेशन की निदेशक और विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र (बिहार और झारखंड) की समयदानी कार्यकर्ता डॉ पूजा को मानवतावादी सहायता और सामाजिक नवाचार में प्रतिष्ठित नेतृत्व के लिए प्रतिष्ठित भारत विभूषण पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया।

इस समारोह में मुख्य अतिथि राम निवास गोयल, अध्यक्ष दिल्ली विधानसभा, अतिथि पद्म श्री डॉ राम चेत चौधरी प्रतिभागी ग्रामीण विकास फाउंडेशन, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश और अतिथि यायुम गंगकाक, संस्थापक, सिरू रिजो चाय, अरुणाचल प्रदेश की व्यवसायी ताइकून ने भाग लिया। डॉ पूजा की मानवतावादी सहायता और सामाजिक नवाचार में उनकी निरंतर प्रयासों और समर्पण ने उन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार दिलाया है। उनके कार्यों ने अनेक जीवनों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है, और यह पुरस्कार उनके द्वारा एक बेहतर दुनिया बनाने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी की उपाध्यक्ष डॉ पूजा की इस अद्वितीय उपलब्धि पर कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन के सचिव धीरज कुमार पांडे, प्रधानाचार्य रणसुमन सिंह, कुमार गौरव एवं समस्त आचार्य जी एवं दीदी जी हार्दिक बधाई देते हैं।

## एक नजर में

### दुमका : पुणे मजदूरी करने गया मजदूर पति लापता पत्नी से एसपी से लगायी न्याय की गुहार

**दुमका।** पुणे मजदूरी करने गये लापता मजदूर पति की तलाश को लेकर पत्नी ने एसपी को सोमवार को आवेदन सौंप न्याय की गुहार लगायी है। आवेदन में जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के गंगवारा गांव निवासी बड़की देवी ने एसपी को आवेदन सौंप पता लगाने की गुहार लगायी है। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 18 वर्ष पूर्व साहेब राम मांझी से हुई थी। दोनों से एक पुत्र भी है। उसका पति अक्सर रोजगार की तलाश में अन्य प्रदेशों में जाता रहा है। छह माह पूर्व बिहार के बांका जिला के बौंसी थाना क्षेत्र के कगवा गांव निवासी ठेकेदार अभिषेक रजक, पिता लाल रजक के मोबाईल नंबर 8252612972 से फोन कर पुणे मजदूरी करने के लिए ले गया था। आवेदन में पीड़िता ने बताया कि 25 दिन से उसके पति से कोई बातचीत नहीं हो पायी है। पीड़िता ने ठेकेदार पर पति का मोबाईल जप्त करने का आरोप लगाते हुए बताया कि 25 दिन पूर्व उसके पति ने फोन कर लौटने और ट्रेन छूटने की बात कह बाद में घर आने की बात कही थी। पीड़िता ने पति का फोन आरोपी ठेकेदार पर छीनने का आरोप लगायी है। ठेकेदार से बात करने पर पति के लापता होने की बात कहा। पीड़िता ने आवेदन में अंकित नंबर के धाकर ठेकेदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए एसपी से न्याय की गुहार लगायी है। इधर ठेकेदार अभिषेक के मोबाईल नंबर पर संपर्क करने पर बताया कि साहेब राम मांझी अपने ससुराल के दो लोगों के साथ घर के लिए निकला था। शराब के नशे का आदी था। महाराष्ट्र के पुणे जिले के शिवाजी नगर रेलवे स्टेशन से बिछड़ गया। काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चला।आशंका है कि नशे के हालत में दूसरे ट्रेन पकड़ लिया होगा।

### बोकारो थर्मल कार्मल स्कूल में किया गया खीस्त राजा जयंती समारोह का आयोजन



**बेरमो।** कार्मल स्कूल बोकारो थर्मल में ईसाई समुदाई के लोगों के द्वारा रविवार को खीस्त राजा जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खीस्त राजा ईशा मसीह का मिस्सा पूजा बलिदान चढ़ाया गया। साथ ही ईशा मसीह को अपना राज घोषित करते हुए प्रार्थना किया गया। यहां फादर माइकल लकड़ा ने उपस्थित लोगों को खीस्त राजा प्रभु ईसा मशीह के जीवनी को बतलाते हुए कहा कि खीस्त राजा ही दुनिया के रक्षक है। जो सभी का कल्याण करते हैं। यहां प्रभु ईसा मशीह का बाल रूप माता मरियम आदि झांकी भी छात्र छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया। साथ ही खीस्त राजा के साथ बोकारो थर्मल में जुलुश भी निकाला गया जो कार्मल स्कूल से शुरू होकर लाल चौक, झारखंड चौक आदि चौक चौराहों का भ्रमण करते हुए वापस कार्मल स्कूल समारोह स्थल पहुंचा। इस अवसर पर जारंगडीह ढोरी माता तीर्थालय, कुरपनियां, करगली आदि स्थानों से ईमानवेल टेटे, निरंजन कुजूर, सिमोन राज, जेम्स राजन आदि फादर एवं ईसाई समुदाय के खीस्त ईसाई विश्वासी परिवार के लोग उपस्थित हुए।

### उपरघाट नारायणपुर मे बुजुर्ग व्यक्ति को तलवार से हमला कर किया घायल, आरोपी फरार



**उपरघाट।** पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नारायणपुर कुम्हार टोला के रहमान अंसारी को नारायणपुर कुम्हार टोला का ही निवासी कादिर उर्फ बेहरा द्वारा तलवार से जान लेवा हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी घटना 23 नवम्बर को संध्या 6 बजे के करीब घायल कर दिया। घायल रहमान अंसारी के परिजनों ने घटना के संबंध में बताया की उक्त व्यक्ति से हमलोगों का किसी तरह का कोई रंजिस नही था ओर ना ही कभी किसी प्रकार से कोई मतभेद हुआ है। लेकिन उक्त व्यक्ति आये दिन चोरी एवं बदमासी के जुर्म मे जेल का चक्कर लगाता रहता है। 23 नवंबर को संध्या बेहरा उर्फ कादिर अंसारी नशे मे धुत होकर हांथ मे तलवार लिए घूम रहा था और बिना वजह के गंदी गंदी गलियां गली मोहल्ले मे दे रहा था और बोले जा रहा था की मै जयराम महतो का आदमी हूं अब मेरा कोई कुछ नही बिगाड़ सकता सकता है। अब मै जिसको चाहूंगा काट कर रख दूंगा इसी दौरान उक्त बुजर्ग व्यक्ति ने उसे समझाने का प्रयास किया। लेकिन उक्त व्यक्ति नशे मे धुत उसी बुजर्ग व्यक्ति पर ताबड़ तोड़ हमला कर शरीर के कई जगह पर वार कर दिया। घटना के बाद हो हल्ला करने से ग्रामीणों ने आकर उसकी जान बचाई। इस मामले का लिखित आवेदन पेंक नारायणपुर थाना मे दिया गया है। लेकिन बुजुर्ग के परिजनों का आरोप है की अभी तक उक्त आरोपी पर कोई कार्यवाई पेंक नारायणपुर थाना द्वारा नही किया गया है। इस मामले पर पेंक नारायणपुर थाना प्रभारी अनिल कुमार लिंडा से पूछने पर बताया की मामले में एफ आई आर दर्ज कर लिया गया है। बहुत जल्द कार्यवाई कर उक्त आरोपी को जेल भेजा जायेगा।

### पंचायत कार्यालयों को क्रियाशील बनाये: बीडीओ



**गिरिडीह।** सोमवार को जमुआ बीडीओ अमल कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से बीपीओ राजकुमार हेम्ब्रम एवं गणेश कुमार सहायक अभियंता आकाश गुप्ता के अलावे सभी कनिय अभियंता, पंचायत सचिव, जनसेवक, रोजगार सेवक,स्वयंसेवक एवं बीएफटी आदि उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान बीडीओ ने कहा कि सभी लोग अपने अपने पंचायत सचिवालयों को सुचारू रूप से क्रियाशील बनायें कहा कि कल से विभिन्न पंचायतों का निरीक्षण एवं क्षेत्र भ्रमण होना है। निरीक्षण के दौरान अगर कोई कर्मी अनुपस्थिति पाए गए तो उसपर निश्चित कार्यवाई की जाएगी। कहा कि सभी कर्मी बायोमेट्रिक हाजरी बनाये,अब संबंधित कर्मियों का पेमेन्ट बायोमेट्रिक अटेंडेंसन के आधार पर दिया जाएगा। समीक्ष बैठक में सर्वप्रथम इंदिरा आवास, पीएम आवास, अम्बेडकर आवास एवं अबुवा आवास का पंचायत वार समीक्षा किया समीक्षा के दौरान वित्तीय वर्ष 2016-17 से लेकर 2022-23 तक के लंबित सभी आवासों को दस दिनों के अंदर पूर्ण कराने का निर्देश संबंधित पंचायत सचिवों को दिया गया।वहीं पीएम आवास में मनरेगा मजदूरों का सत्प्रतिषत मजदूरी भुगतान करते हुवे एमआईएस में क्लोज करने, सत्प्रतिषत मजदूरों को सौ दिन रोजगार देने पिछले दो से तीन वितीय वर्ष में लंबित सभी तरह के योजनाओं को एमआईएस में बंद करने, पंचायतों को मिले टारगेट के अनुसार पीडी जेनरेट करने,रिजेक्टेड एफटीओ का आधार एवं अकॉउंट संसोधन करवाते हुवे पुनः एमआईएस करने,जॉब कार्ड वेरिफिकेश करने सहित दर्जनों तरह का निर्देश दिया गया। मनरेगा के वैसे सारे योजनाएं जिसमे 75 प्रतिशत भुक्तना हो चुका है उसे शीघ्र एमआईएस में बंद करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में उपरोक्त के अलावे लेखा सहायक उमेश कुमार, अभियंता हिमांशू शेखर सिंह, खुर्शीद अंसारी, उत्तम कुमार, युधिष्टिर मंडल, कमेशर मरांडी,नरेश दास,सुमंत कुमार मुन्ना एवं रोजगार सेवक, याकूब अंसारी, नेहाल अहमद, मंजू कुमारी, संतोष मुर्मू, मुमताज अंसारी, जिल्लानी अंसारी, पप्पू कुमार, शेमशेर अंसारी सहित सभी रोजगार सेवक कनिये अभियंता,कम्प्यूटर ऑपरेटर, बीएफटी आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### बोकारो : तलाशी अभियान में भारी मात्रा में स्पिरिट बरामद



बोकारो। उपायुक्त बोकारो के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन में जिला उत्पाद बल ने चास मुफस्सिल थाना अंतर्गत तेलमच्चो टोल प्लाजा के पास गश्ती के दौरान एक नीले रंग के इंट्रा पिकअप जे एच09बीएच2016 की तलाशी लेने पर उस पर सब्जी के कैरेट के नीचे 41 नीले रंग के जरकीन में अवैध स्पिरिट बरामद किया। संलिप्त अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापामारी दल में निरीक्षक उत्पाद बिजय कुमार पाल अवर निरीक्षक सदर-सह-तेनुघाट सन्नी विवेक तिर्कीअवर निरीक्षक बेरमो-सह-चंदपुरा महेश दास आदि उपस्थित थे।

### दुमका : पति के हत्यारोपी की गिरफ्तारी की मांग

दुमका। पिटाई से घायल 40 वर्षीय युवक की फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दुमका में इलाज के दौरान मौत हो गई है। यह घटना बीते 24 नवम्बर को जामा थाना क्षेत्र के सुगनीबाद गांव के साप्ताहिक हाट में घटी थी। इस मामले में मृतक की पत्नी प्रमिला हेम्ब्रम ने ऊपररेंगरी गांव के गुड्डू कापरी पर पति राजेन्द्र सोरेन की पीट-पीटकर हत्या कर देने का आरोप लगाते हुए नगर थाना की पुलिस को बयान दी है। महिला का आरोप है कि उसके पति 24 नवंबर को घर से यह कहकर निकला था कि वह सुगनीबाद गांव के साप्ताहिक हाट जा रहा है। वापस लौटने के दौरान उसके पति खून से लथपथ हालत में सड़क के किनारे पड़ा मिला। परिजनों से सूचना मिलने पर जब वह सड़क के किनारे पहुंची तो पति जख्मी हालत में पड़ा था। आनन-फानन में महिला ने अपने पति को इलाज के लिए पीजेएमसीएच अस्पताल में भर्ती करायी। पति के चेहरे एवं मुंह में गहरा जख्मी का निशान था। होश आने पर पति ने ऊपररेंगनी गांव के गुड्डू कापरी पर मारपीट कर अधमरा कर देने का आरोप लगाया। युवक ने पत्नी से सारी आपबीती बता बेहोश हो गया। सिर में चोट लगने की वजह से पत्नी ने पति की सिटी स्केन करवायी। सिटी स्केन करने के बाद उसकी हालत और अधिक खराब हो गई। इलाज के दौरान राजेन्द्र सोरेन की मौत हो गई। नगर थाना की पुलिस ने महिला का फर्द बयान लेने के शव का पोस्टमार्टम कराया और उसके परिजनों को सौंप दिया। नगर थाना की पुलिस ने फर्द बयान को जामा थाना भेज दिया है। जामा थाना में ही उक्त आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

### एसपी के बीएड कॉलेज में मना सद्भावना दिवस

दुमका। एसपी कॉलेज के बीएड विभाग के एनएसएस इकाई 12 ने सोमवार को कॉलेज में सद्भावना दिवस मनाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एसकेएमयू एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ धनंजय कुमार मिश्रा ने किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को बताया कि समाज में विभिन्न जाति, संस्कृति और धर्म के लोग रहते हैं। लेकिन हम सभी अलग होते हुए भी एक हैं। हम सभी भारतीय हैं और इस पद्धति को बरकरार रखना है। इकाई-12 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रंजीत कुमार दुबे ने भी स्वयंसेवकों को जागरूक करते हुए अपने देश के प्रति एकता बनाये रखने को प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने यह प्रतिज्ञा लिया कि चाहे हम कितना भी अलग क्यों नहीं हो, अलग होकर भी हम सब एक हैं।

## दुमका : फ्रंटियर्स इन एकेडमिक रिसर्च नामक बहुविषयक जर्नल विवि करेगी प्रकाशित

# एसकेएमयू के जर्नल को मिला आइएसएसएन नंबर

**जर्नल का शुभारंभ नवंबर 2023 में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कांफ्रेंस से किया गया था**

**यह जर्नल अर्धवार्षिक होने वाला है, जो हर साल अप्रैल और सितंबर में प्रकाशित होगा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




प्रकाशित होने वाले जर्नल का कवर पेज।

**दुमका।** सिदो कान्हो मुर्मू विश्वविद्यालय के जर्नल को आईएसएसएन नंबर मिल गया है। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने सोमवार को दी।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने फ्रंटियर्स इन एकेडमिक रिसर्च नामक बहुविषयक जर्नल की शुरूआत की है। उक्त जर्नल का शुभारंभ नवंबर 2023 में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कांफ्रेंस से किया गया था। विदित हो कि इसके पूर्व भी 2016 में तत्कालीन कुलपति प्रो कमर अहसन के कार्यकाल में विश्वविद्यालय स्तर पर जर्नल शुरू करने की पहल हुई थी। इसके कुछ अंक भी प्रकाशित हुए थे। लेकिन आईएसएसएन नंबर के अभाव में वह जर्नल बंद हो गया था। अब पहली बार विश्वविद्यालय को अपने जर्नल के लिए आईएसएसएन नंबर मिला है। जिसका पहला अंक बहुत जल्द प्रकाशित होने वाला है। यह जर्नल अर्धवार्षिक होने वाला है।

जो हर साल अप्रैल और सितंबर में प्रकाशित होगा। इस जर्नल में सभी विषयों के विद्वान अपने आलेख भेज सकते हैं। विश्वविद्यालय के इस जर्नल को आईएसएसएन नंबर दिलाने में स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ संजीव कुमार सिन्हा की भूमिका अहम रही। उनके लगातार प्रयास का ही नतीजा है कि जर्नल को आईएसएसएन नंबर मिल पाया है। अब इस जर्नल में आलेख प्रकाशित होने से शोधार्थियों को पीएचडी के साथ-साथ असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति में मदद मिलेगी। वहीं शिक्षकों को प्रमोशन में भी मदद मिलेगी। जर्नल को आईएसएसएन नंबर मिलने की जानकारी देते हुए डॉ संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है कि अब हमारा विश्वविद्यालय अर्धवार्षिक जर्नल भी प्रकाशित करेगा।

जिसके लिए आईएसएसएन नंबर प्राप्त हुआ है। कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय से निकलने वाला यह अर्धवार्षिक जर्नल इस क्षेत्र के आईने की तरह काम करेगा। इस जर्नल में इस क्षेत्र की समस्याओं पर शोध आलेख प्रकाशित होंगे। जिससे स्थानीय समस्याओं को उजागर करने के साथ उनका समाधान खोजने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि विवि का अपना जर्नल होने से उसे नैक में बेहतर ग्रेड प्राप्त करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अब हम इस जर्नल को यूजीसी सूची में शामिल कराने की दिशा में काम करेंगे।

# कुमार जय मंगल की जीत पर कथारा के मजदूरों ने हर्ष जताया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बेरमो विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन के प्रत्याशी कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह के जीत पर कथारा कोलियरी के बेस वर्कशॉप में मजदूरों की एक सभा हुई। जिसकी अध्यक्षता सुजीत कुमार मिश्रा व संचालन आशीष चक्रवर्ती ने किया। मजदूरों के बीच अपनी बात रखते हुए यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने कहा अभी तक के चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी कुमार जय मंगल सिंह की सबसे बड़े जीत के अंतराल का यह परचम लहराया है। अनूप सिंह के द्वारा क्षेत्र में किए गए विकास को लेकर क्षेत्र की जनता ने विकास पर अपना मोहर लगाया है। हर कामों में विधायक के द्वारा लगनशीलता का परिणाम रहा है की क्षेत्र के लोगों का विश्वास विधायक के प्रति बड़ा है। अपने समय का सदुपयोग विधानसभा के समृद्ध विकास के लिए विधायक के द्वारा किया गया। विधायक के नेतृत्व में कोयला मजदूरों का भविष्य भी उज्जवल है। सुजीत मिश्रा के द्वारा उपस्थित सभी श्रमिकों के बीच मिठाई वितरण कर खुशी का इजहार किया गया। इस अवसर पर आशीष चक्रवर्ती मो अंसारी, अरुण सिंह, देवाशीष गणेश गोप, गोपाल राम, तुलसी विजय नायक शिवलाल टुडू सुलेंद्र चौहान मुर्तजा, मो शमीम रोज सुलेखा देवी बालेश्वरी देवी व अन्य शामिल थे।

# चिरकुंडा के होटल में तोड़फोड़ एवं मारपीट

**एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**मैथन।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र के सरसापहाड़ी स्थित होटल पटियाला में तोड़फोड़ व मारपीट के मामले में होटल मालिक निर्मल सिंह की शिकायत पर चिरकुंडा पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। साथ ही आरोपी नईम शेख को चिरकुंडा पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में होटल के संचालक निर्मल सिंह द्वारा दर्ज शिकायत में कहा कि रविवार को दोपहर 2 बजे विष्णु सिंह बंगाल पाड़ा, मुगमा निवासी होटल आया और मुकेश सिंह के नाम लेकर दो रूम बुक किया और 2 हजार रुपये अग्रिम जमा किया। विष्णु सिंह शाम को पुनः 7 बजे होटल आया और रिसेप्शनिस्ट से बुक कराए गए रूम की चाबी मांगने लगा, तो रिसेप्शनिस्ट द्वारा उनका पहचान पत्र मांगा गया, तो वह दोनों व्यक्ति काफी उत्तेजित हो गये और अश्लील भाषा का प्रयोग करते हुए गाली गलौज करने लगे। उत्तेजित आवाज सुनकर चार अन्य लोग रिसेप्शन काउंटर पर पहुंच गए और गाली गलौज करने लगे। तब मैंने उनकी अग्रिम राशि 2 हजार रुपये ऑनलाइन वापस कर दी। जिसका यूपीआई नंबर 7477895 335 है और जिसके धारक जनता सिंह हैं। अग्रिम राशि वापस लेने के बाद सभी व्यक्ति गाली गलौज करते हुए होटल से बाहर जाने लगे। मैं भी उनके पीछे-पीछे होटल के दरवाजे तक आया, तो देखा कि लाल रंग की डिक्सन गाड़ी जिसका संख्या डब्लुबी 40 एजे 4091 में कुछ व्यक्ति बैठ रहे हैं और कुछ व्यक्ति ग्रे रंग की सेंट्रो गाड़ी में बैठकर निरसा की ओर चले गए। फिर रात करीब 8:30 बजे उन दोनों गाड़ी में सवार व्यक्तियों के अलावा 30 से 35 अन्य लोग अलग-अलग गाड़ियों में सवार होकर होटल आए और तोड़फोड़ करने लगे। हस्तक्षेप करने पर सभी लोग उग्र होकर मारपीट करने लगे। उन लोगों के पास तेजधार हथियार और लाठी-डंडा से मारने लगे। वहां पुलिस गाड़ी खड़ी थी, उस पर भी उन लोगों द्वारा पथराव किया गया। मेरे पास ट्रांसपोर्ट का भाड़ा 46 हजार रुपये था, जो उन लोगों द्वारा छीन लिया गया तथा मेरे गले से सोने का चेन मुकेश नाम के व्यक्ति ने छीन लिया। उनके साथ अन्य व्यक्ति भी थे, जिनका नाम नईम शेख, राहुल धीवर, मुकेश सिंह, जनता सिंह, विष्णु सिंह यह लोग भी शामिल थे। ये सारे वारदात उनके होटल के सीसीटीवी कैमरे में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। थाना प्रभारी रामजी राय ने कहा कि लिखित शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# भागलपुर मे आयोजित एचएफएस कार्निवल प्रतियोगिता में करगली कार्मेल स्कूल के बच्चो का शानदार प्रदर्शन




**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** होली फैमिली स्कूल, भागलपुर में एचएफएस कार्निवल 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें पोरय्याहाट होली फैमिली सोसायटी द्वारा संचालित झारखंड, पश्चिम बंगाल एवं बिहार के विभिन्न 7 विद्यालयों ने भाग लिया। इस अवसर पर कई अंतर विद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कार्मेल स्कूल करगली के 27 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्मल स्कूल करगली के कई विद्यार्थियों ने उत्तम प्रदर्शन किया और पुरस्कृत भी किए गए।

# राष्ट्रीय सीनियर कबड्डी चैंपियनशिप के लिए झारखण्ड टीम की घोषणा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** 30 नवंबर से 2 दिसंबर तक चंडीगढ़ में आयोजित हो रहे 17वीं राष्ट्रीय सीनियर सर्किल कबड्डी चैंपियनशिप के लिए झारखण्ड टीम की घोषणा कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड के अध्यक्ष गोपाल ठाकुर ने की। टीम के खिलाडियों का चयन गोल्फ ग्राउंड धनबाद में संपन्न एक दिवसीय सेल तीन सेलेक्शन ट्रायल के पश्चात किया गया। टीम में कुलदीप कुमार कप्तान आयुष्मान कुमार पंकज कुमार सभी बोकारो के एवं जय कुमार पासवान संग्राम कुमार सिंह मो कैफ अंसारी सुमित कुमार निशांत कुमार बलराम कुमार तांती दीपक कुमार राकेश हजम आयुष कुमार बापी हाजरा धनबाद एवं बिट्टू कुमार जामताड़ा शामिल है। सौरव कुमार को टीम कोच एवं गोपाल गोप को टीम प्रबंधक बनाया गया है। टीम को शुभकामनाएं देने वालों में कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड के संरक्षक बिपिन कुमार सिंह पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा महासचिव मुकेश कुमार सिंह धनबाद जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष शंकर चौधरी, सचिव राहुल आनंद, चयनकर्ता आलोक कुमार, रीतेश कुमार सिंह, उपेन्द्र कुमार सहित संघ के सभी सदस्यों के नाम शामिल है।

# परिणाम से सबक

महाराष्ट्र में भाजपा नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन की अप्रत्याशित जीत ने सबको चौंकाया तो वहीं झारखंड में इंडिया इतनी बड़ी कामयाबी की उम्मीद शायद भाजपा गठबंधन को भी नहीं रही होगी। वहीं दूसरी ओर भले ही झारखंड में झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन ने सत्ता बरकरार रखी हो, मगर महाराष्ट्र की महाविजय झारखंड के मुकाबले अधिक महत्वपूर्ण है, जिसके गहरे निहितार्थ हैं। कांग्रेस भी हरियाणा में मिले झटके से कोई सबक नहीं सीख पायी। इसके विपरीत, महायुति ने मतदाताओं को लुभाने के लिये हर संभव प्रयास किया। खासकर महिला केंद्रित लाड़ली बहन योजना जैसी कल्याणकारी योजनाओं ने अद्भुत काम किया। वहीं दूसरी ओर महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन के जो मुद्दे चले, वे झारखंड में निष्प्रभावी रहे। हेमंत सोरेन झारखंड की जनता को विश्वास दिलाने में कामयाब रहे कि वे आदिवासी हितैषी हैं। एक हैं तो सेफ हैं का नारा तथा घुसपैठियों का मुद्दा झारखंड के लोगों को रास नहीं आया। कहीं न कहीं प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कथित भ्रष्टाचार के आरोप में हेमंत सोरेन के खिलाफ हुई कार्रवाई उनके लिये सहानुभूति जगाने की वजह बनी। वहीं महिलाओं के खातों में गई एकमुश्त रकम ने उन्हें बड़ा संबल दिया। महिला कल्याण केंद्रित योजनाओं के चलते महिला वोटर महाराष्ट्र और झारखंड में निर्णायक साबित हुए। लेकिन दोनों राज्यों के चुनाव परिणाम कांग्रेस के लिये बड़ा झटका हैं। एक ओर जहां वह झारखंड में झामुमो के कनिष्ठ सहयोगी के रूप में सरकार का हिस्सा रहेगी, वहीं महाराष्ट्र में हुई हार ने उसे इंडिया गठबंधन में बड़ी भूमिका निभाने की स्थिति को कमजोर किया है। आशा है भविष्य की रणनीति बनाने में उसके लिये महाराष्ट्र के सबक मददगार साबित होंगे। झारखंड औरमहाराष्ट्र की जीत एक स्थायी सरकार पर मुहर लगाती है।

## कार्टून वर्ल्ड







## आज का राशिफल

**मेष : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-3-7-9**

**वृष : कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। मांगलिक कार्योक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-3-4-6**

**मिथुन : स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-3-6-9**

**कर्क : पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-5-8-9**

**सिंह : कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-3-5-7**

**कन्या : पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-3-4-8**

**तुला : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-3-5-8**

**वृश्चिक : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-4-6-9**

**धनु : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शुभांक-6-7-9**

**मकर : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। शुभांक-5-7-9**

**कुंभ : हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें। शुभांक-3-5-7**

**मीन : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-2-4-6**

# धीमी न्यायिक प्रक्रिया के विकल्प पर सोचना होगा

**सुप्रीम कोर्ट** ने बुलडोजर कार्रवाई को नियंत्रित करते वक्त एक तथ्य पर ध्यान नहीं दिया है। हमारे यहां आपराधिक मामलों की सुनवाई की जो प्रक्रिया है और उसमें जिस तरह की देर लगती है, उसे अपराध करने वालों ने अपने लिए आड़ बना रखा है।

उलेमा बनाम उत्तरी दिल्ली मामले पर सुनवाई के दौरान जिस तरह सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणियां की थीं, इस मामले पर आए फैसले का अंदेशा उनसे हो गया था। सबसे बड़ी अदालत ने बुलडोजर कार्रवाई पर पूरी रोक तो नहीं लगाई है, लेकिन इसके लिए मानक प्रक्रिया बनाकर राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों के हाथ जरूर बांध दिए हैं। जैसा कि हर फैसले के साथ होता है, हर पक्ष अपने-अपने हिसाब से इसकी व्याख्या कर रहा है। बुलडोजर कार्रवाई के विरोधी इसे अपनी जीत बता रहे हैं, वहीं इसके समर्थक इस फैसले में भी कार्रवाई के लिए राह खोज रहे हैं। इससे साफ है कि बुलडोजर न्याय सिर्फ स्पीड ब्रेकर का काम करेगा, ब्रेक नहीं बन पाएगा। स्पीड ब्रेकर तेज रफ्तार वाहनों की रफ्तार को धीमी करता है, जबकि ब्रेक गाड़ी को रोक देता है। यह फैसला भी कुछ इसी तरह का साबित होने जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई को नियंत्रित करते वक्त एक तथ्य पर ध्यान नहीं दिया है। हमारे यहां आपराधिक मामलों की सुनवाई की जो प्रक्रिया है और उसमें जिस तरह की देर लगती है, उसे अपराध करने वालों ने अपने लिए आड़ बना रखा है। बरसों तक धीमी गति से चलने वाली न्यायिक प्रक्रिया का एक संदेश यह है कि ताकतवर चाहे तो अपराध करने के बावजूद प्रक्रिया की घुमावदार गलियों में न्यायिक फैसले को टाल सकता है। यह टालना इतना लंबा हो जाता है कि एक तरह से वह न्याय से इनकार हो जाता है। देर है पर अंधेर नहीं की सोच भी उबाऊ और धीमी न्यायिक प्रक्रिया के सामने धुंधली होते-होते समाप्त हो जाती है। इसी घुमावदार और लंबी-धीमी न्यायिक प्रक्रिया का विकल्प बनकर बुलडोजर न्याय उभरा था। राज्य सरकारों ने इसे त्वरित न्याय के साधन के तौर पर अपनाया और देखत ही देखते अपराधमुक्त समाज की चाहत रखने वालों की चहेती बन बैठीं।

सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई की मानक प्रक्रिया बनाते हुए त्वरित न्याय के विकल्प या न्यायिक प्रक्रिया की घुमावदार गलियों को पूरी तरह नजरंदाज किया है। यही वजह है कि इस फैसले के बाद अपराधियों,



गैंगस्टरों, असामाजिक तत्वों के उभार को लेकर समाज का एक बड़ा वर्ग सशंकित हो उठा है। देश की सबसे बड़ी अदालत होने के चलते सुप्रीम कोर्ट को इस सामाजिक सोच का भी संज्ञान लेना चाहिए और उसे भी आश्वस्त करना चाहिए कि उसके फैसले के



- उमेश चतुर्वेदी

> अब तक बुलडोजर कार्रवाई नगर पालिकाओं, पंचायती राज संस्थाओं का विषय रहा है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद इसे में स्थानीय जिला अधिकारी और उप जिलाधिकारी भी शामिल हो गए हैं। अवैध कब्जे और अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई जिला अधिकारी की निगरानी में होगी और इसके लिए मान्य प्रक्रिया और नोटिस आदि देने की अवधि का पूरी तरह निर्वहण किया

बावजूद किसी गैंगस्टर, कोई अपराधी या समाज विरोधी तत्व को कमजोर तबके की जमीनों या सार्वजनिक संपत्तियों के अतिक्रमण का हक नहीं मिल जाता।

सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला उत्तरी दिल्ली के एक मामले में दिया है। अप्रैल 2022 में दिल्ली के जहांगीर पुरी में रामनवमी के दिन निकले जुलूस पर एक मस्जिद और उस इलाके से जुलूस पर हुए पथराव और उससे उपजी हिंसा के जवाब में दिल्ली नगर निगम ने अवैध अतिक्रमणों को हटाने के लिए बुलडोजर कार्रवाई की थी। इस कार्रवाई को सांप्रदायिक कार्रवाई का रंग देते हुए सेकुलर धारा के दिग्गज वकीलों मसलन कपिल सिब्बल आदि ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। भले ही सुनवाई इसी मामले की होती रही, लेकिन संदेश ऐसा गया मानो उत्तर प्रदेश की सरकार की बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ सुनवाई हो रही है। इसकी वजह यह रही कि उत्तर प्रदेश की सरकार ने त्वरित न्याय के विकल्प के रूप में इसे अपनाया। तब उत्तर प्रदेश सरकार को लेकर यह छवि बनाई गई कि वह सिर्फ अल्पसंख्यक यानी मुस्लिम तबकों के खिलाफ ही बुलडोजर कार्रवाई करती है। जबकि योगी सरकार ने बिरादरी से ब्राह्मण लेकिन कर्म से माफिया और गैंगस्टर विकास दुबे के खिलाफ भी इस कार्रवाई को किया। भदोही के बिरादरी से पंडित गैंगस्टर और राजनेता विजय मिश्रा की अतिक्रमित संपत्तियां भी उत्तर प्रदेश सरकार के निशाने पर रहीं। लेकिन प्रचारित सिर्फ अतीक, मुख्तार जैसे मुस्लिम दबंगों और माफियाओं की संपत्तियों के खिलाफ हुई कार्रवाई ही की जाती रहीं। इस बहाने त्वरित न्याय के इस सरकारी विकल्प को हिंदुत्ववादी राजनीतिक दर्शन का ना सिर्फ नतीजा बताया गया, बल्कि यह नैरेटिव स्थापित कर दिया गया। इसीलिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर आम लोगों के बीच संदेश यही गया है कि यह उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ आया फैसला है।

बुलडोजर कार्रवाई को लेकर प्रचारित सिर्फ योगी सरकार रही, लेकिन अवैध अतिक्रमण के खिलाफ आंध्र, तेलंगाना, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश आदि सरकारों ने भी की है। एक आंकड़े के मुताबिक, पिछले सात सालों में करीब 2000 अवैध अतिक्रमण बुलडोजर कार्रवाई में ढहाए गए। जिनमें सबसे ज्यादा करीब डेढ़ हजार मामले उत्तर प्रदेश के ही रहे। लेकिन उत्तर प्रदेश में इस कार्रवाई से खाली कराई गई जमीनों को कमजोर तबकों में बांटा भी गया है। करीब सात सौ ऐसे प्लॉट बांटे जा चुके हैं। इसकी चर्चा कम हो रही है।

निश्चित तौर पर इससे किसी को इनकार नहीं होगा कि किसी अपराधी के अपराध की कीमत उसका पूरा परिवार अपना घर गवांकर क्यों चुकाए। लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि अपराधी का घर भी अगर सरकारी तंत्र के निशाने पर बना तो उसकी वजह उसका नियमित निर्माण नहीं, बल्कि अवैध कब्जा और अतिक्रमण रहा।

अब तक बुलडोजर कार्रवाई नगर पालिकाओं, पंचायती राज संस्थाओं का विषय रहा है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद इसे में स्थानीय जिला अधिकारी और उप जिलाधिकारी भी शामिल हो गए हैं। अवैध कब्जे और अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई जिला अधिकारी की निगरानी में होगी और इसके लिए मान्य प्रक्रिया और नोटिस आदि देने की अवधि का पूरी तरह निर्वहण किया जाएगा। इस प्रक्रिया की राह में एक बाधा नजर आ रही है। जिला प्रशासन समय और काम के बोझ का बहाना बनाकर ऐसी कार्रवाइयों को टाल सकता है। अपराधी, माफिया और गैंगस्टर कब्जे करते रहेंगे, और धीमी न्यायिक प्रक्रिया के चलते वे अपने अपराध को प्रकारांतर से स्थापित करते रहेंगे। इससे त्वरित न्याय प्रक्रिया की वैकल्पिक सोच भी कुंद होगी। ऐसे में न्याय की उम्मीद भी धुंधली होगी। ऐसे में आपराधिक तत्वों पर लगाम लगा पाना आसान नहीं रह जाएगा।

बुलडोजर कार्रवाई के माननीकरण वाले फैसले के बाद खास नैरेटिव को बढ़ावा मिलेगा। यह धारणा बलवती होगी कि सिर्फ हिंदुत्ववादी सरकारें ही बुलडोजर न्याय पर भरोसा करती हैं। सुप्रीम कोर्ट तो खुद मीडिया के बीच इस छवि के खंडन के लिए जा नहीं सकता। लगे हाथों सुप्रीम कोर्ट को न्याय में देरी और उसकी धीमी प्रक्रिया को भी नियंत्रित करने की कोशिश करनी चाहिए।

## लेटर टू एडिटर

### रेवड़ी संस्कृति

**आज** रेवड़ी संस्कृति के दौर में प्रासंगिक लगा। आज राजनीति को रेवड़ी हाथ लग गई है और वह लगातार जनता को अपने मतलब के लिए बेवकूफ बनाकर सत्ता सुख भोग रही है। लोग भी लालच में इतने अंधे हो गए हैं कि उन्हें अपने मतलब के सिवा कुछ और नहीं सूझ रहा। आज एक नीतिगत और जनकल्याणकारी घोषणा पत्र की जरूरत है जो लालच नहीं विकासवादी हो।

**-अमृतलाल सिंह, रांची**

### स्वच्छता जिम्मेदारी

**पीएम** शुरू किया गया स्वच्छ भारत अभियान महात्मा गांधी के स्वच्छता के सपनों को साकार करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। हालांकि, कुछ राज्यों में स्वच्छता के मामले में सुधार की कमी है। डब्लू एच ओ के अनुसार, भारत में हर व्यक्ति औसतन 6500 रुपये बीमारियों पर खर्च करता है। हमें मिलकर इस दिशा में कदम उठाने की आवश्यकता है।

**- रवि, रांची**

## ट्वीट

**पूर्व** सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति एम जगन्नाथ राव जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। वे एक कुशल न्यायविद् थे जिन्होंने न्यायपालिका में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दिया।

मरांगबुरू दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को यह दुख सहने की शक्ति दें। विनम्र श्रद्धांजलि

**-हेमंत सोरेन, सीएम**

**चंदनकियारी** (सिलफोर पंचायत), बोकारो के वीर सपूत अग्निवीर अर्जुन महतो जी के शहीद होने की दुखद खबर ने हृदय को व्यथित कर दिया। परमात्मा से प्रार्थना है कि वीर शहीद की आत्मा को शांति प्रदान करें। - **कल्पना मुर्मू सोरेन, विधायक**

# इजराइल-ईरान संघर्ष बढ़ा पूरी दुनिया पर प्रभाव पड़ना निश्चित

**ललित मोहन बंसल, लॉस एंजेल्स से**

## सामयिक

**ईरान** ने खाड़ी में अपने वर्चस्व के लिए आतंकवादी संगठनों-लेबनान में हिज्बुल्लाह, फि लिस्तीन-गाजा में हमास और यमन में हाउती को खूब पाला-पोसा। अब इन्हीं की गलतियों की सजा अगर ईरान भुगतता है तो वह समझ ले कि शिया आतंकवादियों के माई-बाप आयतुल्ला खुमैनी को खाड़ी में सिर छुपाने की भी जगह नहीं मिलेगी?

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहु विवश होते जा रहे हैं कि वह अपनी अंतिम चाल चल दें, वहीं रूस खुले तौर पर और चीन दबे स्वर में इजराइल को घेरने की कोशिश में हैं। अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर खेमेबंदी जारी है। ध्यान में यह भी रहे कि अमेरिका में अगले महीने राष्ट्रपति चुनाव हैं। प्रतिष्ठा के इस चुनावी माहौल में डेमोक्रेट को चुनाव जीतना है तो राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस को इजराइल के पक्ष में खुल कर सामने आना होगा।

बेंजामिन नेतन्याहु ने ईरान की ओर से किए गए करीब डेढ़ सौ मिसाइल और ड्रोन हमलों के तुरंत बाद कैबिनेट मीटिंग में फैसला कर लिया कि ईरान ने दूसरी बार मिसाइलों व ड्रोन से सीधे हमला कर बड़ी भारी गलती कर दी है और जल्दी ही इसका करारा जवाब दिया जाएगा।

लेबनान में हिज्बुल्लाह के मुखिया हसन नस्रुल्लाह और उसके करीब एक दर्जन कमांडरों को मौत के मुँह में धकेलने के हफ़्ते-दस दिन बाद आयतुल्लाह खुमैनी के इशारे पर सोमवार रात ईरान ने इजराइल की राजधानी तेल अवीव और धर्मस्थल यरूशलम के पश्चिम तथा अन्याय शहरों को करीब डेढ़ सौ मिसाइलों और ड्रोन का सीकर बनाया है। मिसाइलों से हमले के लिए अमेरिका और इजराइल पहले से तैयार थे। वहीं, नेतन्याहु प्रशासन की नजरें व्हाइट हाउस पर टिक गयीं। बेंजामिन नेतन्याहु ने अपने मंत्रिमंडल में एक स्वर में फैसला कर लिया। वहीं, आयतुल्ला खुमैनी को इजराइल पर मिसाइल छोड़ने पड़े क्योंकि गत जुलाई में राष्ट्रपति मसूद पेशकियाँ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने आए हमास के पॉलिटिकल चीफ इस्माइल हानिये को तेहरान में ही लक्ष्यभेदी मिसाइली हमले में मार गिराया था। इसके बाद लेबनान में हिजबुल्ला के प्यादों को पेजर बम, बॉकी-टॉकी बम से हैरान परेशान किया तो अब हिजबुल्ला चीफ हसन नस्रुल्लाह समेत अनेक कमांडरों को जमींदोज कर दिया। हसन नस्रुल्लाह को तो इजरायली सेना ने सटीक निशाना साधते हुए जमीन के 200 फीट नीचे बने सुरक्षित बंकर में ही मौत की नींद सुला दिया। इससे हिजबुल्ला, हमास सहित ईरान और खुमैनी द्वारा पोषित सभी आतंकवादी घबरा गए और उनमें भगदड़ मचने लगी। इन्हें रोके रखने के लिए ही ईरान ने इजरायल पर निशाना साध कर मिसाइलें दागीं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने भारतीय समयानुसार मंगलवार शाम को इजराइल के सेना मुख्यालय सहित तेल अवीव और यरूशलम को निशाना बनाते हुए दूसरी बार एक असाधारण कृत्य किया है। इससे पहले इजराइली सेना मंगलवार सुबह सुबह लेबनान के दक्षिण में अपने टैंकों और बख्तरबंद गाड़ियों के साथ दलबल सहित घुस गई थी। उसने एक दिन पूर्व गाँव और बस्तियों को खाली करने की पहले चेतावनी दे दी थी। इस घटना पर मध्य पूर्व के इस्लामिक देशों में मातम पसरा हुआ है और जगह जगह से पलायन जारी है। बता दें, पिछली अप्रैल के बाद ईरान ने यह दूसरी बार इजराइल पर मिसाइल से बड़ा हमला किया है।

इस घटना पर संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने गहरी चिंता जताई है। बुधवार को सुरक्षा परिषद् की बैठक बुलाई गई है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने लेबनान में भारी तबाही और हिज्बुल्लाह के मुखिया हसन नस्रुल्लाह की ह्यहत्याह्न किये जाने पर इजराइल की कड़ी निंदा करते हुए तत्काल युद्ध विराम की माँग की है। चीन के प्रवक्ता ने भी इजरायली हमलों में हिज्बुल्लाह के मुखिया साहित दर्जन कमांडरों को लक्ष्य भेदी मिसाइलों से मार गिराये जाने पर इजराइल की निंदा की है।

इजराइली प्रशासन का आरोप है कि पिछले वर्ष सात अक्तूबर से गाजा पट्टी के लड़ाकों के साथ-साथ लेबनान में हिज्बुल्लाह के लड़ाकों ने इजराइल के उत्तर में रॉकेट लांचर छोड़ते हुए साठ हजार यहूदियों को घर-बेघर करने में का दुस्साहस किया, वर्तमान संघर्ष उसी का परिणाम है। अमेरिका पहले दिन से कहता आ रहा है कि इजराइल उसका मित्र देश है। उनकी सुरक्षा करना अमेरिका का दायित्व है। इजरायल ने भी कह दिया है कि ईरान ने यह अब तक की सबसे बड़ी भूल कर दी है और इसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ेगा।

# धीमी होती विकास दर बड़ी चिंता का विषय

## आर्थिक

> यह नजरिया फिर से जोर पकड़ रहा है कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) को नीतिगत दरों का निर्धारण करते समय खाद्य कीमतों की अनदेखी करनी चाहिए। यह मांग भी हो रही है कि नीतिगत ब्याज दरों को कम किया जाए। ऐसा करने वालों में वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी शामिल हैं। इस संदर्भ में यह देखना दिलचस्प होगा कि मुद्रास्फीति के वास्तविक हालात क्या हैं और रिजर्व बैंक का रुख कैसा है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति की दर अक्टूबर में 6.2 प्रतिशत रही जबकि सितंबर में यह 5.5 फीसदी थी।

### दबाव की अनदेखी नहीं

रिजर्व बैंक के अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद चालू वर्ष की दूसरी तिमाही में 6.7 फीसदी और तीसरी तिमाही में 7.6 फीसदी की दर से बढ़ेगा।

हाल के सप्ताहों में अर्थशास्त्र के कुछ विद्वानों ने कहा है कि भारत में आर्थिक गतिशीलता में धीमापन आ रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ताजा मासिक बुलेटिन में प्रकाशित आलेख द स्टेट ऑफ इकॉनमी (अर्थव्यवस्था की स्थिति) को हालांकि रिजर्व बैंक के नजरिये का परिचायक नहीं माना जा सकता है लेकिन इसमें कहा गया है कि दूसरी तिमाही में नजर आ रही सुस्ती अब समाप्त हो गई लगती है।

हालांकि तस्वीर मिली जुली है लेकिन लग रहा है कि निजी खपत एक बार फिर घरेलू मांग को गति दे रही है। रिजर्व बैंक के अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद चालू वर्ष की दूसरी तिमाही में 6.7 फीसदी और तीसरी तिमाही में 7.6 फीसदी की दर से बढ़ेगा। दूसरी तिमाही के आधिकारिक अनुमान अगले सप्ताह घोषित किए जाएंगे। बहरहाल, आलेख में एक उल्लेखनीय बात यह थी कि इसमें मुद्रास्फीति के हालात का विश्लेषण किया गया जिस पर विभिन्न मंचों पर बहस चल रही है।

यह नजरिया फिर से जोर पकड़ रहा है कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) को नीतिगत दरों का निर्धारण करते समय खाद्य कीमतों की अनदेखी करनी चाहिए। यह मांग भी हो रही है कि नीतिगत ब्याज दरों को कम किया जाए। ऐसा करने वालों में वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी शामिल हैं। इस संदर्भ में यह देखना दिलचस्प होगा कि मुद्रास्फीति के वास्तविक हालात क्या हैं और रिजर्व बैंक का रुख कैसा है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति की दर अक्टूबर में 6.2 प्रतिशत रही जबकि सितंबर में यह 5.5 फीसदी थी।

उल्लेखनीय है कि सीपीआई खाद्य और सीपीआई कोर में मासिक आधार पर 2.2 और 0.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। हाल के महीनों में जहां खाद्य मुद्रास्फीति हेडलाइन दरों से संचालित रही वहीं अक्टूबर में कोर दरों में भी इजाफा हुआ। अक्टूबर में कोर मुद्रास्फीति की दर 3.8 फीसदी थी। चिंता की वजह यह है कि रिजर्व बैंक के अर्थशास्त्रियों ने ऊंची खाद्य कीमतों के दूसरे दर्जे के प्रभावों को रेखांकित किया जाता है।

इस बात के भी संकेत हैं कि कुछ क्षेत्रों में जीवन यापन की लागत का दबाव वेतन भत्तों में भी नजर आने लगा है। हेडलाइन दरों के आने वाले महीनों में कम होने की उम्मीद है। इस पर करीबी नजर रखने की आवश्यकता है। यह बात भी रेखांकित करने योग्य है कि अगर हेडलाइन या खाद्य मुद्रास्फीति की दर आने वाले महीनों में कम होती है तो इससे कीमतों में इजाफे की दर धीमी होगी और उपभोक्ता तुलनात्मक रूप से ऊंची कीमत चुकाना जारी रखेंगे। हाल के वर्षों में कीमतों में टिकाऊ वृद्धि को देखते हुए, खासतौर पर खाद्य के क्षेत्र में मूल्य वृद्धि के कारण वेतन संबंधी वार्ता प्रभावित हो सकती है।

ऐसे में केंद्रीय बैंक के लिए यह बात महत्त्वपूर्ण है कि वह मुद्रास्फीति के नतीजों को यथासंभव लक्ष्य के साथ सुसंगत बनाए और मुद्रास्फीति संबंधी अनुमानों को संभालें। वृद्धि की बात करें तो बुलेटिन में सही कहा गया है कि उच्च मुद्रास्फीति खपत मांग को प्रभावित कर रही है और कॉर्पोरेट मुनाफे और पूंजीगत व्यय पर भी असर पड़ रहा है। ऐसे में टिकाऊ उच्च वृद्धि के लिए मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखना आवश्यक है।

खाद्य कीमतों के असर के शुरूआती संकेतों को देखते हुए दरों में समय से पहले कटौती अनुमानों को प्रभावित कर सकती है और मुद्रास्फीति का सामान्यीकरण हो सकता है। रिजर्व बैंक ने 2010 के दशक के आरंभ में खाद्य कीमतों में वृद्धि की अनदेखी करने की गलती की थी। इससे मुद्रास्फीति व्यापक हो गई। इसका दोहराव नहीं होना चाहिए। नीतिगत दरों में कटौती की संभावना की बात करें तो चौथी तिमाही में रिजर्व बैंक के लिए आधार मुद्रास्फीति अनुमान 4.1 फीसदी है जो 4 फीसदी के लक्ष्य के करीब है। इससे अगले वर्ष दरों में कटौती की गुंजाइश बन सकती है। बहरहाल, अगर आर्थिक विकास की गति वास्तव में धीमी पड़ती है तो जैसी कि कुछ अर्थशास्त्रियों ने भी उम्मीद जताई है, तो ब्याज दरों में कटौती की मांग और बढ़ेगी। ऐसी स्थिति में एमपीसी को केंद्रित रहने की जरूरत होगी।

## स्पीड न्यूज

### विजय जुलूस पर पत्थरबाजी, पुलिस की पहल पर हुआ मामला शांत

**बड़कागांव।** भाजपा के बड़कागांव प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी के प्रचंड जीत के बाद रविवार को कंडावेर मां अष्टभुजी की पूजा अर्चना के बाद बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गांव में विजय जुलूस निकल गया विजय जुलूस बड़कागांव मुख्य चौक से कांडतरी ,सोनपुरा, मिजार्पुर होते हुए बिश्रामपुर हरली तक पहुंचा उसके बाद देर रात को बादम पहुंचा । इस दौरान बादम राजा किला के निकट कुछ बातों को लेकर आपस में झड़प हो गया जिससे विजय जुलूस पर पत्थर बाजी की गई। हालांकि इस दौरान घटनास्थल से बहुत पीछे ही नवनिर्वाचित विधायक रोशन लाल चौधरी का गाड़ी था। जिसकी जानकारी उन्हें बाद में मिली। इस संबंध में एचडीपीओ पवन कुमार से पूछे जाने पर बताया कि हल्का-फुल्का बातचीत हुई थी। जिसे पुलिस के पल पर मामला को शांत कराया गया। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार विजय जुलूस जैसे ही राजा किला के पास पहुंचा तो ऊपर में मुसलमानों द्वारा लगाए गए झंडी टूट गया जिससे महिलाओं द्वारा जमकर गाली गलौज की गई और इसी बात को लेकर मामला बढ़ गया और झड़प हो गया इसके बाद दोनों और से पत्थर बाजी शुरू हो गया। इसके बाद एक समुदाय के लोग वहां से अपने-अपने घर के अंदर चले गए और मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले को शांत किया।

### बेटियों को हजारीबाग सांसद ने उपहार स्वरूप भेंट किया लहंगा


बेटियों को मिला लहंगा

**कटकमसांडी।** लोकसभा सांसद मनीष जयसवाल पुर्व की भांति इस बार भी उनके द्वारा निरंतर भाई यानी लोकसभा सांसद मनीष जयसवाल के तरफ से बहनों को उपहार स्वरूप लहंगा भेंट किया गया। पूर्व विधायक प्रतिनिधि स्वयं बहनों के बीच जा जा कर कर के लहंगा भेंट किया।कटकमसांडी के विभिन्न गांवों में 15 से अधिक बेटियों को उनके विवाह के लिए उपहार स्वरूप लहंगा भेंट किया। सांसद मनीष जायसवाल की ओर से कटकमसांडी के पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने लोगों को लहंगा अपने हाथों सौंपा। लहंगा पाने वालों में पंचायत ,रेबर,आराभुसाई, लुपुंग, शाहपुर,गदोखर ,कृष्णानगर, आदि गांवों के मिलाकर के कुल 15 से अधिक लड़की को उपहार स्वरूप लहंगा भेंट किया गया। परिजनों ने लोकसभा सांसद मनीष जसवाल के प्रति खूब आभार प्रकट किया है।पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सांसद हमेशा के लिए कटिबद्ध हैं।पिछले वर्ष कि भांति इस बार भी लहंगा वितरण का कार्यकर्म किया जा रहा है। मौके पर उपस्थित पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा , पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन मेहता,पूर्व मुखिया प्रेम प्रसाद,मुखिया नारायण साव,निर्मल साव,बिरेंद्र कुमार बीरू,मनोज,अनुराग मित्तल उर्फ सीकू,लेखराज यादव, एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### मांडू के विधायक तिवारी महतो को भाजपा नगर परिषद के नेताओ ने दिया बधाई


बधाई देते

**कुजू।** रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरि के नेतृत में मांडू नव निर्वाचित विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो के आवासीय कार्यालय सिरका जाकर शॉल और गुलदस्ता देकर जीत बधाई दी। बधाई देने वाले में जगत नारायण प्रसाद,विनोद विनोद प्रसाद,लालो कुशवाहा,रूपेश कुशवाहा,सजीव कुशवाहा,देवेंद्र गिरी,राहुल गिरी,पंकज कुशवाहा, हरिनारायण कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा,गौतम राम,कमलेश बेदीयां ,अरुण कुशवाहा,शिबू प्रजापति,अर्जुन यादव,रोलन लाल,दिनेश कुशवाहा,महेंद्र राम,प्रमोद यादव,अनिल यादव, विनोद कुशवाहा शामिल थे।

### इंडिया गठबंधन के ऐतिहासिक जीत के लिए जनता को बधाई : डॉ. आशीष

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीपीआईएमएल के वामपंथी युवा नेता सह ऑल इंडिया झारखंड रैयत विस्थापित-प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार ने झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने के लिए ऐतिहासिक बहुमत देने पर जनता के प्रति आभार जताया है। उन्होंने हेमंत सोरेन एवं कल्पना सोरेन को बधाई देते हुए कहा कि सच्चाई की जीत और सांप्रदायिक ताकत की करारी हार हुई है। दो तिहाई बहुमत देकर झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने के लिए झारखंड की जनता, मजदूर, किसान, छात्र, दलित, शोषित, पीड़ित और आदिवासी भाई-बहन सभी बधाई के पात्र हैं। बधाई देने वालों में डॉ. आशीष कुमार, केंद्रीय महासचिव नरेश नायक, नकुल प्रसाद, मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष सोमरा मुंडा, रोशन राम, प्रतिभा पटेल आदि शामिल थें।

## बिहार-झारखंड चेकपोस्ट पर घटी बड़ी घटना, पहुंचे जिले के एसपी व डीएसपी

# पिकअप में ट्रेलर ने मारी टक्कर, एक जवान की मौत, कई घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चौपारण।** थाना क्षेत्र में सोमवार को एक बड़ी घटना सामने आई जिसमे धनबाद से भैंस लादकर बिहार जा रहा पिकअप दुर्घटनाग्रस्त होने से चोरदाहा चेक पोस्ट पर तैनात एक हवलदार की मौत हो गई। तीन आरक्षी सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए है। मामले की जानकारी के बाद एसपी हजारीबाग अरविंद कुमार सिंह, डीएसपी अजित कुमार विमल व थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश घटना स्थल पर पहुंचे।

बिहार-झारखंड के सीमा पर अवस्थित चोरदाहा चेक पोस्ट पर सोमवार को धनबाद के कतरास से भैंस लोडकर बिहार जा रहा एक पिकअप वैन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के चपेट में आने से चेक पोस्ट पर तैनात हवलदार अरुण कुमार दुबे की मौत इलाज के दौरान सीएचसी चौपारण में हो गयी। जब की उनके साथ ड्यूटी पर तैनात आरक्षी रामेश्वर हंसदा साहेबगंज, कैलास कुमार रजक बोकारो एवं बीरबल कुमार सिंह पलामू सहित तीन अन्य लोग घायल हो गए। घटना में गम्भीर रूप से घायल कैलास कुमार रजक को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया है। शेष लोगों का इलाज चौपारण में ही किया जा रहा है, मृतक हवलदार एवं आरक्षी जेप 7 के जवान थे।


मौके पर उपस्थित लोग

**पहुंचे एसपी व डीएसपी :** घटना की सूचना पाते ही चोरदाहा पहुंचे एसपी, अरविंद कुमार सिंह, डीएसपी अजित कुमार विमल एवं थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने घटना का जयाजा लिया।मृतक हवलदार के शव को पुलिस ने अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल बरही भेज दिया।

**पिकअप में टक्कर के बाद ट्रेलर घुसा घर में :** पिकअप को पीछे से टक्कर मारने के बाद टेलर चालक अपने गाड़ी पर से संतुलन खो बैठा। टेलर घटना स्थल से जीटी रोड पर 200 मीटर की दूरी पर अवस्थित सुरेंद्र यादव के घर में घुस गया, घटना में घर के लोग बाल बाल बच गए। बताते चलें कि 2022 में भी जैप तीन के जवान की हुई थी मौत।

### कैसे वाहन के चपेट में आये हवलदार

पिकअप चालक ने बताया वे धनबाद के कतरास से भैंस लोड कर बिहार की ओर जा रहा था। जवान लोग अपने ड्यूटी पर तैनात थे। जैसे पिकअप चेक पोस्ट पर पहुंची की पीछे से सरिया लोडकर बिहार की ओर जा रहा टेलर ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिसे चालक का संतुलन खो बैठा और हवलदार एवं आरक्षियों को अपने चपेट में लेते हुए पिकअप दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसे पिकअप पर सवार चालक सहित तीन लोग घायल हो गए।

# सड़क पार कर रहे मां-बेटे को हाइवा ने रौंदा

## हादसे के लिए जिम्मेवार व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई हो : प्रदीप प्रसाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कटकमदाग।** कटकमदाग प्रखंड के शंकरपुर गांव के समीप सड़क पार कर रहीं मां- बेटे को एक तेज रफ़्तार हाइवा ने रौंद दिया जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। छात्र डीपीएस स्कूल के चौथी कक्षा में पढता था । 36 वर्षीय लीला देवी अपने बेटे को स्कूल से छुट्टी के बाद स्कूटी पर बैठा कर घर ले जा रही थी। उसी दौरान विपरीत दिशा से तेज गति में हाइवा( नंबरः जे एच ०२ पी बी 2954 ) आ रहा था जिसने स्कूटी सवार माँ बेटे को अपने चपेट में ले लिया और ये दर्दनाक हादसा हो गया। महिला का घर सिरसी छबी नगर बताया जा रहा है। छात्र का नाम अमन कुमार बताया जा रहा है। महिला के पति सरकारी विभाग में कोडरमा में पोस्टेड है। इधर घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। जानकारी होने के बाद घटनास्थल पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी पहुंच गए है और लोगो को समझा बुझाकर जाम हटवाने को प्रयासरत है। नए नवेले विधायक प्रदीप प्रसाद भी जानकारी के बाद घटनास्थल पर मौजूद है। हाइवा चालाक पकड़ा गया है और पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।


लोगो को समझाते अधिकारी व विधायक

**क्या कहते है विधायक**

इस मामले पर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि इस रोड में नो एंट्री लगी रहती है। उसके बावजूद नो एंट्री का बोर्ड हटा दिया जाता है। ये अपराध है। इस तरह के हादसे के लिए जो भी जिम्मेवार है उसपर कड़ी कार्रवाई करने की आवशयकता है। मैंने हजारीबाग के पुलिस कप्तान से इस मामले पर बात की है। दोषी पर कार्रवाई होगी। कहा की इस सड़क की मॉनिटरिंग होनी चाहिए क्योंकि यहाँ भीड़ रहती है, स्कूल है, छात्रों का आना जाना रहता है।

## एक नजर में

### परवरिश एजुकेयर स्कूल में छात्राओं के बीच कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन


प्रतियोगिता में शामिल बच्चे

**कुजू।** कुंदरिया बांध स्थित परवरिश एजुकेयर विद्यालय के प्रांगण में छात्राओं के बीच कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के चार ग्रुप ए, बी, सी, डी के बच्चे शामिल हुए। प्रतियोगिता में ग्रुप ₹ए₹ में कक्षा द्वितीय से आठवीं की छात्राएं शामिल हुए। खेल का आगाज विद्यालय के निर्देशक शैलेंद्र कुमार सिंह एवं प्रबंधक निदेशक विकास कुमार सिंह के द्वारा हरी झंडी के द्वारा और राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। साथ ही निर्देशक और प्रबंधक निर्देशक के द्वारा शुभकामनाएं भी दी गई। खेल की कोच संगीता कुमारी की अगुवाई से कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न कराया गया। इस खेल का आकलन विद्यालय की शिक्षिका नंदिनी झा ने किया। शैक्षणिक समन्वयक रश्मी कुजूर ने खेल का कमेंट्री किया। पहले राउंड ग्रुप ए और ग्रुप सी के बीच हुआ। जिसमें विजयी ग्रुप सी हुए,दूसरा राउंड में ग्रुप बी एंड ग्रुप डी के बीच प्रतियोगिता हुई। जिसमें ग्रुप बी की टीम विजयी रहे। फाइनल राउंड में ग्रुप बी और ग्रुप सी के बीच किया गया। जिसमें विजय ग्रुप बी रहे और प्रथम स्थान पर ग्रुप सी रहे। मौके पर विद्यालय निर्देशक शैलेंद्र कुमार और प्रबंधक निदेशक विकास कुमार सिंह, विद्यालय की समन्वयक रशिम कुजूर, अकाउंटेंट नाजो खातून, अर्चना कुमारी, संगीता कुमारी, कंचन, प्रसाद, नंदिनी झा, रजनी कुमारी, सानू साहू, आकांक्षा मिश्रा, अंकित कुमारी, चंचल सिंह, शांति कुमारी, प्रियंका यादव, पूजा कुमारी, काजल कुमारी, आरती कुमारी हर्षिता कुमारी आदि शामिल थे।

# अपराधिक गतिविधि की योजना बनाते एक धराया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने सोमवार को प्रेस वार्ता किया। जिसमें बताया कि 24 नवंबर को पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि रामगढ़ थाना से करीब 03 किलोमीटर उत्तर रांची रोड इफिको कॉलोनी गेट के आस-पास एक व्यक्ति देशी कट्टा रखे हुए घुम रहा है तथा छिनतई, चोरी, मोटर साईकिल चोरी आदि अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के फिराक में है। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा तत्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। बताया कि गठित टीम द्वारा पुलिस अधीक्षक .के दिशा निर्देशन में इफिको कॉलोनी गेट के आस-पास छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस बल को देखकर एक संदिग्ध व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, तभी पुलिस बल द्वारा संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति से नाम-पता पूछने पर अपना नाम महेन्द्र ठाकुर, उम्र करीब 32 वर्ष, पिता-स्व भीखु ठाकुर, सा-साड़म मड़ई टोला, थाना-गोमिया, जिला-बोकारो बताया । उससे भागने का कारण पूछने पर उसके द्वारा कोई संतोष जनक जवाब नही दिया गया।

तत्पश्चात पुलिस बल द्वारा पकड़े गए व्यक्ति की तलाशी ली गई । तलाशी के क्रम में पकड़े गए व्यक्ति के कमर से एक लोहे का देशी कट्टा जिसमें एक जिंदा गोली लोड पाया गया। बरामद लोहे का देशी कट्टा एवं जिंदा कारतूस के संबंध में सख्ती से पूछताछ करने पर बताया गया कि अवैध देशी कट्टा एवं कारतूस को बंगाल से खरीदा था। जिससे बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़, धनबाद आदि क्षेत्रों में अपने सहयोगियों के साथ छिनतई, चोरी, मोटर साईकिल चोरी आदि अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुका है।


जानकारी देते पुलिस अधीक्षक

### कम कीमत पर धान बेचने को मजबूर है किसान

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड में धान क्रय केंद्र नहीं खुलने के कारण किसान कम दाम में बिचौलिए वर्ग के पास धान बेचने को मजबूर है। इस काम में बिचौलियों की चांदी कट रही है। विधानसभा का चुनाव हो जाने एवं अब तक नई सरकार का गठन नहीं होने का लाभ बिचौलिए वर्ग उठा रहे हैं। क्योंकि अभी तक बड़कागांव में धान क्रय केंद्र नहीं खुला है। धान क्रय केंद्र नहीं खुलने से किसान परेशान हो रहे हैं। बड़कागांव में 23 क्रय केंद्र है। लेकिन अभी तक धान खरीदने की सरकारी प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। बड़कागांव के पूर्व पक्ष अध्यक्ष दामोदर प्रसाद मेहता का कहना है समय पर धान क्रय केंद्र नहीं खुलने से किसानों को हर साल नुकसान होता है।

बड़कागांव पैक्स अध्यक्ष संजय

### स्वतंत्रता सेनानियों और समाजसेवियों के महान कार्यों से हमे प्रेरणा लेनी चाहिए : उमेश प्रसाद


कार्यक्रम में शामिल

**रजरप्पा।** रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को 'हमारे स्वतंत्रता सेनानी और समाजसेवी' विषय पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें वाटिका खंड के कक्षा अरुण से द्वितीय के छोटे नन्हें मुन्हे भैया बहन उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और समाजसेवियों के योगदान और बलिदानों के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों और समाज सुधारकों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में राष्ट्रीयता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का विकास करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस आयोजन ने सभी को हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और समाजसेवियों के महान कार्यों को याद करने और उनसे प्रेरणा लेने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम में भैया बहन महात्मा गांधी, भगत सिंह, रानी लक्ष्मीबाई, चंद्रशेखर आजाद, सुभाष चन्द्र बोस, बाल गंगाधर तिलक आदि के वेशभूषा में सजकर विद्यालय आये थे। विद्यार्थियों ने कविताएँ, गीत और भाषणों के माध्यम से इन महान व्यक्तियों के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं को प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में वाटिका प्रमुख अमृता चौधरी, ललिता गिरी, पूनम सिंह, रानी कुमारी सहित अन्य शिक्षकों की प्रमुख भूमिका रही।

# भुरकुंडा कोयलांचला में निकाली गयी विजय शोभा यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल आदि क्षेत्रो में सोमवार को ढोल-नगाड़ों और झंडा-बैनर के बीच बड़कागांव के नवनिर्वाचित विधायक रोशनलाल चौधरी की भव्य विजय शोभा यात्रा निकाली गई। इसकी शुरूआत लबगा पंचायत के पंचबहनी स्कूल के पास से हुई। शोभा यात्रा बलकुदरा, कुरसे, मतकमा चौक, भुरकुंडा बाजार, थाना चौक, हॉस्पिटल कॉलोनी, सौंदा डी, सौंदा बस्ती आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए पतरातु बाजार, ब्लॉक चौक, शाह कॉलोनी, न्यू मार्केट के रास्ते बिरसा मार्केट पहुंचा। शोभा यात्रा के दौरान मतकमा चौक में भाजपा भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर कुमार दांगी और बिरसा चौक में भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा के नेतृत्व में नवनिर्वाचित विधायक रोशनलाल चौधरी का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। इससे पूर्व नवनिर्वाचित विधायक रोशनलाल चौधरी ने बिरसा चौक भुरकुंडा में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सच्चे मन से याद किय। इसके बाद उन्होंने जनता का अभिवादन करते हुए सबों के प्रति आभार प्रकट किया। मौके पर विधायक रोशनलाल चौधरी ने कहा कि जिस उम्मीद और विश्वास के साथ बड़कागांव की जनता ने मुझे चुना है उसपर खरा उतरना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने के लिए हर सार्थक कदम उठाऊंगा। श्री चौधरी ने कहा कि बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने की दिशा में कार्य करना और पूरे क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना मेरा लक्ष्य होगा। इधर जगह-जगह पर आजसू और भाजपा कार्यकताओं ने रोशन लाल चौधरी को जोरदार स्वागत करते हुए पीएम मोदी जिन्दाबाद, भाजपा जिन्दाबाद, रोशन लाल चौधरी जिन्दाबाद का नारे लगाते दिखें। साथ ही डीजे के धुन नाचते-गाते हुए एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी।


भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते रोशन लाल चौधरी

### रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर-14 इंटर डिस्ट्रिक्ट में भाग लेने के लिए रामगढ़ जिला की टीम की घोषणा

**रामगढ़।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-14, इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूनार्मेंट सत्र 2024-25 में भाग लेने के लिए रामगढ़ जिला की टीम धनबाद एवं बोकारो में पांच जिला के साथ लीग मैच खेलेगी। रामगढ़ जिला की टीम के लिए पिछले सप्ताह रविवार को स्थानीय छावनी फुटबॉल ग्राउंड में ट्रायल लिया गया था । कोच एवं सलेक्टरों ने उपस्थित 33 खिलाड़ियों के बीच ट्रायल लिया। जिसमें प्रथम शॉर्टलिस्ट 22 खिलाड़ियों का किया गया था । उन्हें महेंद्र राणा कोच द्वारा तैयार कर 24 नवंबर को टीम की घोषणा की गई । जिसमें 15 खिलाड़ियों को टीम के मैनेजर एवं कोच सूरज प्रसाद एवं अभिषेक कुमार के नेतृत्व में सोमवार को प्रातः धनबाद रवाना किया गया । रामगढ़ जिला का प्रथम मैच पश्चिमी सिंहभूम के साथ 26 नवंबर को धनबाद में होगा। रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय, सह सचिव एवं सेलेक्टर वीरेंद्र प्रसाद पासवान, कोषाध्यक्ष एवं सेलेक्टर सूरज प्रसाद, कोच महेंद्र राणा ने टीम की घोषणा की। टीम का कप्तान सुमित कुमार को बनाया गया । तुषार मांझी को उप कप्तान बनाया गया है। टीम के अन्य सदस्यों में शिवम कुमार गोप,अमन प्रसाद, उमर रजा,मृत्युंजय कुमार शर्मा, आलोक टुडू, विद्यासागर, अरविंद राज, पुरोहित कुमार, कुमार सूर्यवंश राज,शशांक, रौनक पासवान, रमित सिंह, सार्थक सिंह के अलावा पांच खिलाड़ियों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है । जिनके नाम हैं पुनित महतो, अर्चित कुमार, अर्णव राज, संस्कार पटेल, पराग गुप्ता के अलावा टीम मैनेजर सूरज प्रसाद एवं टीम के कोच अभिषेक कुमार को बनाकर टीम के साथ रवना किया गया।

# डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन सोमवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय के सभागार में किया गया। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन तथा जल जीवन मिशन के प्रगति के संबंध में समीक्षा किया गया। बैठक में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल प्रदीप कुमार सिंह के द्वारा बताया गया कि रामगढ़ जिला अंतर्गत कुल 319 गांव में से 245 गांव ओडीएफ प्लस घोषित है । जबकि 74 गांव को ओडीएफ प्लस घोषित किया जाना शेष है, इस संबंध में उपायुक्त रामगढ़ के द्वारा निर्देशित किया गया कि संबंधित गांव में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन से संबंधित संरचनाओं का निर्माण करते हुए सभी गांव को ओडीएफ प्लस करना सुनिश्चित करें। प्लास्टिक कचरा के संग्रहण तथा पृथक्करण के संबंध में चर्चा के क्रम में बैठक में यूनिसेफ सहयोगी संस्था से निर्भय कुमार के द्वारा बताया गया कि जिला अंतर्गत कुल 125 पंचायत में से 25 पंचायत का भूमि प्रतिवेदन प्लास्टिक पृथक्करण केंद्र के निर्माण हेतु प्राप्त हुआ है इस संबंध में उपायुक्त के द्वारा सभी अंचल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि शेष छुट हुए पंचायत का स्थल चिह्नित करते हुए प्रतिवेदन यथाशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। व्यक्तिगत घरेलू शौचालय निर्माण के समीक्षा क्रम में बताया गया कि रामगढ़ जिला अंतर्गत कल 26116 लाभुक को शौचालय निर्माण हेतु स्वीकृति मिला है जिसके विरुद्ध वर्तमान अवधि तक 11266 शौचालय का निर्माण किया जा चुका है शेष 14850 शौचालय के निर्माण हेतु उपायुक्त के द्वारा निर्देशित किया गया कि ग्राम स्तर पर लाभुकों को जागरुक करते हुए शौचालय निर्माण करना सुनिश्चित करें। बैठक में कार्यपालक अभियंता के द्वारा बताया गया कि कुल 125 पंचायत के विरुद्ध 66 पंचायत में कचरा संग्रह वाहन का वितरण किया जा चुका है जिसमें उपायुक्त के द्वारा निर्देशित किया गया कि संबंधित पंचायत से समन्वय स्थापित करते हुए सभी कचरा संग्रह वाहनों का नियमित संचालन करना सुनिश्चित करे जिसके लिए संबंधित मुखिया एवं जलसहिया के साथ पत्राचार किया जाना है। समीक्षा के क्रम में गोवर्धन योजना के तहत निर्मित किया जा रहे गोबर गैस प्लांट के बारे में बताया गया कि चितरपुर प्रखंड अंतर्गत सेवई उत्तरी पंचायत में बायोगैस प्लांट का निर्माण किया जा रहा है जो की लगभग पूर्ण होने की अवस्था में है और दिसंबर के पहले सप्ताह तक चालू कर दिया जाएगा। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के निर्माण के संबंध में बताया गया कि रामगढ़ जिला अंतर्गत दो स्थानों पर मांडू तथा गोला में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का निर्माण किया जाना है जिसमें से मांडू प्रखंड में सिविल कार्य पूर्ण किया जा चुका है।


बैठक में शामिल

# गौतम अदाणी व सात अन्य के खिलाफ प्रत्यर्पण की हो सकती है कोशिश

### भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण संधि पर 1997 में हस्ताक्षर किए गए थे

**भारतीय** उद्योगपति गौतम अदाणी और सात अन्य के खिलाफ मामला काफी आगे बढ़ सकता है और इससे गिरफ्तारी वारंट जारी होने के साथ प्रत्यर्पण के प्रयास भी हो सकते हैं। करोड़ों डॉलर के रिश्वतखोरी मामले में अमेरिका में दीवानी और आपराधिक आरोप दायर किए जाने के बाद, यहां के एक प्रमुख अटॉर्नी ने यह बात कही।

अमेरिकी न्याय विभाग ने भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति अदाणी तथा उनके भतीजे सागर अदाणी सहित सात अन्य पर महंगी सौर ऊर्जा खरीदने के लिए आंध्र प्रदेश और ओडिशा के अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप लगाया गया है। हालांकि, इसमें अधिकारियों के नाम का खुलासा नहीं किया गया है।

इन परियोजनाओं से समूह को 20 साल से अधिक समय में दो अरब डॉलर से अधिक लाभ होने का उम्मीद है। हालांकि, अदाणी समूह ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि अमेरिकी अभियोजकों द्वारा लगाए गए आरोप ह्यनिराधारह्व हैं और समूह ह्यसभी कानूनों का अनुपालन करता है।

भारतीय-अमेरिकी वकील रवि बत्रा ने बृहस्पतिवार को पीटीआई-भाषा से कहा, ह्लअमेरिकी अटॉर्नी ब्रायन पीस को अदाणी और सात अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने और वहां भेजे जाने का अधिकार है, जहां वे रहते हैं।

उन्होंने कहा, अगर उस देश के पास प्रत्यर्पण संधि है, जैसा कि भारत के पास है, तो संप्रभु राष्ट्रों के बीच द्विपक्षीय समझौते के अनुसार, मूल देश को अमेरिका द्वारा प्रत्यर्पित व्यक्ति को सौंपना चाहिए। एक प्रक्रिया है जिसका मूल देश को अपने कानूनों के अनुरूप पालन करना चाहिए।




भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण संधि पर 1997 में हस्ताक्षर किए गए थे। न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले के अमेरिकी अटॉर्नी पीस ने 62 वर्षीय अदाणी, उनके भतीजे सागर (समूह की नवीकरणीय ऊर्जा इकाई अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक) और इसके पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनीत एस जैन के खिलाफ पांच मामलों में आपराधिक अभियोग की घोषणा की है।

अभियोग में उन पर झूठे और भ्रामक बयानों के आधार पर अमेरिकी निवेशकों और वैश्विक वित्तीय संस्थानों से धन प्राप्त करने की कई अरब डॉलर की योजना में उनकी भूमिका, प्रतिभूति और वायर धोखाधड़ी और वास्तविक प्रतिभूति धोखाधड़ी करने के षड्यंत्र का आरोप लगाया गया है। अभियोग में एज्योर पॉवर ग्लोबल के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रंजीत गुप्ता और पूर्व मुख्य रणनीति एवं वाणिज्यिक अधिकारी रूपेश अग्रवाल तथा एक कनाडाई संस्थागत निवेशक के पूर्व कर्मचारी सिरिल कैबनेस, सौरभ अग्रवाल और दीपक मल्होत्रा पर विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम का उल्लंघन करने की साजिश का आरोप लगाया गया है।

पीस ने कहा कि आरोपियों ने अरबों डॉलर के अनुबंध हासिल करने के लिए भारत के सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने के लिए एक ह्यविस्तृत योजनाह्व बनाई और अदाणी, सागर और जैन ने ह्यरिश्वत योजना के बारे में झूठ बोला क्योंकि वे अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों से पूंजी जुटाने की कोशिश कर रहे थे।

अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार, विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम (एफसीपीए) किसी कार्रवाई को प्रभावित करने, गैरकानूनी चूक करने या अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए विदेशी अधिकारियों को भुगतान करने पर प्रतिबंध लगाता है। अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) ने गौतम और सागर अदाणी तथा एज्योर पावर के कार्यकारी कैबनेस पर ह्यसंघीय प्रतिभूति कानूनों के धोखाधड़ी-रोधी प्रावधानों का उल्लंघन करनेह्व का भी आरोप लगाया है।

अमेरिका के राष्ट्रपति आवास एवं कार्यालय ह्यव्हाइट हाउसह्व ने कहा है कि भारत और अमेरिका के संबंध मजबूत नींव पर टिके हैं तथा वह भारतीय अरबपति गौतम अडाणी पर लगे रिश्वतखोरी के आरोपों से पैदा हुई स्थिति से निपटने को लेकर आश्वस्त है। इसका संबंधों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

अडाणी पर अमेरिकी अभियोजकों ने भारत में सौर बिजली अनुबंध हासिल करने के लिए अनुकूल शर्तों के बदले भारतीय अधिकारियों को 26.5 करोड़ डॉलर (लगभग 2200 करोड़ रुपये) की रिश्वत देने में शामिल होने का आरोप लगाया है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ह्यअमेरिका और भारत के संबंध हमारे लोगों के आपसी रिश्तों एवं कई वैश्विक मुद्दों को लेकर सहयोग पर आधारित एक बेहद मजबूत नींव पर टिके हैं। हमें भरोसा है कि हम इस मुद्दे को उसी तरह सुलझा लेंगे, जैसे कि हमने अन्य मुद्दों को सुलझाया है।ह्व गौर हो कि अडाणी समूह सभी आरोपों को निराधार बता चुका है। बृहस्पतिवार को उसने कहा था कि वह सभी संभावित कानूनी उपाय अपनाएगा।

# ई वे बिल को जानें



**अजय दीप वाधवा**

ई वे बिल एक रसीद या दस्तावेज है जो माल की खेप के शिपमेंट से संबंधित विवरण देता है । इस विवरण में माल भेजने वाले और माल पाने वाले का नाम, माल की उत्पत्ति का स्थान, उसका गंतव्य और मार्ग शामिल होता है। ई-वे बिल प्रणाली भारत के जीएसटी ढांचे के तहत माल की आवाजाही को सुव्यवस्थित करती है। यह सुनिश्चित करता है कि हर खेप का उचित दस्तावेजीकरण किया जाए, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और परेशानी मुक्त हो। जीएसटी के तहत माल की आवाजाही के लिए इलेक्ट्रॉनिक वे बिल की आवश्यकता होती है। एक जी सी टी पंजीकृत व्यक्ति वाहन में उस माल का परिवहन तभी कर सकता है जिसका मूल्य 50,000 रुपये (एकल चालान/बिल/डिलीवरी चालान) से अधिक है और जिसका ई-वे बिल ewÔybillgst.gov.if पर जेनरेट किया गया हो। वैकल्पिक रूप से, ई वे बिल को एसएमएस , एंड्रॉइड ऐप और एपीआई के माध्यम से साइट-टू-साइट एकीकरण द्वारा पार्टियों के सही जीएसटीआईएन दर्ज करके भी जनरेट या रद्द किया जा सकता है। जब एक ई वे बिल जनरेट होता है, तो एक बिल नंबर (ईबीएन) आवंटित किया जाता है और यह आपूर्तिकर्ता, प्राप्तकर्ता और ट्रांसपोर्टर के लिए उपलब्ध होता है। ई-वे बिल दो घटकों अर्थात भाग ए और भाग बी में विभाजित है। ई-वे बिल जारी करने वाले व्यक्ति को भाग ए के निम्नलिखित विवरण भरने चाहिए -

प्राप्तकर्ता के जीएसटीआईएन का विवरण , डिलीवरी का स्थान ( पिन कोड ),

चालान या चालान संख्या और दिनांक,

माल का मूल्य,

एचएसएन कोड ,

परिवहन दस्तावेज संख्या (माल रसीद संख्या या रेलवे रसीद संख्या या एयरवे बिल संख्या या बिल ऑफ लैडिंग संख्या) और

परिवहन के कारण।

जहां तक भाग बी का प्रश्न है, इसमें ट्रांसपोर्टर का विवरण शामिल होता है। जैसा कि पहले चर्चा की गई है कि ई-वे बिल तब तैयार किया जाता है जब किसी वाहन/वाहन में 50,000 रुपये से अधिक मूल्य के माल की आवाजाही होगी (या तो प्रत्येक चालान या वाहन/वाहन में सभी चालानों का कुल योग)। पर कुछ निर्दिष्ट वस्तुओं के लिए, ईवे बिल को अनिवार्य रूप से जनरेट किया जाना चाहिए, भले ही माल की खेप का मूल्य 50,000 रुपये से कम हो। इन निर्दिष्ट वस्तुओं की जानकारी जीएसटी वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसी प्रकार किसी डीलर द्वारा हस्तशिल्प वस्तुओं के अंतर-राज्यीय परिवहन को जीएसटी पंजीकरण से छूट दी गई है। ई वे बनाने की प्रक्रिया को सरल रखा गया है ताकि आम कर दाता को तकलीफ न हो। वर्तमान में यह व्यवस्था अच्छे ढंग से काम कर रही है और शिकायतों की सूची बहुत छोटी है। (लेखक कॉस्ट अकाउंटेंट, कर सलाहकार, रांची हैं।)

## इन्कम टैक्स रिटर्न में विदेश में स्थित संपत्ति व अर्जित आय का खुलासा न करने पर लगेगा 10 लाख का जुमार्ना

**ईटीआर में विदेश में स्थित संपत्ति व अर्जित आय का खुलासा न करने पर लगेगा 10 लाख का जुमार्ना**

**देर से एवं संशोधित आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है**

आयकर विभाग ने रविवार को करदाताओं को आगाह किया कि आईटीआर में विदेश में स्थित संपत्ति या विदेशों में अर्जित आय का खुलासा न करने पर कालाधन विरोधी कानून के तहत 10 लाख रुपये का जुमार्ना लग सकता है।

विभाग ने हाल ही में शुरू किए गए अनुपालन-सह-जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को एक सार्वजनिक परामर्श जारी किया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि करदाता आकलन वर्ष 2024-25 के लिए अपने आयकर रिटर्न (आईटीआर) में ऐसी जानकारी दर्ज करें।

परामर्श में स्पष्ट किया गया है कि पिछले वर्ष में भारत के कर निवासी के लिए विदेशी परिसंपत्ति में बैंक खाते, नकद मूल्य बीमा अनुबंध या वार्षिकी



अनुबंध, किसी इकाई या व्यवसाय में वित्तीय हित, अचल संपत्ति, अभिरक्षक खाता, इक्विटी और ऋण हित, ट्रस्ट जिसमें व्यक्ति ट्रस्टी है, सेटलर का लाभार्थी, हस्ताक्षर प्राधिकारी वाले खाते, विदेश में रखी गई कोई पूंजीगत परिसंपत्ति आदि शामिल हैं।

विभाग ने कहा कि इस मानदंड के अंतर्गत आने वाले करदाताओं को अपने आईटीआर में विदेशी परिसंपत्ति (एफए) या विदेशी स्त्रोत से आय (एफएसआई) अनुसूची को ह्लअनिवार्य रूप सेह्व भरना होगा, भले ही उनकी आय ह्लकर योग्य सीमा से कमह्व हो या विदेश में संपत्ति ह्लप्रकट स्त्रोतों से अर्जित की गई हो। परामर्श के अनुसार, आईटीआर में विदेशी संपत्ति/आय का खुलासा न करने पर काला धन (अघोषित विदेशी आय और संपत्ति) और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 के तहत 10 लाख रुपये का जुमार्ना लग सकता है।

कर विभाग के लिए प्रशासनिक निकाय, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने कहा था कि अभियान के तहत वह उन निवासी करदाताओं को ह्लसूचनात्मकह्व एसएमएस और ईमेल भेजेगा, जिन्होंने पहले ही आकलन वर्ष 2024-25 के लिए अपना आईटीआर दाखिल कर दिया है।

यह संचार ऐसे व्यक्तियों को भेजा जाएगा, जिनकी द्विपक्षीय और बहुपक्षीय समझौतों के तहत प्राप्त जानकारी के माध्यम से पहचान की गई है, जिसमें सुझावदिया गया है कि ये व्यक्ति विदेशी खाते या संपत्ति रख सकते हैं, या विदेशी क्षेत्राधिकार से आय प्राप्त कर चुके हैं। देर से एवं संशोधित आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है।

## बैंकों को ब्याज दरें कम करने की जरूरत : निर्मला सीतारमण

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण स्टेट बैंक आफ इंडिया की शताब्दी पर संबोधित करते हुए।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बैंक ब्याज दरें कुछ लोगों के लिए बेहद दबाव वाली हैं, और उन्हें सस्ता बनाने के लिए कदम उठाने की जरूरत है। वित्त मंत्री ने आर्थिक वृद्धि में सुस्ती की आशंका के बारे में व्यापक चिंताओं के बीच भरोसा दिलाया कि सरकार घरेलू और वैश्विक चुनौतियों से पूरी तरह अवगत है। उन्होंने कहा कि अनावश्यक चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। सीतारमण ने कहा, ह्यमहत्वपूर्ण बात यह है कि जब आप भारत की वृद्धि की आवश्यकताओं को देखते हैं, और कई तबकों से यह राय सामने आती है कि उधार लेने की लागत वास्तव में बेहद दबाव बढ़ाने वाली है। ऐसे समय में जब हम चाहते हैं कि उद्योग तेजी से आगे बढ़ें और क्षमता निर्माण हो, बैंक ब्याज दरें कहीं अधिक सस्ती होनी चाहिए।ह्व उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक के वार्षिक व्यापार और आर्थिक सम्मेलन में बैंकों से ऋण देने के अपने मूल काम पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। वित्त मंत्री ने कहा कि बीमा उत्पादों की गलत ढंग से बिक्री भी अप्रत्यक्ष रूप से किसी व्यक्ति या संस्था के लिए कर्ज लेने की लागत को बढ़ाती है।

### एसबीआई चालू वित्त वर्ष 500 और शाखाएं खोलेगा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक चालू वित्त वर्ष में अपने कुल नेटवर्क को 23,000 तक पहुंचाने के लिए 500 और शाखाएं खोलेगा। सीतारमण ने मुंबई में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक की मुख्य शाखा की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि बैंक का आकार 1921 के बाद से काफी बढ़ गया है। सीतारमण ने कहा, एसबीआई की आज 22,500 शाखाएं हैं और मैं समझती हूं कि वित्त वर्ष 2024-25 में 500 और शाखाएं खोली जाएंगी। यानी, शाखाओं की संख्या बढ़कर 23,000 हो जाएगी।

## बजाज फाइनेंस की एफडी : वरिष्ठ नागरिकों को मिल रहा 8.85% ब्याज

बजाज फाइनेंस लिमिटेड (बीएफएल), जो कि बजाज फिनसर्व लिमिटेड का हिस्सा है, अपनी फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) योजनाओं की वजह से देशभर में जमाकताओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। 30 सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही में इसकी एफडी बुक 21% बढ़कर 66,131 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। बजाज फाइनेंस वरिष्ठ नागरिकों को 42 महीनों की एफडी पर 8.85% की आकर्षक ब्याज दर प्रदान कर रहा है, जो बाजार में उपलब्ध उच्चतम दरों में से एक है। 60 वर्ष से कम आयु के जमाकताओं को भी 8.65% का ब्याज मिलता है। कंपनी के कार्यकारी उपाध्यक्ष सचिन सिक्का ने कहा, ह्लबजाज समूह की विश्वसनीयता और डिजिटल निवेश की आसान प्रक्रिया ने इसे जमाकताओं के लिए पहली पसंद बना दिया है।

पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में बजाज फाइनेंस की एफडी योजनाओं में निवेश तेजी से बढ़ रहा है। यहां जमाकताओं में दो तिहाई हिस्सेदारी वरिष्ठ नागरिकों की है। साथ ही महिला और पुरुष निवेशकों की सहभागिता लगभग समान है, जो निवेशकों के विविध वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है।

क्रेडिट रेटिंग और तकनीकी ताकत

बजाज फाइनेंस को क्रिसिल और इक्रा से एएए/स्थिर (अअअ/स्३ु'ी) रेटिंग प्राप्त है, जो इसकी वित्तीय स्थिरता को दशार्ती है। इसके अलावा, कंपनी का डिजिटल एप ह्लबजाज फिनसर्वह्व भारत में चौथा सबसे अधिक डाउनलोड किया जाने वाला वित्तीय एप है, जिसे 61.67 मिलियन लोग इस्तेमाल कर रहे हैं।

## अगले महीने 10 कंपनियां आईपीओ लाने की तैयारी में, 20 हजार करोड़ रुपये जुटाएंगी

प्राथमिक बाजार में अभी उत्साह बना हुआ है और अगले महीने कम-से-कम 10 कंपनियों आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 20,000 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी कर रही हैं।

मर्चेंट बैंकर का कहना है कि अगले महीने यानी दिसंबर में सुपरमार्ट विशाल मेगा मार्ट और ब्लैकस्टोन के स्वामित्व वाली डायमंड ग्रेडिंग कंपनी इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टिट्यूट (इंडिया) लिमिटेड सहित 10 कंपनियां सार्वजनिक निर्गम लाने की तैयारी में हैं।

उन्होंने कहा कि इनमें शिक्षा-केंद्रित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) अवांसे फाइनेंशियल सर्विसेज, टीपीजी कैपिटल समर्थित साई लाइफ साइंसेज, अस्पताल श्रृंखला परिचालक पारस हेल्थकेयर और निवेश बैंक डीएएम कैपिटल एडवाइजर्स भी शामिल हैं।

इन कंपनियों का लक्ष्य अपने सार्वजनिक निर्गम के जरिये कुल 20,000 करोड़ रुपये जुटाने का है। ये आईपीओ विभिन्न क्षेत्रों और आकार के होंगे। इनमें नए शेयरों का निर्गम और बिक्री पेशकश (ओएफएस) दोनों शामिल हैं।

ऑनलाइन ब्रोकरेज हाउस ट्रेडजिनी के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) त्रिवेश डी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि महाराष्ट्र चुनाव के नतीजों ने बाजार में सकारात्मक धारणा पैदा की है। इससे आईपीओ गतिविधियों में तेजी आएगी।

उन्होंने कहा कि 2024 आईपीओ के लिए एक मजबूत साल रहा है। हालांकि, हाल शेयर बाजार ने कुछ संघर्ष किया है। उन्होंने कहा, ह्यह्यफिलहाल चुनाव से




संबंधित कोष बाजार में वापस आ रहा है और ग्रे मार्केट फिर से सक्रिय हो रहा है। कंपनियां मौजूदा शेयरधारकों को बाहर निकलने का रास्ता प्रदान करने, विस्तार योजनाओं के लिए धन जुटाने, कर्ज चुकाने और कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं का समर्थन करने के लिए प्राथमिक बाजार का दोहन कर रही हैं।

अद्यतन आईपीओ दस्तावेजों के अनुसार, विशाल मेगा मार्ट सार्वजनिक निर्गम से 8,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। यह पूरी तरह प्रवर्तक समायत सर्विसेज एलएलपी की ओर से बिक्री पेशकश (ओएफएस) के रूप में होगा। जेमोलॉजिकल इंस्टिट्यूट आईपीओ के जरिये 4,000 करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद कर रही है।

आईपीओ दस्तावेजों से पता चलता है कि इस शुरूआती शेयर बिक्री में 1,250 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम और ब्लैकस्टोन की अनुषंगी कंपनी बीसीपी एशिया दो टॉपको पीटीई लिमिटेड द्वारा 2,750 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश शामिल है। अवांसे फाइनेंशियल सर्विसेज का लक्ष्य आईपीओ से 3,500 करोड़ रुपये जुटाने का का है। इसमें 1,000 करोड़ रुपये तक नए शेयर जारी कर जुटाए जाएंगे। साथ ही इसमें 2,500 करोड़ रुपये तक का ओएफएस शामिल है। इसके अलावा, डायग्नॉस्टिक श्रृंखला सुरक्षा डायग्नॉस्टिक, पैकेजिंग उपकरण निमार्ता ममता मशीनरी और ट्रांसरेल लाइटिंग अगले महीने अपने-अपने सार्वजनिक लाएंगे। इस साल हुंदै मोटर इंडिया, स्विगी, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी, बजाज हाउसिंग फाइनेंस, ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और फर्स्टक्राई की मूल कंपनी ब्रेनबीज सॉल्यूशंस सहित 75 कंपनियां पहले ही मुख्य मंच के आईपीओ के जरिये सामूहिक रूप से लगभग 1.3 लाख करोड़ रुपये जुटा चुकी हैं।

यह पूरे 2023 में इस मार्ग के जरिये 57 कंपनियों द्वारा जुटाई गई 49,436 करोड़ रुपये की राशि से कहीं अधिक है। आगे की ओर रुख किया जाए, तो आने वाले महीनों में 30 से अधिक आईपीओ आने की उम्मीद है। पिछले पांच वित्त वर्षों में आईपीओ निवेशकों ने महत्वपूर्ण लाभ कमाया है। त्रिवेश ने बताया कि वित्त वर्ष 2020-21 और 2024-25 के बीच 236 आईपीओ लाए गए थे। इनमें सूचीबद्धता के दिन औसतन 27 प्रतिशत का लाभ हुआ है।

## जी20 रियो डी जनेरियो में दुनिया की चिंता

**प्रशांत झा**

**जी20 रियो** डी जनेरियो घोषणापत्र जिसका नेताओं ने समर्थन किया उसमें दुनिया भर में मौजूद अधिकांश अहम मुद्दों का जिक्र किया गया है। ये मुद्दे हैं: युद्ध, जलवायु परिवर्तन, गरीबी और भूख, समता और वैश्विक संचालन आदि। इस दौरान मेजबान देश ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा जिन्हें लूला के नाम से भी जाना जाता है, वह यह दावा कर सकते हैं कि मसौदे को लेकर विभिन्न नेताओं में असहमति तथा अर्जेंटीना के मतभेद के बीच भी वह अपने एजेंडे को कामयाब बनाने में सफल रहे।

ऐसे में घोषणापत्र की भाषा दिखाती है कि जी20 में कई मुद्दों को लेकर समझौते की स्थिति है। परंतु इसका नतीजा यह हुआ कि जो प्रारूप सामने आया उसका दायरा सामान्य था और उसमें विशेषताओं की कमी रही। यद्यपि अंतिम समझौते ने लूला को वार्ता की अंतिम घोषणा पर बातचीत में विफल होने से बचा लिया लेकिन डॉनल्ड ट्रंप के दूसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के पहले रियो घोषणापत्र में एजेंडे को सार्थक ढंग से आगे बढ़ाने के अवसर को गंवा दिया गया।

लूला को दो कामयाबियां मिलीं। पहली, वैश्विक अरबपतियों पर दो फीसदी कर के प्रस्ताव का उल्लेख। इस मुद्दे पर बातचीत इसलिए बाधित हुई थी कि अर्जेंटीना ने इसका काफी विरोध किया था। उनकी इससे भी बड़ी उपलब्धि थी भूख और गरीबी के खिलाफ वैश्विक गठजोड़ को आगे ले जाना। इसे समापन घोषणापत्र में भी स्थान मिला। अब तक 82 देशों ने योजना पर हस्ताक्षर किए हैं। परंतु रियो घोषणापत्र में अन्य अहम मुद्दों पर कदम उठाने में काफी देर हो चुकी है।

उदाहरण के लिए जलवायु परिवर्तन पर घोषणापत्र से अपेक्षा थी कि कॉप29 सम्मेलन (बाकू) में जलवायु वित्त को लेकर बातचीत में जो गतिरोध आया था उसमें कुछ प्रगति देखने को मिलेगी। गत वर्ष दिल्ली में जलवायु वित्त की राशि को ह्यअरबों से बढ़ाकर खरबोंह्व में करने की बात को दोहराने के अलावा रियो में ऐसा कुछ नहीं बताया गया कि यह राशि कहां से आएगी।

# दिल्ली से 11 माह के बच्चे संग आयी चांदनी को पुलिस संरक्षण में मिला ससुराल में प्रवेश

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**गम्हरिया।** अपने करीब 11 माह के बच्चे को लेकर भूखे प्यासे ठंड में न्याय के लिए भटक रही महिला को समाज कल्याण विभाग और पुलिस प्रशासन के सहयोग से उसके ससुराल में रखवाया गया। मामला आदित्यपुर थानांतर्गत गम्हरिया के आदर्शनगर वाणी विद्या मंदिर स्कूल के पास का है। बताया गया कि चांदनी देवी अपने बच्चे को लेकर मायके दिल्ली से बीते रविवार को गम्हरिया स्थित ससुराल पहुंची थी। लेकिन उसके पति अमित कुमार, सास संध्या देवी और ससुर एपी सिंह ने उसे अपनाने से इंकार करते हुए अपने घर को छोड़ मंगलम सिटी फ्लैट में रहने चले गये। इसके बाद चांदनी ने इस बाबत आदित्यपुर थाना प्रभारी से न्याय की गुहार लगायी। इसकी जानकारी जब जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सत्या ठाकुर को हुई तो उन्होंने तत्काल गम्हरिया सीडीपीओ दुर्गेश नंदिनी को महिला और बच्चे को उसके ससुराल में रखवाने का निर्देश दिया। तत्पश्चात, सीडीपीओ दुर्गेश नंदिनी आदित्यपुर थाना के सब इंस्पेक्टर अनिता सोरेन के साथ चांदनी देवी को लेकर उसके ससुराल पंहुची और महिला के सास-ससुर को भी फ्लैट से बुलाया। इस दौरान उन्होंने बच्चे के लिए दूध की व्यवस्था भी की। सीडीपीओ के बुलाने के बाद उसके सास व ससुर तो आये किंतु पति अमित नहीं आया। सास-ससुर भी वार्ता के बाद बहू को अकेला घर में छोड़ फिर फ्लैट जाने लगे तो सीडीपीओ ने चांदनी को उसके सास-ससुर के साथ फ्लैट पंहुचायी और अपनी बहू को ठीक-ठीक से रखने का निर्देश दिया।



**सीडीपीओ दुर्गेश नंदिनी और एसआई अनीता सोरेन ने चांदनी और उसके बच्चे को सास संध्या देवी से मिलवाते हुए। ससुराल पक्ष को पुलिस ने दिये सख्त निर्देश।**

# मधुमेह रिवर्सल नहीं, रेमिशन है समाधान : डॉ कल्याण कुमार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल के प्रमुख मधुमेह विशेषज्ञ डॉ. कल्याण कुमार ने मधुमेह मरीजों और चिकित्सा क्षेत्र के लिए नई उम्मीद जगाई है। डॉ. कुमार का उपचार विशेष रूप से मधुमेह के रिवर्सल की बजाय रेमिशन पर केंद्रित है।

हाल ही में डबल्यूएचओ और एडीए ने मधुमेह रेमिशन को प्रोत्साहित किया है। उनके अनुसार, जो मरीज बिना दवाओं और इंसुलिन के एचबीए1सी स्तर 6.5 प्रतिशत से कम बनाए रखते हैं, उन्हें रेमिशन की श्रेणी में रखा जा सकता है। यह तब संभव है जब मधुमेह का निदान हाल के छह वर्षों में हुआ हो और रोगी इंसुलिन का प्रयोग न कर रहा हो।

डॉ कल्याण कुमार के अनुसार मोटापे का प्रबंधन रेमिशन के लिए महत्वपूर्ण है। 5-10 प्रतिशत वजन घटाने से मेटाबॉलिज्म में सुधार हो सकता है, और 10-15 प्रतिशत वजन घटाने से रेमिशन की संभावना बढ़ सकती है। डॉ. कुमार का प्रोटोकॉल भीएलसीडी भीएलईडी, नियमित व्यायाम और तनाव प्रबंधन पर आधारित है, जिससे रोगी अपनी इंसुलिन संवेदनशीलता बढ़ा सकते हैं और दवाओं पर निर्भरता कम कर सकते हैं।

इस संबंध में डॉ कल्याण कुमार ने कहा कि मधुमेह अब एक ही प्रकार का रोग नहीं है। सही उपचार, जीवनशैली में बदलाव, और नियमित निगरानी के साथ, हम ऐसे मामलों को देख रहे हैं जहां मरीज रेमिशन प्राप्त कर सकते हैं। यानी बिना दवा के रक्त शर्करा स्तर को प्रभावी ढंग से प्रबंधित कर सकते हैं। कुछ मामलों में, विशेष रूप से प्रारंभिक हस्तक्षेप के साथ, रोगी रेमिशन का अनुभव कर सकते हैं। डॉ कुमार के तरीकों ने रोगियों को इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार करने व दवाओं पर निर्भरता को कम करने में प्रभावी रूप से मदद की है।



**डॉ कल्याण कुमार।**

## स्पीड न्यूज

### टाटा मोटर्स यूनियन का चुनाव आज, चुनावी मैदान में 56 प्रत्याशी

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन का चुनावी कार्यक्रम चल रहा है। उसी क्रम में आज नाम वापसी के बाद 116 प्रत्याशियों का नाम प्रकाशित फाइनल लिस्ट में किया गया। अंतिम सूची के अनुसार 56 लोग चुनावी मैदान में भाग लेंगे। मंगलवार 26 नवंबर की सुबह मतदान 8:00 बजे से अपनी-अपने विभाग में संपन्न होगा। मतदान 5:00 बजे तक चलेगा इसके उपरांत केंद्रीय कार्यालय में सीसीटीवी के देखरेख में मतगणना का कार्यक्रम चलेगा और उसके उपरांत विजयी उम्मीदवारों को पर्यवेक्षक एवं चुनाव संचालन कमेटी द्वारा शपथ दिलाई जाएगी। यह जानकारी मुख्य चुनाव पदाधिकारी चिदानंद खंडाई ने दी है।

### मरते दम तक आजसू पार्टी का सिपाही बना रहूंगा : अप्पू तिवारी

**जमशेदपुर।** मीडिया सूत्रों से जानकारी मिली कि आजसू प्रवक्ता अप्पू तिवारी भाजपा या अन्य किसी भी दल में जायेंगे ऐसी अफवाहों के बीच अप्पू तिवारी ने बयान जारी कर बताया कि अप्पू तिवारी आजसू पार्टी का सच्चा सिपाही है और मरते दम तक आजसू पार्टी का अंतिम सिपाही के रूप में जनसेवा करते रहेंगे और मेरी अंतिम यात्रा आजसू झंडे में ही लिपट कर जायेगी। अप्पू ने कहा कि पार्टी में उतार चढ़ाव आते रहता है और एसे मुश्किल समय में मै पार्टी के साथ सदैव खड़ा रहूंगा हार जीत दोनों एक सिक्के का पहलू है हार और जीत लगे रहता है लेकिन पार्टी का विचाराधारा नहीं बदलती है ।

### पूर्णिमा साहू को साहू समाज ने किया सम्मानित

**जमशेदपुर।** साहू समाज के पूर्व महासचिव सह वैश्य समाज के जिला प्रवक्ता सह भाजपा नेता धर्मेंद्र कुमार ने जमशेदपुर पूर्वी के विधायक पूर्णिमा साहू को प्रचंड जीत के लिए एवं नए दायित्व के लिए साथ ही साहू समाज का पूरे झारखंड स्तर पर नाम रोशन करने के लिए पूरे साहू समाज की ओर से ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही भविष्य में साहू समाज की ओर से जो भी मदद की आवश्यकता पड़े सदैव समाज आपके साथ है और उनके उज्वल भविष्य की कमाना करते हुए राजनैतिक जीवन में और ऊंचाई पर पहुंचने की शुभकामनाएं दी।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# तेतला स्कूल मैदान में दिशुआ करम महोत्सव सह मिलन समारोह एक को

- भूमिज समाज की मेजबानी में तेतला स्कूल मैदान में आयोजन
- तैयारी बैठक में 10 संचालन समिति का हुआ गठन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जादूगोड़ा।** आदिवासी भूमिज समाज का दिशुआ करम महोत्सव सह मिलन समारोह को लेकर आज सोमवार को पोटका प्रखंड अंतर्गत हाता स्थित तेतला स्कूल मैदान में तैयारी बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सिदेश्वर सरदार ने की। इधर इस बैठक में आगामी पहली दिसंबर को तेतला स्कूल मैदान में धूम धाम से दिशुआ करम महोत्सव सह मिलन समारोह मनाने का फैसला लिया गया।



**बैठक में उपस्थित समाज के प्रतिनिधिगण।**

इसके पूर्व पोटका विधानसभा से दूसरी बार विधायक बने संजीव सरदार को आदिवासी भूमिज समाज की ओर से उन्हें बधाई दी गयी तथा कहा कि जनता से जुड़ाव व विकास की गति जीत का मुख्य कारण बना। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 10 सदस्यीय संचालन समिति का गठन किया गया। जिसकी अगली बैठक 29 नवंबर को तेतला स्कूल मैदान में रखी गई है।

**बैठक में शामिल प्रतिनिधि**

इस बैठक में आदिवासी भूमिज समाज की ओर से सिदेश्वर सरदार, विभीषण सामत, जयपाल सिंह सरदार, मुगली सरदार, उर्मिला सरदार, गौरी सरदार, अनीता सरदार, मैंम सॉरी सरदार, चांदनी सरदार, उमा पदो सरदार, कार्तिक सरदार, सोनाराम सरदार, रथू सरदार, शुभंकर सरदार, हरि सिंह भूमिज, मणिका सरदार ने हिस्सा लिया।

## एक नजर में

### जिला पार्षद पिंकी लायेक ने ईचागढ़ विधायक सविता महतो को दी जीत की बधाई



**चांडिल।** ईंचागढ़ विधानसभा से नवनिर्वाचित झामुमो विधायक सविता महतो को चांडिल की जिला पार्षद सदस्य सह झामुमो महिला मोर्चा के जिला सचिव पिंकी लायेक ने गुलदस्ता एवं मिठाई खिलाकर जित की बधाई दी। जिला पार्षद पिंकी लायेक ने कहा ईंचागढ़ की जनता ने विधायक के द्वारा किए गए कार्यों को देखकर यह जनादेश दिया है। उन्होंने कहा आने वाले दिनों में ईंचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास की कई योजनाएं धरातल पर दिखेगा। इस मौके पर ओमप्रकाश लायेक, मिलन तंतुबाय उपस्थित थे।

### मूकबधिर बच्चों के साथ मना यूनिवर्सल चिल्ड्रेंस डे




**जमशेदपुर।** इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट ने सिद्धेश्वर मूक बधिर विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ यूनिवर्सल चिल्ड्रेन्स डे मनाया। उन्होंने हमारे सामने अपनी योग प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। उनमें से चार अक्सर अलग-अलग जिला स्तरीय योग प्रतियोगिताओं में भाग लेते थे और उनमें से एक लड़की स्वीटी कुमारी का चयन अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है। लड़कियों को सम्मान के प्रतीक के रूप में योग मैट दिये गये। इस अवसर पर केक काटकर यूनिवर्सल चिल्ड्रेन डे मनाया। वहां मौजूद सभी लोगों को बेकरी आइटम के साथ खाने के डिब्बे बांटे गये। बच्चे बहुत खुश हुए और उन्होंने अपने खास अंदाज में हमें धन्यवाद दिया। इस अवसर पर लाभार्थी 24 मूक-बधिर बच्चे व इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष मधुमिता सान्याल, पीपी रमा खन्ना, पीपी सोनाली मोहंती और सचिव संचिता डे आदि उपस्थित थे।

### नवनिर्वाचित विधायक जगत माझी ने शहीदों के स्वजनों को किया सम्मानित



**गोइलकेरा।** झारखंड आंदोलन के दौरान वर्ष 1978 में गोइलकेरा के सेरेंगदा में पुलिस फायरिंग से शहीद होने वाले भूमिपुत्र सोमनाथ लोमगा, लुपा बुढ़ और दुबिया होनहागा की सोमवार को शहादत दिवस मनाया गया। सांसद जोबा माझी और विधायक जगत माझी के निर्देश पर इस गुदड़ी और गोइलकेरा के झामुमो नेताओं ने सेरेंगदा पहुंचकर शहीदों की स्मारक पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित की। साथ ही मरासेरोम गांव में मागी दोराई और जोरगो मुंडा को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान झामुमो नेताओं ने सेरेंगदा के शहीद के स्वजनों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। झामुमो नेताओं ने श्रद्धांजलि देने के बाद कहा कि सेरेंगदा के शहीदों के बलिदान के कारण अलग राज्य बना और आज सत्ता प्राप्त हुआ है। मरासेरोम गांव में सेरेंगदा के शहीदों की याद में आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में शिरकत कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में झामुमो के युवा नेता उदय माझी, गुदड़ी के झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुनील बुढ़, रोलेन बरजो, गोइलकेरा प्रखंड अध्यक्ष मनसुख गोप, सुखमती कोड़ा, पूर्व मुखिया जानकी हेम्ब्रम, रमेश बोदरा, अम्बुज मुखी, मुंडा राजेश बुढ़, सिवलन लोमगा आदि शामिल रहे।

### काशी व सोहनलाल की स्मृति में नेत्र शिविर संपन्न



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया फैमिली ट्रस्ट, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से 747वां नेत्र शिविर 23 नवम्बर से 25 नवम्बर तक कोलकाता निवासी जीडी चांडक के संयोजन में उनके माता-पिता स्व. काशी देवी-सोहनलाल जी चांडक के स्मृति में आज बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में नेत्र रोगियों की विदाई के साथ सम्पन्न हो गया। इससे पूर्व जाने माने नेत्र चिकित्सक डॉ बीपी सिंह एवं डॉ राशि वर्मा ने चिकित्सीय टीम के साथ ऑपरेशन कराये नेत्र रोगियों के आंखों की पट्टी खोलकर अंतिम जांच किया। नेत्र शिविर संयोजक कोलकाता निवासी जीडी चांडक अपनी पत्नी के साथ नेत्र शिविर में शामिल हुए एवं नेत्र रोगियों को काला चश्मा व दवा प्रदान किया। साथ ही उन्होने नेत्र रोगियों को उपहार स्वरूप एक एक कंबल प्रदान किया। नेत्र रोगियों को आंखों की देखभाल के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी। शिविर में रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने चांडक परिवार का स्वागत किया। उनके साथ ललित भाउका, कमल किशोर लड्डा, अशोक कुमार घोषाल, अशोक कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# निर्दलीय जितेंद्र सिंह ने सरयू राय को दी बधाई



**जमशेदपुर। जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी जितेन्द्र सिंह ने नव निर्वाचित विधायक सरयू राय को उनके बिष्टुपुर स्थित आवास पर माला पहनाकर, मिठाई खिला कर एवं गुलदस्ता देकर जीत की बधाई दी।**

# यूफोरिया 2024 : शेन इंटरनेशनल स्कूल की वार्षिक प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखायी रचनात्मकता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शेन इंटरनेशनल स्कूल ने अपने छात्रों की रचनात्मक और प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए वार्षिक प्रदर्शनी, यूफोरिया 2024 की प्रस्तुती की। इस कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्या (अकादमिक) रमा श्रीनिवास, प्रधानाचार्या (प्रशासनिक), पुष्पा भल्ला, उप प्राचार्या, केया अदक और मुख्य अध्यापिका, सिमरन सग्गू ने संयुक्त रूप से किया।

प्रतिभा के रोमांचक प्रदर्शन के लिए माहौल तैयार करते हुए पूरा स्कूल एक उत्साहपूर्ण माहौल में बदल गया। कक्षा क से कक्षा क्क वीं तक के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और 400 से अधिक मॉडल प्रस्तुत किये, जिन्होंने विभिन्न विषयों की उनकी समझ को उजागर किया। लाइव प्रदर्शन और आकर्षक रोल-प्ले के माध्यम से छात्रों ने अपनी प्रतिभा और ज्ञान का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में शेन इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन अविनाश सिंह और प्रो वाइस चेयरमैन ज्योति सिंह उपस्थित थी। उनकी उपस्थिति ने प्रदर्शनी में निवेश की गयी कड़ी मेहनत और समर्पण को स्वीकार करते हुए छात्रों को और भी प्रोत्साहित किया। यूफोरिया 2024 ने छात्रों को अपनी कल्पना, नये विचार और कौशल व्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान किया।



**प्रदर्शनी के दौरान एक प्रोजेक्ट का अवलोकन करते विद्यालय के चेयरमैन अविनाश सिंह राजा।**

# पृथ्वी हाउस बना ओवर ऑल चैंपियन

- श्रीनाथ पब्लिक स्कूल का वार्षिक खेलकूद दिवस प्रतियोगिता संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल का वार्षिक खेलकूद दिवस जमशेदपुर स्थित जे आर डी स्टेडियम में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि पद्मश्री पूर्णिमा महतो, भारतीय तीरंदाजी कोच विशिष्ट अतिथि शंभू नाथ महतो, संध्या महतो संस्थापक श्रीनाथ ग्रुप ऑफ एजुकेशन, सुखदेव महतो अध्यक्ष श्रीनाथ पब्लिक स्कूल, एकेडमिक डायरेक्टर दिलीप महतो श्रीनाथ पब्लिक स्कूल, संजय सिंह प्रधानाचार्य श्रीनाथ पब्लिक स्कूल, अनिता महतो प्रबंधन समिति सदस्या, समस्त शिक्षकगण, अभिभावक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। सर्वप्रथम अग्नि हाउस, वरुण हाउस, मारुत हाउस एवं पृथ्वी हाउस के मार्च पास्ट टोलियों द्वारा मुख्य अतिथि को सलामी दी तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा प्रज्ज्वलित मशाल को विद्यालय की श्रेष्ठ धाविका स्वेता महतो एवं हाउस लीडरों द्वारा मैदान में घूमाया गया।



# आज पूर्वी विस के चार मंडलों में आभार यात्रा निकालेगी भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू की शानदार जीत पर भारतीय जनता पार्टी मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र के सभी सातों मंडलों में आभार यात्रा निकालेगी। आभार यात्रा का शुभारंभ गोलमुरी मंडल क्षेत्र से सुबह 10 बजे होगा। इस दौरान नवनिर्वाचित विधायक पूर्णिमा साहू मुख्य रूप से मौजूद रहेंगी। आभार यात्रा में विधायक पूर्णिमा साहू जनता के विश्वास और समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त कर आशीर्वाद लेंगी। यात्रा की सफलता सुनिश्चित करने और इसे सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए सोमवार को मंडल स्तर पर बैठकें आयोजित कर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा कर रूपरेखा बनाई गयी। बैठक के दौरान विभिन्न मंडलों में नियुक्त प्रभारी विशेष रूप से मौजूद रहे। मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित बैठक में आभार यात्रा को मंडल क्षेत्र की विभिन्न बस्तियों तक पहुंचाने एवं अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने पर मंथन किया गया।

# राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय का 52वा स्थापना दिवस मना

**रांची।** राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय का 52वाँ स्थापना दिवस महाविद्यालय परिसर में सोमवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय से मुख्य अतिथि के रूप में डॉ सुदेश कुमार साहू, डी एस डब्ल्यू, रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ मनोज कुमार पूर्व प्राचार्य राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय रांची, वर्तमान प्राचार्य मारवाड़ी कॉलेज रांची, पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ विजय बहादुर सिंह, डॉ जे पी सिंह, महाविद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र रांची नगर निगम के पूर्व उपमहापौर श्री संजीव विजयवर्गीय, श्री रतन अग्रवाल आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम समारोह पूर्वक संचालित हुआ। वर्तमान प्रभारी प्राचार्य डॉ विष्णु चरण महतो ने अध्यक्षता की। डॉ सुदेश साहू ने कहा कि यह महाविद्यालय संसाधनों में कम है किंतु प्रतिभा में कहीं कोई कमी नहीं है। महाविद्यालय के शिक्षक और छात्र सभी अपनी मेहनत और लगन से महाविद्यालय को विकास की ओर अग्रसर कर रहे हैं। सभी अतिथियों का स्वागत डॉ विजय कुमार ने किया। जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के छात्रों के द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति की गई। महाविद्यालय के दो शिक्षकों की पुस्तकों का लोकार्पण भी हुआ। मनोविज्ञान विभाग की शिक्षिका डॉ कुमारी रीता की पुस्तक ₹करियर इन डिसिसिवनेस स्ट्रेस एंड टेस्ट एंजाइटी अमंग वोकेशनल कॉलेज स्टूडेंट्स₹ तथा बी. सी.ए. के डॉ इबरार अहमद की किताब ₹क्लाउड कम्प्यूटिंग : ट्रेंड्स एंड टेक्नोलॉजीज₹ का विमोचन भी अतिथियों के द्वारा किया गया। यह डॉ इबरार अहमद की दूसरी पुस्तक है।

डॉ मनोज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि इस महाविद्यालय के प्रत्येक शिक्षक और विद्यार्थी को राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय के साथ जुड़ने से गर्व की अनुभूति करनी चाहिए क्योंकि यह असीम संभावनाओं से भरा महाविद्यालय है जो अपने कार्यों से विश्वविद्यालय में अपनी विशेष पहचान बना रहा है। श्री संजीव विजयवर्गीय एवं श्री रतन अग्रवाल ने महाविद्यालय के साथ जुड़े अपने अनुभव साझा किए।

प्रभारी प्राचार्य डॉ विष्णु चरण महतो ने अपने अध्यक्षीय भाषण में महाविद्यालय की उपलब्धियों की चर्चा की। विभिन्न क्षेत्रों में महाविद्यालय के छात्र अपने नाम का परचम लहरा रहे हैं। एथलेटिक्स, फुटबॉल, साइक्लिंग, बैडमिंटन आदि खेलों में महाविद्यालय के खिलाड़ी विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच कर राज्य और महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे। एन. सी. सी. और एन. एस. एस. के छात्र विभिन्न राष्ट्रीय कैंपों में जाकर प्रशिक्षण तो ले ही रहे हैं, साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी जीत हासिल कर रहे हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम से इस आयोजन की शोभा बढ़ गई। पूर्ववर्ती छात्र और नागपुरी फिल्मी जगत के नायक और गायक विवेक नायक के आने से छात्रों में उत्साह भर गया।

# गाबा के बाद पर्थ में टूटा आस्ट्रेलिया का घमंड

## पर्थ टेस्ट: भारत ने आस्ट्रेलिया को 295 रनों से रौंदा कर सिरीज में 1-0 की बढ़त बनाई



बुमराह ने पांच विकेट और दूसरी पारी में तीन विकेट लिए। उन्हें इसके लिए प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया।

**एजेंसी**

**पर्थ।** भारत ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में आस्ट्रेलिया को 295 रन से हरा दिया है। पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में टीम इंडिया ने आस्ट्रेलिया के सामने 534 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में कंगारू टीम 238 रन पर सिमट गई। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने पहली पारी में 150 रन बनाए थे। जवाब में आस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी में 104 रन पर सिमट गई। भारत को पहली पारी के आधार पर 46 रन की बढ़त मिली थी। दूसरी पारी भारत ने छह विकेट पर 487 रन बनाकर घोषित कर दी थी और कुछ बढ़त 533 रन की हासिल की थी।

### स्टार खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में जीता भारत

ध्यान देने वाली बात यह है कि टीम इंडिया में न तो रोहित शर्मा थे, न ही शुभमन गिल, न ही रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन और न ही मोहम्मद शमी थे। इसके बावजूद टीम इंडिया ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। 2021 में गाबा में ऑस्ट्रेलिया का घमंड तोड़ने के बाद भारत ने अब पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया का घमंड तोड़ा है। इस टेस्ट से पहले आस्ट्रेलिया ने पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में चार टेस्ट खेले थे और सभी जीते थे। पांचवें में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। पहले मैच पर्थ के वाका स्टेडियम में खेले जाते थे। हालांकि, 2018 से ऑप्टस स्टेडियम में मैच खेले जाने लगे। पर्थ (वाका, 2008), एडिलेड (2008), गाबा (2021) और अब पर्थ (ऑप्टस)...भारत ने आस्ट्रेलिया में कुछ ऐतिहासिक मैच जीते हैं।

### भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया में सबसे बड़ी जीत

खास बात यह है कि ऑस्ट्रेलिया की तुलना में कम अनुभव वाली टीम इंडिया ने कंगारुओं को चौंकाया है। पर्थ की उछाल और गति वाली पिच पर मेजबान को डरा कर रखना शानदार बात रही। भारत का यह आस्ट्रेलिया में रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत भी है। 295 रन से यह मुकाबला जीतने से पहले भारत ने मेलबर्न में 1977 में 222 रन से जीत दर्ज की थी। वहीं, 2018 में भारत ने मेलबर्न में आस्ट्रेलिया को 137 रन से हराया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-3 से क्लीन स्वीप होने के बाद भारतीय टीम की यह वापसी खास है। जसप्रीत बुमराह ने असाधारण कप्तानी की और फ्रंट से टीम को लीड किया। जब मुश्किल में पड़े, उन्होंने विकेट निकालकर दिया। पहली पारी में बुमराह ने पांच विकेट और दूसरी पारी में तीन विकेट लिए। उन्हें इसके लिए प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। इसी के साथ टीम इंडिया ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दूसरा टेस्ट एडिलेड में छह दिसंबर से खेला जाएगा। यह बतौर कप्तान बुमराह का दूसरा टेस्ट था। इससे पहले 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में उन्हें हार मिली थी। बतौर कप्तान यह उनकी पहली टेस्ट जीत है।

### आस्ट्रेलिया की दूसरी पारी

534 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने रविवार को ही 12 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। नाथन मैकस्वीनी खाता खोले बिना आउट हुए थे, जबकि कप्तान पैट कमिंस दो रन और मार्नस लाबुशेन तीन रन बनाकर आउट हुए। सोमवार को उस्मान ख्वाजा चार रन बनाकर आउट हुए। 17 पर ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद स्टीव स्मिथ ने ट्रेविस हेड के साथ 62 रन की साझेदारी निभाई। इस साझेदारी को सिराज ने तोड़ा। उन्होंने स्मिथ को पंत के हाथों कैच कराया। स्मिथ 17 रन बना सके। फिर हेड ने मिचेल मार्श के साथ छठे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी निभाई। हेड शतक से चूक गए और 89 रन बनाकर बुमराह का शिकार बने। अपनी पारी में हेड ने आठ चौके लगाए। मार्श भी अर्धशतक से चूक गए और 47 रन बना सके। मिचेल स्टार्क 12 रन और एलेक्स कैरी 36 रन बनाकर आउट हुए। नाथन लियोन खाता नहीं खोल सके। बुमराह और सिराज ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि वॉशिंगटन सुंदर को दो विकेट मिले। वहीं, हर्षित राणा और नीतीश रेड्डी को एक-एक विकेट मिला।



### पर्थ में भारत की टेस्ट जीत के रिकॉर्ड पर एक नजर

भारत ने आस्ट्रेलियाई धरती पर टेस्ट में अपनी सबसे बड़ी जीत (रनों के अंतर से) दर्ज की है। उनकी पिछली सबसे बड़ी जीत दिसंबर 1977 में प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर 222 रनों से हुई थी। भारत ने विदेशी टेस्ट में अपनी तीसरी सबसे बड़ी जीत (रनों के अंतर से) दर्ज की। 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 318 रनों की जीत शीर्ष पर है, उसके बाद 2017 में श्रीलंका के खिलाफ 304 रनों की जीत है। भारत पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया को हराने वाली पहली टीम बन गई। इससे पहले आस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड 4-0 था, उसने पाकिस्तान (2023 में 360 रनों से), भारत (2018 में 146 रनों से), न्यूजीलैंड (2019 में 296 रनों से) और वेस्टइंडीज (2022 में 164 रनों से) के खिलाफ अपने सभी मैच जीते थे। जसप्रीत बुमराह इस मैदान पर टेस्ट जीतने वाले पहले मेहमान कप्तान भी बन गये हैं। भारत आस्ट्रेलियाई धरती पर 10 या उससे ज्यादा टेस्ट मैच जीतने वाली चौथी मेहमान टीम बन गई है। इंग्लैंड (57), वेस्टइंडीज (19) और दक्षिण अफ्रीका (10) इस मुकाम पर पहुंचने वाली अन्य टीमें हैं। जसप्रीत बुमराह आस्ट्रेलियाई धरती पर टेस्ट जीतने वाले 7वें भारतीय कप्तान बन गए हैं। अन्य कप्तानों में अजिंक्य रहाणे, विराट कोहली, सुनील गावस्कर, बिशन सिंह बेदी, सौरव गांगुली और अनिल कुंबले शामिल हैं। जसप्रीत बुमराह पर्थ (WACA और ऑप्टस को मिलाकर) में टेस्ट मैच जीतने वाले दूसरे एशियाई कप्तान भी बन गए हैं। अनिल कुंबले ने 2008 में जीत का स्वाद चखा था। जसप्रीत बुमराह ऑस्ट्रेलिया में एक से अधिक बार (2) टेस्ट में आठ या उससे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने 2018 और 2024 में यह कारनामा किया था। कपिल देव 1985 और 1992 में यह कारनामा करने वाले पहले खिलाड़ी थे।

### शीर्ष पर पहुंचा भारत

पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को हराकर भारत अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। उनका अंक प्रतिशत भी 58.33 से सुधरकर 61.11 का हो गया है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया 13 मैचों में चौथी शिकस्त के साथ दूसरे पायदान पर खिसक गया। उनका अंक प्रतिशत 57.69 का हो गया। बता दें कि, इस मैच से पहले भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचने के लिए 4-0 से सीरीज जीतनी थी। पहला मैच जीतने के बाद अब टीम को तीन और मुकाबले अपने नाम करने होंगे। यह भारत की 15 मैचों में नौवीं जीत है। अब उनके खाते में 110 अंक हो गए। तीसरे स्थान पर 55.56 अंक प्रतिशत के साथ श्रीलंका है, जबकि चौथे और पांचवें पायदान पर क्रमश: न्यूजीलैंड (54.55) और दक्षिण अफ्रीका (54.17) है।

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 की अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | ड्रॉ | अंक | अंक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 15 | 9 | 5 | 0 | 1 | 110 | 61.11 |
| ऑस्ट्रेलिया | 13 | 8 | 4 | 0 | 1 | 90 | 57.69 |
| श्रीलंका | 9 | 5 | 4 | 0 | 0 | 60 | 55.56 |
| न्यूजीलैंड | 11 | 6 | 5 | 0 | 0 | 72 | 54.55 |
| दक्षिण अफ्रीका | 8 | 4 | 3 | 0 | 1 | 52 | 54.17 |
| इंग्लैंड | 19 | 9 | 9 | 0 | 1 | 93 | 40.79 |
| पाकिस्तान | 10 | 4 | 6 | 0 | 0 | 40 | 33.33 |
| बांग्लादेश | 10 | 3 | 7 | 0 | 0 | 33 | 27.50 |
| वेस्टइंडीज | 9 | 1 | 6 | 0 | 2 | 20 | 18.52 |

# आइपीएल 2025 के लिए मेगा नीलामी खत्म, पंत रहे सबसे महंगे

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सोमवार को यहां चल रहे आइपीएल 2025 की मेगा नीलामी में अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार के लिए बड़ी रकम खर्च की, जबकि दीपक चाहर ने चेन्नई से मुंबई में कदम रखा। कैप्ड बॉलर्स में तुषार देशपांडे ने अपने लिए बड़ी कीमत हासिल की। उनहें राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने 6.50 करोड़ रुपये में खरीदा। गेराल्ड कोएट्जी को गुजरात टाइटन्स ने कुछ फ्रेंचाइजी की दिलचस्पी के बावजूद 2.4 करोड़ रुपये में खरीदा। दो बार पर्पल कैप जीतने वाले और कैश-रिच लीग में एक घरेलू नाम भुवनेश्वर कुमार 2 करोड़ रुपये के बेस प्राइस के साथ नीलामी में शामिल हुए। अंत में आरसीबी ने 10.75 करोड़ रुपये की कीमत पर अनुभवी तेज गेंदबाज को हासिल कर लिया। धीरे-धीरे अपनी जगह बना रहे मुकेश कुमार के लिए पंजाब किंग्स ने 8 करोड़ रुपये की बोली लगाई, लेकिन दिल्ली कैपिटल्स ने अपने राइट टू मैच विकल्प का इस्तेमाल करने का फैसला किया और मुकेश को वापस ले लिया। दीपक चाहर सेट में एक और उल्लेखनीय चेहरा थे, जिन्हें मुंबई इंडियंस ने 9.25 करोड़ रुपये में खरीदा। भारत के तेज गेंदबाज आकाश दीप को लखनऊ ने 8 करोड़ रुपये में खरीदा, जिससे उनके तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिली। पंजाब किंग्स ने इसके बाद न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन को उनके बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये में हासिल कर लिया। अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर मुजीब उर रहमान अपने लिए कोई फ्रेंचाइजी पाने में असफल रहे और उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला। कैप्ड विकेटकीपर-बल्लेबाजों की सूची में, दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज रयान रिकेल्टन, जिन्होंने हाल ही में भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला के दौरान खुद के लिए नाम कमाया, को पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने नया घर दिया। आंध्र प्रदेश के विकेटकीपर-बल्लेबाज केएस भरत, जो 75 लाख रुपये के बेस प्राइस के साथ आए थे, उनके लिए कोई बोली नहीं लगी और उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला। ऑस्ट्रेलियाई स्टार जोश इंगलिस को ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस के साथ पंजाब किंग्स ने 2.6 करोड़ रुपये में खरीदा। हालांकि, उनके साथी एलेक्स कैरी को दस में से किसी भी फ्रेंचाइजी से डील नहीं मिल पाई। दक्षिण अफ्रीका के डॉन फरेरा को भी कोई खरीदार नहीं मिला।




**मेगा नीलामी समाप्त**

आइपीएल 2025 के लिए सऊदी अरब के जेद्दा में चल रही मेगा नीलामी सोमवार की रात समाप्त हो गई। यह नीलामी दो दिनों तक चली जिसमें सभी 10 फ्रेंचाइजी ने अपनी टीम बनाई। भारतीय विकेटकीपकर बल्लेबाज ऋषभ पंत सबसे महंगे बिकने वाले खिलाड़ी रहे जिन्हें लखनऊ सुपरजायंट्स ने 27 करोड़ रुपये में खरीदा। पंत के अलावा श्रेयस अय्यर को पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ और वेंकटेश अय्यर को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 23.75 करोड़ रुपये में खरीदा। दो दिन तक चली इस मेगा नीलामी में कुल 577 खिलाड़ी शामिल थे जिनमें से 182 खिलाड़ी बिके, जबकि 392 खिलाड़ियों के लिए किसी ने बोली नहीं लगाई।

### आइपीएल 2025 की नीलामी

- कुणाल राठौड़ को राजस्थान रॉयल्स ने 30 लाख रुपये के आधार मूल्य पर खरीदा।
- अर्जुन तेंदुलकर को मुंबई इंडियंस ने 30 लाख रुपये के आधार मूल्य पर दूसरी बार में खरीदा।
- लिजाड विलियम्स को मुंबई ने 75 लाख रुपये के आधार मूल्य पर खरीदा।
- शिवम मावी के लिए दूसरी बार भी किसी ने बोली नहीं लगाई। उनका आधार मूल्य 75 लाख रुपये था।
- गुजरात टाइटंस ने कुलवंत खेजरोलिया को 30 लाख रुपये के आधार मूल्य पर खरीदा।
- ओटनील बार्टमैन को किसी ने नहीं खरीदा। उनका आधार मूल्य 75 लाख रुपये था।
- आरसीबी ने लुंगी एनगिडी को एक करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर खरीदा।
- आरसीबी ने अभिनंदन सिंह को 30 लाख रुपये के आधार मूल्य पर खरीदा।
- राज लिंबानी को किसी ने नहीं खरीदा। उनका आधार मूल्य 30 लाख रुपये था।
- राजस्थान रॉयल्स ने अशोक शर्मा को 30 लाख रुपये के आधार मूल्य पर खरीदा।
- विघ्नेश पुथुर को मुंबई इंडियंस ने 30 लाख रुपये के आधार मूल्य पर खरीदा।
- आरसीबी ने मोहित राठी को 30 लाख रुपये के आधार मूल्य पर खरीदा
- गुजरात टाइटंस ने करीम जनत को 75 लाख रुपये के आधार मूल्य पर खरीदा।
- राज लिंबानी को किसी ने नहीं खरीदा। उनका आधार मूल्य 30 लाख रुपये था।
- बेवन जैकब्स को मुंबई इंडियंस ने 30 लाख रुपये के आधार मूल्य पर खरीदा।
- अतीत सेठ के लिए किसी ने बोली नहीं लगाई। उनका आधार मूल्य 30 लाख रुपये था।
- त्रिपूर्ण विजय को दिल्ली ने उनके आधार मूल्य 30 लाख रुपये पर खरीदा।
- माधव तिवारी को दिल्ली कैपिटल्स ने 40 लाख रुपये में खरीदा। उनका आधार मूल्य 30 लाख रुपये था।
- के. केंसे को किसी ने नहीं खरीदा। उनका आधार मूल्य 30 लाख रुपये था।
- अजय मंडल को 30 लाख रुपये के आधार मूल्य पर दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा।
- शिवालिक शर्मा के लिए किसी ने बोली नहीं लगाई। उनका आधार मूल्य 30 लाख रुपये था।
- मैथ्यू शॉट को किसी ने नहीं खरीदा। उनका आधार मूल्य 75 लाख रुपये है।
- दिल्ली कैपिटल्स ने मानवंत कुमार को 30 लाख रुपये के आधार मूल्य पर खरीदा।
- के खेजरोलिया के लिए किसी ने रुचि नहीं जताई। वह 30 लाख रुपये के आधार मूल्य के साथ उतरे थे।
- ओटनील बार्टमैन को किसी ने नहीं खरीदा। उनका आधार मूल्य 75 लाख रुपये था।
- संदीप वारियर के लिए किसी ने बोली नहीं लगाई। उनका आधार मूल्य 75 लाख रुपये था।
- तेजस्वी दहिया के लिए किसी ने रुचि नहीं दिखाई। उनका आधार मूल्य 30 लाख रुपये था।
- भारत के युवा स्टार अनकैप्ड खिलाड़ी अंशुल कंबोज को चेन्नई सुपर किंग्स ने 3 करोड़ 40 लाख की कीमत चुकाकर अपनी टीम में शामिल किया है।

# खेल मंत्री मंडाविया ने की विश्व एथलेटिक्स अध्यक्ष से मुलाकात

## 2036 ओलंपिक की मेजबानी के भारत के इरादे पर की चर्चा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स महासंघ और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्य सेबेस्टियन कोए के साथ बैठक की। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि बैठक में 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करने की भारत की मंशा और भारत में जमीनी स्तर से लेकर उत्कृष्टता प्राप्त करने तक एथलेटिक्स के विकास से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। सेबेस्टियन के साथ विश्व एथलेटिक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉन रिजन और विश्व एथलेटिक्स के अंतर्राष्ट्रीय संबंध एवं विकास निदेशक हेलेन डेलानी भी थे। केंद्रीय मंत्री ने विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष को 2036 में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत द्वारा अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को भेजे गए आशय पत्र के बारे में जानकारी दी। मंडाविया ने एक स्थायी, समावेशी और प्रेरक खेलों की मेजबानी करने के भारत के संकल्प के बारे में भी बात की और कहा कि 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने की हमारी महत्वाकांक्षा विश्व मंच पर भारत की सांस्कृतिक विरासत और खेल क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए हर स्तर - सरकार, उद्योग और समाज - पर व्यापक समर्थन को दशार्ती है। मंडाविया ने पिछले



मेजबान शहरों की विरासत को आगे बढ़ाने, सीखे गए सबक को शामिल करने, स्थिरता को प्राथमिकता देने और विविधता का जश्न मनाने वाले खेलों को प्राप्त करने की भारत की आकांक्षाओं के बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने सेबेस्टियन को बताया कि भारत वैश्विक खेल पारिस्थितिकी तंत्र को आकार देने में विश्व एथलेटिक्स की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानता है और मंत्रालय विश्व निकाय के साथ अपने सहयोग को गहरा करने और एथलेटिक्स के अनुशासन में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में उनके मार्गदर्शन की तलाश करेगा ताकि भारत के अधिक से अधिक एथलीट ओलंपिक और अन्य अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में पोडियम तक पहुंच सकें। मंडाविया ने विश्व एथलेटिक्स प्रतिनिधिमंडल को राष्ट्रीय खेल नीति, 2024 के मसौदे को तैयार करने, राष्ट्र निर्माण, आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए खेलों का लाभ उठाने और जमीनी स्तर से वैश्विक उत्कृष्टता पाइपलाइन को बढ़ावा देने और हाल ही में परामर्श के लिए सार्वजनिक डोमेन में रखे गए राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक के मसौदे के बारे में भी जानकारी दी, जिसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं और ओलंपिक मूल्यों के साथ संरेखित खेल निकायों खेल संघों में पारदर्शिता, सुशासन और नैतिक प्रथाओं को सुनिश्चित करना है। बैठक के दौरान भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला, भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के महासचिव रविंदर चौधरी, खेल विभाग के सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

### बिहार के 13 वर्षीय वैभव बने करोड़पति



बिहार के युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने हाल ही में रणजी ट्रॉफी और अंडर-19 टेस्ट मैचों में शानदार प्रदर्शन किया था। अब आइपीएल नीलामी 2025 में उन्हें राजस्थान रॉयल्स ने 1 करोड़ 10 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया है। बता दें कि, उनका बेस प्राइस 30 लाख रुपये रखा गया था।

### दूसरे दिन सोल्ड हुये सभी खिलाड़ियों की लिस्ट

- रोवमैन पॉवेल - कोलकाता नाइट राइडर्स - 1 करोड़ 50 लाख
- फाफ डु प्लेसिस - दिल्ली कैपिटल्स - 2 करोड़
- वाशिंगटन सुंदर - गुजरात टाइटन्स - 3 करोड़ 20 लाख
- सैम करन - चेन्नई सुपर किंग्स -?2 करोड़ 40 लाख
- मार्को जानसेन - पंजाब किंग्स - 7 करोड़
- क्रुणाल पांड्या - रॉयस चैलेंजर्स बेंगलुरु - 5 करोड़ 75 लाख
- नीतीश राणा - राजस्थान रॉयल्स - 4 करोड़ 20 लाख
- रायन रिकलटन - मुंबई इंडियंस - 1 करोड़
- जोश इंग्लिस - पंजाब किंग्स - 2 करोड़ 60 लाख
- तुषार देशपांडे - राजस्थान रॉयल्स - 6 करोड़ 50 लाख
- गेराल्ड कोएत्जी - गुजरात टाइटन्स - 2 करोड़ 40 लाख
- भुवनेश्वर कुमार - रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु - 10 करोड़ 75 लाख
- मुकेश कुमार - दिल्ली कैपिटल्स - 8 करोड़
- दीपक चाहर - मुंबई इंडियंस - 9 करोड़ 25 लाख

# शराब के नशे में खलासी ने टेम्पो को पलटा, चालक घायल



इलाज करते चिकित्सक

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के सिंघीताली गांव में तीखे मोड़ पर शराब के नशे में धुत टेम्पों चालक के खलासी ने टेम्पो पलटकर फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंचे थाना के एएसआई आशुतोष सिन्हा ने घायल टेम्पो चालक खरौंधी थाना क्षेत्र के चौरिया गांव निवासी रोहित पटेल को भवनाथपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए लेकर पहुंचे। जहां पर सहायक चिकित्सक ने इलाज किया। घटना के संबंध में घायल रोहित ने बताया कि हम बगल के गांव गटियरवा निवासी राणा मेहता का टेम्पो चलाते हैं। किसी पैसेंजर को छोड़ने भवनाथपुर आए थे, इसी दौरान शाम शराब पीने के लिए सिंघीताली चले गए, जहां हम और मेरा साथी विकास सिंह ने शराब पी। इसके बाद विकास ने कहा हम गाड़ी चलाएंगे, तो हम उसे गाड़ी चलाने के लिए दे दिए, इसी दौरान वह तीखे मोड़ पर टेम्पो पलट कर हमें घायलावस्था में ही छोड़कर फरार हो गया। थाना के सहायक अवर निरीक्षक आशुतोष सिन्हा के द्वारा सुरक्षा के दृष्टिकोण से इलाज के पश्चात उसे थाना लेकर चले गए। एएसआई ने कहा कि घायल के परिजन को सूचना कर उन्हें सुरक्षित सौंप दिया जाएगा।

## पैक्स चुनाव में सुरक्षा को लेकर एसपी ने रक्सौल अनुमंडल का लिया जायजा

**पूर्वी चंपारण।** पैक्स चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने एसपी स्वर्ण प्रभात सोमवार को रक्सौल पहुंचे।जहां कल होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसके साथ एसपी ने सुरक्षा को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा की कल पैक्स चुनाव है। इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि रक्सौल अनुमंडल में पांच ब्लाक व पकड़ीदयाल अनुमंडल में एक ब्लाक में कल चुनाव सम्पन कराया जायेगा। शांतिपूर्ण रूप से चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई है। उन्होंने बताया कि सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि बूथ पर किसी भी तरह की विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न नही होना चाहिए।

## पैक्स चुनाव से पूर्व सभी दबंगों को नोटिस

**पूर्वी चंपारण।** पैक्स चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए जिले के सभी थाना क्षेत्रों में अपराधी छवि के जेल से छूटे या दबंगता करने वाले लोगो के विरुद्ध पुलिस लाल कार्ड से नोटिश भेज रही है। बताया गया है कि वैसे लोग जिनके विरुद्ध यह सन्देह है कि उनके रहते मतदाताओं को वोट डालने में भय महसूस होगा , उनको यह नोटिश थाना स्तर से भेजी जाएगी। नए कानून संहिता बीएनएसएस की धारा 168 के तहत इस तरह की निरोधात्मक कारवाई की जा रही है। बताया गया है कि कार्ड युक्त नोटिश के माध्यम से यह कहा गया है कि आपकी गतिविधि पर पुलिस की नजर है।

### शीतकालीन सत्र के पहले दिन

# विधानसभा अध्यक्ष को विधायक ने दिया पुष्पगुच्छ

एजेंसी

**अररिया।** बिहार विधानसभा का शीतकालीन सत्र की शुरूआत सोमवार से हुई। सत्र के पहले दिन फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केशरी उर्फ मंचन केशरी उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव के चैंबर में उनसे मुलाकात की और पुष्प गुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया।

इस दौरान विधायक ने विधानसभा अध्यक्ष से क्षेत्र सहित सीमांचल के विभिन्न मुद्दों को लेकर बातचीत की। पशु वधशाला समेत सीमांचल में बांग्लादेशी घुसपैठियों के साथ राष्ट्र विरोधी तत्वों की सक्रियता को लेकर



विधानसभा अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री से विधायक की अनौपचारिक बातचीत हुई। शीतकालीन सत्र के दौरान विधायक ने विधानसभा अध्यक्ष से प्रश्नकाल के दौरान सकारात्मक सहयोग की भी गुजारिश की,जिस पर विधानसभा अध्यक्ष ने सकारात्मक सहयोग करने का आश्वासन विधायक को दिया।

# सत्तापक्ष-विपक्ष में सदन के बाहर तकरार

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानमंडल सत्र के एक दिन पूर्व मुजफ्फरपुर में एक सभा में केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा था कि अल्पसंख्यक समाज जदयू को वोट नहीं देता। उनका बयान आने के बाद बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सदन के बाहर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर तकरार हुई। सत्ता पक्ष ने जहां ललन सिंह के बयान पर सफाई दी देते हुए ललन सिंह का बचाव किया, वहीं विपक्ष ने इसकी निंदा की। ललन सिंह ने भी अपने बयान पर सफाई भी दे दी है। प्रदेश सरकार में भवन निर्माण मंत्री डॉ. अशोक चौधरी ने कहा कि ललन सिंह के बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया जा रहा है, ताकि लोगों में भ्रम की स्थिति बनी रहे। ललन सिंह के कहने का अर्थ यह है कि हमने मुसलमानों के लिए जितना काम किया, उस हिसाब से जदयू को वोट नहीं मिल रहा है, इसका हमें दर्द है। जदयू को और मेहनत करने की जरूरत है। मेरा नेता न हिंदू है, न मुसलमान है, न सिख है, न ईसाई है वे इंसान हैं। हमें किसी वकील की जरूरत नहीं है। भाजपा के विसफी से विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने आज बातचीत में कहा कि मुसलमानों को विकास से कोई मतलब नहीं है।

## विस में फिर उठा पशु वधशाला बंद करने की मांग

**अररिया।** फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केशरी उर्फ मंचन केशरी ने शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को विधानसभा में ध्यानाकर्षण में सुकसेना स्थित पशु वधशाला बंद करने की मांग की। उन्होंने अगल बगल के इलाकों में फैले प्रदूषण को लेकर विधानसभा का ध्यान आकृष्ट कराया। सप्तदश बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के प्रथम दिन विधायक श्री केशरी ने विधानसभा के औराही पश्चिम पंचायत के वार्ड संख्या 17 के चंद्रदेई माईनर लघु नहर 10 आरडी पर पुल निर्माण की मांग की। वहीं रहिकपुर ठीलामोहन पंचायत के वार्ड -07 शुभंकरपुर के उमानाथ वर्मा के घर से टप्पू टोला महादलित टोला के शम्भू ऋषिदेव के दुकान तक पक्की सड़क निर्माण की मांग की।

## खबर एक नजर में

### भाजपा ने संगठन पर्व सदस्यता अभियान के द्वितीय चरण में बनाये 3234 सदस्य

**कटिहार।** भारतीय जनता पार्टी ने कटिहार में संगठन पर्व सदस्यता अभियान के द्वितीय चरण का प्रकाशन किया है। इस चरण में जिले के सभी कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज राय के नेतृत्व में 3234 सक्रिय सदस्य बनाने का काम किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज राय ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता बूथ वार संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ प्राथमिक सदस्य एवं सक्रिय सदस्य बनाने का कार्य लगातार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के एक एक कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से लगातार कार्य कर रहे हैं जिससे जिला मंडल शक्ति केंद्र व बुथ पर कार्यकर्ताओं को मजबूती मीलेगी साथ साथ संगठन में भी विस्तार होगा। द्वितीय चरण के सक्रिय सदस्यत के प्रकाशन के अवसर पर जिला महामंत्री रामनाथ पांडे, विरेन्द्र यादव, सौरभ कुमार मालाकार, संगठन पर्व अभियान टोली के सदस्य गोविंद अधिकारी, संजय झा, अजय भारद्वाज सहित कार्यकर्ता शामिल हुए।

### महिला विकास में मिल का पत्थर साबित होगी जीविका दीदी अधिकार केंद्र : रवि प्रकाश

**नवादा।** जिले के रजौली प्रखंड के रजौली पश्चिमी पंचायत के छपड़ा गाँव में सोमवार को जीविका भवन में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश एवं उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी ने फीता काटकर जीविका दीदी अधिकार केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि महिला विकास में जीविका दीदी अधिकार केंद्र मिल का पत्थर साबित होगी। जीविका के संगठनों में जुड़ने से महिलाओं में काफी जागरूकता आई हैं। जीविका दीदी अधिकार केंद्र इस क्षेत्र की महिलाओं को अपने अधिकारों के विषय में जागरूक करने और उनकी रक्षा करने में मिल का पत्थर साबित होगी। हमें अपने अधकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों को भी समझाना है। हमारा कर्तव्य है कि हम दूसरों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि सामाजिक के साथ-साथ आर्थिक आजादी भी जरुरी है। सही मायने में सशक्तिकरण तभी होगी जब जीविकोपार्जन की व्यवस्था होगी। इसलिए सभी परिवार जीविकोपार्जन गतिविधि को अपनाकर अपना आर्थिक पक्ष को मजबूत करें। जीविका दीदी अधिकार केंद्र एक मिनी वन स्टॉप सेंटर के रूप में कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि जीविका दीदी अधिकार केंद्र नवादा जिला के रजौली, रोह, नारदीगंज एवं काशीचक प्रखंड में प्रारंभ हो रहा है। कार्यक्रम के शुरूआत में जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार गिरी ने अपने स्वागत संबोधन में जीविका दीदी अधिकार केंद्र के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। रजौली पशिचमी पंचायत के मुखिया शुभद्रा सिंह में कहा कि हम हमेशा जीविका दीदियों के साथ कदम से कदम मिलकर खरी रहूंगी।

### दुर्घटना में मौत के शिकार मजदूरों के बच्चों को डीएम ने दिया हर संभव मदद का आश्वासन

**नवादा।** नवादा के स्टालिन नगर से ईंट भट्ठों पर काम करने जा रहे मजदूरों से भरी गाड़ी सिरनामा पुल के निकट वेना थाना जिला नालंदा में दुर्घटना ग्रस्त हो गयी थी, जिसमें दो मजदूर एवं एक दो साल की बच्ची की मौत हो गयी थी एवं कुछ लोग घायल हो गए थे, जिसकी सूचना मिलते ही सोमवार को जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने मजदूर के घर जाकर उसके छोटे-छोटे बच्चों को प्यार किया और हर स्तर की मदद देने का भरोसा दिलाया। उस समय वहां कारुणिक दृश्य देखने को मिला। जब डीएम जमीन पर बैठकर सर से पिता के साया उठ चुका मजदूरों के बच्चो को ममता की छांव दी। उन्होंने पीड़ित परिवारों से कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है। जिला प्रशासन आपलोगों की दुःख में संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। जिला प्रशासन की तरफ से आपलोगों को हर सम्भव मदद किया जायेगा। उन्होंने वहां के लोगों से सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमि के बारे में विस्तृत जानकारी ली।जिला पदाधिकारी ने मनरेगा के तहत कितने लोगों को अबतक जॉब कार्ड मिला है, कितने भूमिहीन लोगों को बन्दोवस्ती की गयी है एवं इंदिरा आवास योजना से कितने लोग लाभान्वित हैं। इस बारे में फिडबैक प्राप्त किया गया। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार की योजनाओं के तहत पीड़ित परिवारों को लाभ दिया जायेगा। श्रम अधीक्षक को निर्देश दिया गया कि श्रम विभाग के द्वारा पीड़ित परिवारों के लिए बिहार शताब्दी योजना एवं अन्य लाभ देना सुनिश्चित करेंगे। जिला कल्याण पदाधिकारी को भी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए निर्देश दिया। स्टालिन नगर में राशन कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाया गया, आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शिविर लगाया गया है एवं जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार प्रभावित परिवारों को चिकित्सा सुविधा दी जा रही है।

### टीम सेवक बंधु ने शिविर लगाकर किया 20 यूनिट रक्तदान

**अररिया।** जिले के नरपतगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीम सेवक बंधु की ओर से सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें उत्साही 20 युवकों ने जरूरतमंदों के लिए रक्तदान किया। टीम सेवक बंधु के द्वारा नरपतगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में यह तीसरा शिविर लगाया गया, जहां उत्साही युवकों ने जिले में रक्त की कमी को दूर करने के लिए रक्तदान किया। संस्था के द्वारा हमेशा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है और अन्य दिनों में भी जरूरतमंदों को जरूरत के समय रक्तदान कर रक्त उपलब्ध कराया जाता है। उल्लेखनीय हो कि अररिया जिला मे रक्त की कमी को देखते हुए जिला पदाधिकारी और सिविल सर्जन द्वारा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्देश जारी किया है।जिसके तहत नरपतगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीम सेवक बंधु के सहयोग से यह शिविर लगाया गया। शिविर में टीम सेवक बंधु के रक्तदाताओ के साथ साथ अस्पतालकर्मियों ने भी रक्तदान कर अपनी भूमिका निभाई। टीम के सचिव निशांत झा ने जानकारी देते हुए कहा की तीन महीने के अंदर नरपतगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में यह तीसरा रक्तदान शिविर है। किसी भी ब्लड बैंक को जब भी रक्त की कमी होती है, एक विश्वास के साथ टीम सेवक बंधु को याद किया जाता है। टीम रक्त भंडारण में पूरा सहयोग करती है।कोषाध्यक्ष राहुल यादव ने बताया कि बीती संध्या शिविर आयोजित करने की सूचना मिली थी और महज कुछ घंटो की तैयारी में भी रक्तदाताओ ने पहुँच कर जागरूकता का परिचय दिया है।

### दुकान में लगी आग, लाखों की सम्पति जलकर राख

**नवादा।** नवादा जिले की नक्सल प्रभावित इलाका मेसकौर प्रखंड के मेसकौर बस स्टैंड के पास सुमन इलेक्ट्रॉनिक दुकान में शॉर्ट सर्किट से सोमवार को आग लग गई। आग की चिंगारी देखकर अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। काफी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया है। दुकान मालिक रोहित कुमार ने बताया कि वे घर भोजन करने गए थे। ग्रामीण ने फोन कर बताया गया कि तुम्हारे दुकान से धुआं निकल रहा है। यह बात सुनते ही हम तुरंत अपने दुकान में पहुंचे। यहां आकर शटर उठाया तो आग की चिंगारी पर नजर पड़ी। आग में सारा सामान जल रहा था। वहीं स्थानीय लोगों ने मदद किया और फिर आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक दुकान में रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया है। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। जिसके कारण ही इस तरह की घटना घटी है। दुकानदार ने बताया कि कुछ ही देर पहले दुकान बंद करके घर चले गए थे। जब फोन आया तो देखा कि दुकान से काफी धुआं निकल रहा था। जब दुकान खोले तो दुकान में रखा सारा सामान आग की चिंगारी में जल रहा था। जिला प्रशासन के अधिकारियों से मुआवजे की मांग की गई है।

# प्रतिबंधित नशीली दवाईयों के साथ दो गिरफ्तार, दो बाइक भी जब्त

एजेंसी

**अररिया।** जिले के घुरना थाना क्षेत्र के हरिपुर सुरसर पुल के पास एसएसबी और घुरना थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से सोमवार को कार्रवाई करते हुए दो बाइक सवार तस्करों को भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाईयों के साथ गिरफ्तार किया। घुरना थाना पुलिस ने मिले गुप्त सूचना पर एसएसबी जवानों के साथ मिलकर यह कार्रवाई की। गिरफ्तार तस्करों में बसमतिया के केशव पासवान का 18 साल का पुत्र सूरज कुमार और दूसरा घुरना थाना क्षेत्र के पथराहा वार्ड संख्या चार का रहने वाला 18 वर्षीय मो.इकबाल पिता -मो.आलमीन है।इनके पास से 5 हजार 70 पीस ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड 50 मिलीग्राम का प्रतिबंधित पेन किलर नशीली दवाईयों का खेप बरामद किया गया।इस बात की जानकारी घुरना थानाध्यक्ष संजय यादव ने दी।

## झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष ने जीत की खुशी में की पूजा अर्चना

**भवनाथपुर।** झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज यादव ने झामुमो प्रत्याशी अनंत प्रताप देव एवं पार्टी को प्रचंड बहुमत मिलने की खुशी में कैलान डीहवार बाबा पर पूजा अर्चना कर खस्सी का बलि दिया। प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज यादव ने कैलान के जनता सहित पूरे विधानसभा के जनता का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। वहीं लोगो से चुनाव के वादा पूरा करने की बात कही।

## चुनाव प्रचार कर घर लौट रहे उम्मीदवार पर हुआ हमला

**अररिया।** जिले के भरगामा थाना क्षेत्र के पैकपार गांव निवासी सतीश कुमार सिंह ने सोमवार को भरगामा थाना में एक आवेदन दिया है। थाना में दिए गए आवेदन में उन्होंने बताया है कि पैक्स चुनाव को लेकर पैकपार पंचायत से अध्यक्ष पद पर उन्होंने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। जांच-पड़ताल के बाद उचित कार्रवाई किया जायेगा।

# शीतलहर से बचाव एवं सुरक्षा के उपाय को लेकर बैठक




खबर मन्त्र संवाददाता

**कटिहार।** शीतलहर से बचाव एवं सुरक्षा के उपाय पर विचार-विमर्श हेतु सोमवार को एनआईसी सभागर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने की। अपर समाहर्ता आपदा द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 2024 की शीतकालीन अवधि प्रारम्भ हो चुकी है। सामान्यतः माह दिसम्बर से जनवरी के बीच ठंड की व्यापकता होने से शीतलहर की संभावना रहती है। बैठक में निर्णय लिया गया कि शीतलहर से प्रभावित होने वाले जनमानस, विशेषकर गरीब एवं निःसहाय व्यक्तियों के बचाव के निमित्त विभागीय एसओपी के अनुरूप समुचित उपाय एवं प्रबंधन पर विचार-विमर्श हेतु संबंधित पदाधिकारियों के द्वारा आपसी समन्वय स्थापित किया जाएगा। जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी को समय-समय पर लोगों में जन जागरूकता फैलाने हेतु पम्पलेटों, पोस्टर, समाचार पत्रों, इलेक्ट्रॉनिक मिडिया, हॉर्डिंग एवं बैनर लगाकर एवं अन्य समाचार माध्यमों से प्रचार-प्रसार करने के लिए निर्देशित किया गया। सिविल सर्जन को आदेश दिया गया कि ठंड बढ़ने से लोगों में वायरल संक्रमण, कोल्ड डायरिया एवं अन्य ठंडी से संबंधित बीमारियों का होने की संभावना अत्यधिक बढ़ जाती है।

# विधायक नरेश सिंह को मिली प्रचंड जीत पर निकाली गई विजय जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक नरेश प्रसाद सिंह को मिली प्रचंड जनादेश की जीत की खुशी में सोमवार को उनके समर्थको द्वारा पुरजोर तरीके से गाजे बाजे के साथ विजय जुलूस निकाला गया। जुलूस में नवनिर्वाचित विधायक नरेश प्रसाद सिंह शामिल थे। सबसे पहले श्री सिंह ने बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर जूलूस में शामिल हुए। वे शिव मंदिर में बाबा शिव के चरणों में माथा टेक आशिर्वाद प्राप्त किए।

जुलूस के दौरान उनके समस्त समर्थकों का उत्साह थमने का नाम नहीं ले रहा था। जमकर बम पटाखे छोड़े और अबीर गुलाल उड़ाए। जुलूस ब्लॉक मोड़ से प्रारंभ हुआ। जो ब्लॉक रोड, मुख्य बाजार होते हुए पुरानी अस्पताल के समीप तक एवं पुनः वापसी कर राधाकृष्ण मंदिर पहुंचे और भगवान के चरणों



जुलूस में शामिल विधायक नरेश प्रसाद सिंह व अन्य

में माथा टेका। इसके साथ-साथ पुजारी श्री श्री 108 श्री बाबा केशव नारायण दास आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं श्री बाबा केशव नारायण दास ने तिलक लगाते हुए अंग वस्त्र भेंट किया। वहीं समर्थकों ने जगह-जगह उन्हें फूल माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया गया। इस दौरान बस स्टैंड स्थित जामा मस्जिद स्थित मोहल्ले में जाकर लोगों को धन्यवाद दिया एवं आशीर्वाद लिया। जुलूस के दौरान विधायक श्री सिंह ने लोगों को धन्यवाद दे रहे थे। जुलूस में सभी वर्ग समुदाय के लोग शामिल थे। जुलूस में मुख्य रूप से आनंद यादव, हरिनाथ चंद्रवंशी, वीरेंद्र सोनी, सदर मंसूर खान, इबरार मुजिम, रकयुबुदिन खां, बद्री प्रसाद, सुरेश पासवान, नन्हे खान, मुखिया प्रतिनिधि रमेश पासवान, इंदल सिंह, सतीश ठाकुर, विकास सिंह, पप्पू सिंह, संतू सिंह, दीनानाथ प्रसाद, इमरान खान, नन्हे खान, प्रवीण कुमार सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# मुखिया ने मृतक के परिजनों को सौंपा मृत्यु प्रमाण पत्र



प्रमाण पत्र सौंपते मुखिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** पंचायत मुखिया विजय राम ने पंचायत के मृत तीन लोगों का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर परिजनों के घर जाकर सौंपा। इस कार्य के लिए पंचायत मुखिया विजय राम की जमकर तारीफ हो रही है। मुखिया विजय राम ने बताया कि कांडी पंचायत के नैनाबार गांव के मृतक बुान रजवार पिता स्व. फूलचंद रजवार, कांडी के गोविंद कुमार व रविता देवी की मृत्यु कुछ दिन पूर्व हो गई थी। मृत्यु होने के बाद परिजनों को कोई दिक्कत न हो इसके चलते अपने स्तर से मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर मृत हुए आश्रितों को घर जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र सौंप दिया। बताते चलें कि मुखिया विजय राम अपने पंचायत के लोगों के साथ सुख दुख में बराबर ही खड़े रहते हैं व सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

# विधायक गिरी के तमाम पैसे के साथ मेरे वेतन का पैसा भी जनता का है : नरेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** आज फिर मैं भगवती के पास लिए हुए संकल्प को दुहराता हूं कि विधायक गिरी के पैसा के साथ-साथ अपने वेतन के पैसे का 1 रूपया भी मेरा नहीं है। वह सारा पैसा जनता का है। इसके अलावा अपने उपार्जन का 25-30 परसेंट पैसा लगाकर मैं क्षेत्र का विकास करूंगा। इस संकल्प पर मैं आज भी अडिग हूं और अडिग रहूंगा। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने उक्त बातें सतबहिनी झरना तीर्थ में सतबहिनी भगवती सहित सभी देव शक्तियों की पूजा अर्चना कर उनके पास माथा टेकने के बाद समर्थकों की भारी भीड़ को संबोधित करते हुए कहीं। उनके स्वागत में बाजा गाजा और फूल मालाओं के साथ सैकड़ो लोग इंतजार में उपस्थित थे। लोगों ने



पूजा अर्चना करते विधायक नरेश प्रसाद सिंह

अपने लोकप्रिय एवं विकास प्रिय नेता का गर्मजोशी के साथ पुरजोर स्वागत किया। इससे पहले सतबहिनी झरना तीर्थ के गेट नंबर 2 से रिसीव करके बाजा गाजा के साथ पैदल चलते हुए लोग विधायक के साथ भगवती मंदिर पहुंचे। वहां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के सचिव ज्योतिर्विद पंडित मुरलीार मिश्र के साथ पुजारी प्रवीण पांडेय एवं नीतिश पाठक ने विधिवत विधायक से पूजा अर्चना कराई। याद रहे की भगवती के पास माथा टेक कर विजय की कामना के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने एवं चुनाव प्रचार अभियान की भी शुरुआत की गई थी।

मालूम हो कि 20 साल तक बतौर अध्यक्ष सतबहिनी को सतबहिनी झरना तीर्थ बनाते हुए शून्य से शिखर तक पहुंचाने वाले समाज सेवी नरेश प्रसाद सिंह ने इसी स्थल पर अयोध्या स्थित श्रीराम धाम विद्या कुंड के महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री प्रेम शंकर दास जी महाराज के आदेश के बाद अपने उपार्जन का 25-30 प्रतिशत जन सेवा में खर्च करने का संकल्प लिया था। जिसके तहत निजी राशि से मिशन जन कल्याण का गठन कर 10 वर्षों से विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी सात प्रखंडों में विकास एवं जन कल्याण के कार्य करते आ रहे हैं। इन्हीं कार्यों को देखकर क्षेत्र की जनता ने पहली बार बड़े नाम की जगह बड़ा काम को तरजीह देते हुए राजद प्रत्याशी के रूप में नरेश प्रसाद सिंह को प्रचंड जीत दिलाई है। मौके पर समिति के सचिव पंडित मुरलीार मिश्र, सतबहिनी के संत हरिदास जी महाराज, हरिद्वार पांडेय, डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, पूर्व मुखिया जय किशुन राम, अरुण राम, नंदकुमार राम, सुदर्शन तिवारी, उपेंद्रनाथ तिवारी, सुखदेव साह, विश्वनाथ साह, हरिनाथ चंद्रवंशी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### बेअंत हत्याकांड में राजोआना की दया याचिका पर चार सप्ताह में फैसला करे केंद्र: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 1995 में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या मामले में मौत की सजा पाए 28 वर्षों से जेल में बंद प्रतिबंधित बब्बर खालसा के सदस्य 57 वर्षीय बलवंत सिंह राजोआना की दया याचिका पर फैसला करने के लिए केंद्र सरकार को सोमवार को चार सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र सरकार के अनुरोध पर यह आदेश पारित किया। पीठ के समक्ष केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि इस मामले में कुछ संवेदनशीलता शामिल है।

### मुंबई एयरपोर्ट पर 34 करोड़ की कोकीन बरामद

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर एक विदेशी नागरिक को 34 करोड़ की कोकीन के साथ गिरफ्तार किया है। यह विदेशी नागरिक लाईबेरिया के सिएरा लियोन से मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचा था। मामले की छानबीन डीआरआई कर रही है। डीआरआई के सूत्रों के अनुसार रविवार की रात मुंबई एयरपोर्ट पर नियमित निगरानी के दौरान एक विदेश नागरिक असामान्य सा दिखा। शक के आधार पर डीआरआई टीम ने उसके ट्राली बैग की तलाशी ली तो उसमें ट्रॉली बैग के निचले डिब्बे में सफेद पाउडर वाले दो पाउच मिले। प्रयोगशाला परीक्षणों से पता चला कि यह कोकीन है। इसका कुल वजन 3496 ग्राम है। डीआरआई ने जब्त कोकीन की कीमत 34.96 करोड़ आंकी है। इसके बाद डीआरआई ने विदेशी नागरिक को गिरफ्तार कर लिया है। आगे की जांच जारी है।

### लॉरेंस-रोहित गैंग के चार डिलीवरी बॉय गिरफ्तार

**जयपुर।** संजय सर्किल थाना पुलिस ने लॉरेंस और रोहित गैंग के चार डिलीवरी बॉय को अवैध देशी हथियारों के साथ गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने चारों आरोपितों के पास से एक देशी कट्टा, एक मैगजीन और पांच जिंदा कारतूस बरामद किया हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि गैंग में जुड़ने के लिए चारों आरोपित पिछले कुछ समय से गैंग के लिए डिलीवरी का काम किया करते हैं। साथ ही सामने आया है कि गिरफ्तार बदमाशों ने जयपुर के ब्रह्मपुरी में रहने वाले व्यापारी की जानकारी रोहित गौदारा तक पहुंचाई थी। जिस के बाद रोहित गोदारा ने दो व्यापारियों को धमकी देकर रंगदारी मांगी थी। गिरफ्तार चारों बदमाशों के फोन कॉल की जांच में सामने आया है कि लॉरेंस गैंग का गुर्गा भटिंडा जेल में बंद इन चारों बदमाशों को हथियार एमपी से लाने और जयपुर में कहां पर सप्लाई करना है की जानकारी देता था। इन के मोबाइल पर यूएस से भी कुछ कॉल आने की जानकारी सामने आई हैं।

### दुष्कर्म के दोषी को फांसी होनी चाहिए: शिवराज

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महिलाओं के विरुद्ध हिंसा पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि दुष्कर्म के दोषियों को फांसी की सजा दी जानी चाहिए। श्री चौहान ने यहां लैंगिक हिंसा के ?विरुद्ध एक राष्ट्रीय अभियान, 'नई चेतना - पहल बदलाव की' के तीसरे संस्करण का शुभारंभ करने के अवसर पर आयोजित एक समारोह में कहा कि महिलाओं को हिंसा से बचाने के लिए सशक्त करना होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में इस संबंध में जागरुकता पैदा करने की आवश्यकता है। लैंगिक हिंसा खत्म करने की दिशा में सरकार के सामूहिक प्रयास के इस कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी शिरकत की। ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी और कमलेश पासवान और सचिव शैलेष कुमार भी कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री चौहान ने कहा कि मोदी सरकार महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है।

# अडानी और मणिपुर मामले पर हंगामा, लोस की कार्यवाही स्थगित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में अडानी और मणिपुर मामले पर चर्चा कराने की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण दो बार की बाधा के बाद सदन की कार्यवाही बुधवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिये स्थगित कर दी गयी। दोपहर 12 बजे सदन के पुनः समवेत होते ही विपक्षी सदस्य खड़े होकर अडानी और मणिपुर मसले को लेकर शोरशराबा करने लगे और पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने व्यवस्था बनाये रखने की अपील का असर होते न देख कार्यवाही 27 नवंबर तक के लिये स्थगित कर दी। संविधान दिवस पर मंगलवार को दोनों सदनों की विशेष बैठक होगी। आज सदन की बैठक दोबारा शुरू होने के बाद विपक्ष के शोरशराबे के बीच समाजवादी पार्टी के धर्मेन्द्र यादव यह कहते हुये सुने गये उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा को लेकर उनकी पार्टी के सांसद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। श्री यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अपनी कुर्सी बचाने के लिये पूरे प्रदेश को हिंसा की आग में झोंक रहे हैं। इसी के साथ ही शोरशराबा करते हुये विपक्षी सदस्य सदन के बीचोबीच आने लगे। पीठासीन श्रीमती राय ने विपक्षी सदस्यों से कहा कि वे हंगामा न करें और सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलने दें। शोरगुल शांत न होते देख उन्होंने विपक्ष से कहा, आप सदन की कार्यवाही चलाना नहीं चाहते। हंगामा बढ़ते देख श्रीमती राय ने सदन की कार्यवाही बुधवार (27 नवंबर) पूर्वाह्न 11 बजे तक स्थगित कर दी। इससे पहले शीतकालीन सत्र के पहले दिन आज सदन की कार्यवाही शुरू होने पर लोकसभा ने सदन के सदस्य रहे माननीयों को श्रद्धांजलि देने के बाद सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिये स्थगित कर दी गयी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन समवेत होते ही सभा को दो वर्तमान सदस्यों महाराष्ट्र के नांदेड से चव्हाण वसंतराव बलवंतराव और पश्चिम बंगाल से एस के नुरुल इस्लाम के निधन की सूचना दी। उन्होंने इसके अलावा पूर्व सदस्यों एम एम लॉरेंस, एम पार्वती और हरिश्चंद्र देवराम चव्हाण के निधन के बारे में जानकारी देते हुये शोक व्यक्त किया। उसके बाद सभी सदस्यों ने मौन रखकर दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि के बाद विपक्षी सदस्यों ने अड़ानी रिश्वत मामले को उठाने की कोशिश की तभी सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिये स्थगित कर दी गयी थी।



## बिरला का सदस्यों से उच्चतम परंपरा के पालन का आग्रह

**नयी दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोकसभा के सभी सदस्यों से सदन में बहस और संवाद की उच्चतम परंपराओं का पालन करने का आग्रह किया है। श्री बिरला ने लोकसभा की कार्यमंत्रणा समिति को आज संबोधित करते हुए सदस्यों से रचनात्मक तरीके से अपनी असहमति व्यक्त करने का आग्रह किया और कहा कि सदस्यों को विरोध के नाम पर सदन में हंगामा करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा, आज देश में संविधान लागू होने के 75 वर्षों का उल्लेख करते हुए संविधान सभा में होने वाली उच्च गुणवत्तापूर्ण बहस की गौरवशाली परंपराओं को याद किया।

मंगलवार को संविधान सदन में आयोजित संविधान दिवस समारोह के मद्देनजर उन्होंने विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्यों से सार्थक बातचीत करने का आग्रह किया।

## हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही भी दिन भर के लिए स्थगित



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने सोमवार को राज्यसभा में सभी विधायी कामकाज रोककर उद्योगपति गौतम अडानी से जुड़े कथित रिश्वत मामले पर चर्चा कराने की मांग की लेकिन सभापति ने इसे नामंजूर कर दिया जिसे लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही पहले 15 मिनट के लिए पौने बारह बजे तक और फिर दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। पन्द्रह मिनट के स्थगन के बाद पौने बारह बजे जब सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि उन्होंने हमेशा नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को उचित सम्मान दिया है लेकिन उन्हें श्री खरगे के बयान से ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि श्री खरगे ने अपने कार्यस्थगन प्रस्ताव के नोटिस में सदन का सभी विधायी कामकाज रोककर एक विषय पर चर्चा कराने की मांग की है।

## सहकारिता ने भारत में विचार से आंदोलन, आंदोलन से क्रांति और क्रांति से सशक्तिकरण का सफर तय किया है : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत में सहकारिता ने विचार से आंदोलन, आंदोलन से क्रांति और क्रांति से सशक्तिकरण तक का सफर किया है और यह भारत के लिए संस्कृति का आधार और जीवन शैली है। श्री मोदी ने सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) के वैश्विक सहकारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार सहकार से समृद्धि के मंत्र पर चल रही है। उन्होंने कहा , हम सरकार और सहकार की शक्ति को एक साथ जोड़कर भारत को विकसित बनाने में जुटे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत भविष्य के विकास में सहकारिता की बहुत बड़ी भूमिका देखते हुए सहकारी समिति को बहुद्देशीय बनाने की दिशा में बढ रहा है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर सरकार ने अलग से सहकारिता मंत्रालय बनाया है। उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र में महिलाओं की बड़ी भूमिका है। देश में अभी महिलाओं के नेतृत्व में विकास का दौर है और हम इस पर बहुत ध्यान दे रहे है। उन्होंने कहा कि भारत का मानना है कि सहकारिता से वैश्विक सहयोग को नई ऊर्जा मिल सकती है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के देशों को जिस प्रकार के विकास की जरूरत है उसमें सहकारिता मदद कर सकती है।




## युवा कांग्रेस ने अडानी पर लगे आरोपों को लेकर किया प्रदर्शन

**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** युवा कांग्रेस ने सोमवार को उद्योगपति गौतम अडानी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर प्रदर्शन किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अडानी जब तक एक हैं तब तक ही सेफ हैं। युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब के नेतृत्व में मोदी सरकार को युवा विरोधी-अडानी हितैषी करार दिया और सरकार के खिलाफ जंतर मंतर पर भारी विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में देश के विभिन्न हिस्सों से आये युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हुए। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता वरुण पांडे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि श्री चिब ने प्रर्दशनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका ने गौतम अडानी के घोटालों के खिलाफ अरेस्ट वारंट निकाला है लेकिन श्री मोदी अपने मित्र पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। उन्होंने इस मजबूरी की वजह पूछी और कहा कि श्री मोदी अपने मित्र अडानी को बचा रहे हैं क्योंकि वह जानते हैं कि मोदी और अडानी 'एक हैं तो सेफ हैं।



## पं. नेहरू ने छल से कराया था संविधान में अनुच्छेद 370 का समावेश : मेघवाल



एजेंसी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल का कहना है कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने न केवल संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई बल्कि यह भी पूरी तरह से सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि राष्ट्र की एकता और अखंडता सर्वोपरि रहे। नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब के सभागार में सोमवार को किशोर मकवाणा की पुस्तकझ विद्यार्थियों के लिए भारत का संविधान का लोकार्पण करते हुए उन्होंने यह बात कही। पत्रकार और लेखक, वर्तमान समय में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाणा ने बहुत सरल भाषा में संविधान बनने की प्रक्रिया और संविधान के महत्व को इस पुस्तक में समाहित किया है। अर्जुन राम मेघवाल ने लेखक की सराहना करते हुए कहा कि यह पुस्तक विद्यार्थियों के लिए है और मेरी नजर में हर वह व्यक्ति जीवन भर विद्यार्थी रहता है जिसमें कुछ जानने और सीखने की ललक होती है। इसलिए इस पुस्तक को हर किसी को पढ़ना चाहिए। केन्द्रीय मंत्री ने संविधान सभा की चर्चा करते हुए कहा कि डॉ. आंबेडकर ने संविधान के सभी प्रावधानों की प्रस्तावना (पायलट) रखी और बहस के बाद एक प्रकार से उपसंहार भी किया, बीच में सभी ने बहस की और अपने विचार रखे। केवल एक ही अपवाद था, वह अनुच्छेद 370 वाला था। उस दिन किसी वजह से डॉ. आंबेडकर कुछ समय के लिए संविधान सभा की बैठक में नहीं उपस्थित हो सके। उसका फायदा उठाकर जवाहर लाल नेहरू के निर्देश पर गोपाल आयंगर ने यह अनुच्छेद पायलट किया और आनन-फानन में इसे संविधान का हिस्सा बना दिया गया। यह एक प्रकार से देश के साथ किया गया एक छल था। बाबासाहेब को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने इसे बहुत आत्मघाती करार दिया और खारिज करने योग्य माना। नरेन्द्र मोदी की सरकार ने अनुच्छेद 370 को समाप्त कर एक प्रकार से बाबासाहेब आम्बेडकर के प्रति सच्चा सम्मान प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि संविधान सभा में लिबर्टी, इक्वालिटी और फैटरनिटी (स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व) को लेकर बहुत चर्चा हुई। इसमें से पहले किसका प्रावधान हो, इसको

## बांग्लादेश में गिरफ्तार हुए इस्कॉन के कृष्ण दास प्रभु, हिंदुओं के समर्थन में की थी रैली

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश की यूनुस सरकार ने इस्कॉन के कृष्ण दास ब्रह्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक कृष्ण दास को ढाका एयरपोर्ट से हिरासत में लिया गया। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों पर मुखर होकर अपनी बात रखने वाले कृष्ण दास प्रभु के खिलाफ हाल ही में देशद्रोह का केस दर्ज किया गया था। स्थानीय मीडिया आउटलेट्स के मुताबिक सोमवार को बांग्लादेश छोड़ने की कोशिश कर रहे कृष्ण दास प्रभु को एयरपोर्ट पर ही रोक दिया गया और बाद में हिरासत में लिया। हालांकि उनकी गिरफ्तारी को लेकर किसी तरह की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बांग्लादेश में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद से ही हिंदुओं और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की खबरें आना शुरू हो गई थी। इस्कॉन के कृष्ण दास ब्रह्मचारी शुरूआत से ही इन घटनाओं के मुखर विरोधी रहे। वह इन घटनाओं के लिए लगातार यूनुस सरकार की आलोचना करते रहे। पिछले महीने एक रैली के दौरान यूनुस सरकार पर निशाना साधते हुए ब्रह्मचारी ने कहा था कि अगर कट्टरपंथी चाहते हैं कि वह हमें इस देश से निकालकर शांति से रह सकते हैं। तो वह गलतफहमी में जी रहे हैं। हिन्दुओं और अल्पसंख्यकों को यहां से निकाल दिए जाने के बाद यह देश अफगानिस्तान या सीरिया बन जाएगा। यहां कोई लोकतांत्रिक ताकत नहीं बचेगी। हमारा प्यारा देश बांग्लादेश इस्लामिक कट्टरवाद और सांप्रदायिकता का घर बन जाएगा।



## सामाजिक न्याय के लिए जाति आधारित गणना करना जरूरी : सत्यपाल मलिक



**नयी दिल्ली।** पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने कहा है कि जातिगत जनगणना सिर्फ आंकड़ों का विषय नहीं है, यह सामाजिक न्याय का आधार है। श्री मलिक ने सोमवार को यहां एक संवाद में कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी)और अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदायों को आज भी उनकी आबादी के हिसाब से संसाधन और अधिकार नहीं मिल रहे हैं। शिक्षा और रोजगार में पिछड़ों और दलितों की स्थिति दयनीय है। सरकार की योजनाओं और आरक्षण की समीक्षा तभी हो सकती है, जब सही आंकड़े सरकारी तंत्र के पास हों। ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय नेताओं प्रमुख नेताओं की समिति के सदस्य धर्मेंद्र सिंह कुशवाह ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, जातिगत जनगणना से यह स्पष्ट होगा कि देश के वंचित वर्गों को उनकी आबादी के अनुपात में अधिकार मिले हैं या नहीं। यह सामाजिक असमानता और भेदभाव को उजागर करने का माध्यम बनेगी। ओबीसी महासभा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीर सिंह बघेल ने कहा, जब तक समाज में सही प्रतिनिधित्व नहीं होगा, तब तक विकास और समानता का सपना अधूरा रहेगा। जनगणना के आंकड़े नीति निर्माण में मील का पत्थर साबित होंगे। ओबीसी महासभा ने जातिगत जनगणना की अनिवार्यता को लेकर एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें देशभर के प्रमुख सामाजिक और राजनीतिक हस्तियों ने भाग लिया।

## मल्लिका शेरावत का बॉयफ्रेंड से हुआ ब्रेकअप

मल्लिका शेरावत ने लंबे समय बाद फिल्म इंडस्ट्री में वापसी की है। हाल ही में वह फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में नजर आई थीं। वह राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की फिल्म में भी मुख्य भूमिका निभा रही थीं। मल्लिका को हमेशा एक बोल्ड एक्ट्रेस के तौर पर देखा जाता था। इमरान हाशमी के साथ उनके इंटिमेट सीन काफी चर्चा में रहे थे लेकिन मल्लिका कास्टिंग काउच और गुटबाजी से तंग आकर विदेश में बस गईं। वहां वह एक फ्रेंच लड़के को डेट कर रही थीं लेकिन अब ये बात सामने आई है कि उनका ब्रेकअप हो गया है।

हाल ही में एक इंटरव्यू में ने उन्होंने अपनी लव लाइफ के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, हां, यह सच है। मेरा ब्रेकअप हो गया है। मैं और सिरिल ऑक्सेनफेंस काफी समय तक साथ थे लेकिन अब हम अलग हो गए हैं। इन दिनों एक उपयुक्त व्यक्ति ढूंढना बहुत मुश्किल है। इसके बारे में मैं ज्यादा बात नहीं कर सकती। शादी के बारे में मल्लिका ने कहा, मैं न तो शादी के पक्ष में हूं और न ही इसके खिलाफ हूं। मैं इसके बारे में सोचती भी नहीं हूं।






# महाराष्ट्र में भाजपा की प्रचंड जीत से झूमा बाजार

एजेंसी



**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाले महायुति गठबंधन की प्रचंड जीत से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन झूम उठा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 992.74 अंक अर्थात 1.25 प्रतिशत की तेजी के साथ ढाई सप्ताह बाद 80 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 80,109.85 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 314.65 अंक यानी 1.32 प्रतिशत मजबूत होकर 24 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 24,221.90 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.61 प्रतिशत की छलांग लगाकर 45,753.55 अंक और स्मॉलकैप 1.86 प्रतिशत चढ़कर 53,589.30 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4214 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2699 में तेजी जबकि 1350 में गिरावट रही वहीं 165 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 43 कंपनियों में लिवाली जबकि अन्य सात में बिकवाली हुई। बीएसई के सभी 21 समूहों में तेजी का रुख रहा। इससे इंडस्ट्रियल्स 3.29, कैपिटल गुड्स 3.27, तेल एवं गैस 3.26, कमोडिटीज 0.97, सीडी 1.05, ऊर्जा 2.56, एफएमसीजी 1.00, वित्तीय सेवाएं 1.89, हेल्थकेयर 0.97, आईटी 0.66, दूरसंचार 1.52, ऑटो 0.81, बैंकिंग 2.06, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.00, पावर 1.04, रियल्टी 2.22, टेक 0.55, सर्विसेज 1.68 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.58 प्रतिशत उछाल गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिश्रित रुझान रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.33, जर्मनी का डैक्स 0.44 और जापान का निक्केई 1.30 प्रतिशत चढ़ गया जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 0.41 और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.11 प्रतिशत की गिरावट रही।